आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 32°C | 26°C |

इनसाइड न्यूज

माँ हॉस्पिटल का काला सच मौत के मुहाने पर मरीज...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

गुरुवार 04 सितंबर, 2025 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 16, अंक: 318

www.janexpresslive.com/epaper



फडणवीस सरकार ने ओबीसी मुद्दे पर... 12

# पीएम मोदी के दिवाली गिफ्ट पर सबकी नजर!

## जीएसटी काउंसिल की मीटिंग: 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत स्लैब को मंजूरी मिल सकती है, एसी-टीवी और फ्रिज समेत 175 चीजें सस्ती होंगी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

जीएसटी काउंसिल की 56वीं मीटिंग बुधवार से नई दिल्ली में शुरू हुई। इस दो दिन की मीटिंग में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में गुड्स एंड सर्विस टैक्स यानी जीएसटी दरों के प्रस्तावों और सुधारों पर चर्चा जारी है। केंद्र सरकार टैक्स के मौजूदा स्ट्रक्चर को सरल करने के लिए दो स्लैब 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत लागू करने का प्रस्ताव ला रही है। वहीं, लग्जरी आइटम्स 40 प्रतिशत के दायरे में आएंगे। अभी जीएसटी के 4 स्लैब- 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत, और 28 प्रतिशत हैं। 4 सितंबर को यह मीटिंग खत्म होगी। इसके बाद मीटिंग में लिए गए फैसलों का ऐलान किया जा सकता है।



### जीएसटी में प्रस्तावित सुधार तीन स्तंभों पर आधारित

परिषद के समक्ष प्रस्तुत केंद्र का जीएसटी सुधार प्रस्ताव तीन स्तंभों पर आधारित है, संरचनात्मक सुधार, दरों का युक्तिकरण और जीवन को आसान बनाना। संरचनात्मक सुधार, उद्योग जगत में विश्वास पैदा करने और बेहतर व्यावसायिक योजना बनाने में सहायता के लिए दरों और नीति निर्देशों पर दीर्घकालिक स्पष्टता प्रदान करके स्थिरता सुनिश्चित करेंगे। जीवन को आसान बनाने से जुड़े वित्त मंत्रालय के प्रस्ताव में विशेष रूप से छोटे व्यवसायों और स्टार्टअप्स के लिए निर्बाध, तकनीक-आधारित जीएसटी पंजीकरण शामिल है। इसमें निर्यातकों और उल्टे शुल्क ढांचे वाले लोगों के लिए पहले से भरे हुए जीएसटी रिटर्न और रिफंड की तेज, स्वचालित प्रक्रिया को लागू करने का भी सुझाव दिया गया है।

### जीएसटी कटौती का फायदा जनता को मिले, कंपनियों को नहीं

सूत्रों के मुताबिक, जीएसटी काउंसिल की मीटिंग में विपक्षी राज्यों ने केंद्र से राजस्व की सुरक्षा और उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा की मांग की है। विपक्षी राज्यों का कहना है कि कंपनियों को कम टैक्स का फायदा उठाकर मुनाफाखोरी नहीं करने देना चाहिए। टैक्स में कटौती का पूरा लाभ सीधे ग्राहकों की जेब तक पहुंचना चाहिए। साथ ही, वे चाहते हैं कि नए टैक्स स्लैब से राज्यों को होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए एक साफ-सुथरी मुआवजा योजना बनाई जाए। कुछ बीजेपी शासित राज्यों ने भी इस बदलाव से राजस्व घाटे की चिंता जाहिर की है।

### 175 आइटम्स पर जीएसटी दरों में कटौती संभव

मनीकंट्रोल की रिपोर्ट के मुताबिक, आधिकारिक सूत्रों ने बताया है कि करीब 175 आइटम्स पर जीएसटी दरों में कटौती हो सकती है। जिनमें फूड इंग्रेडिएंट्स, बादाम, स्नैक्स, रेडी-टू-ईट आइटम, जैम, घी, मक्खन, अचार, मुरब्बा, चटनी, ऑटोमोबाइल, ट्रैक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स, एसी और रेफ्रिजरेटर आदि चीजें शामिल हैं। सूत्रों का कहना है कि अगर ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स के रेट कटौती प्रस्?ताव को जीएसटी काउंसिल स्वीकार कर लेती है, तो सभी आइटम्स पर एवरेज जीएसटी रेट घटकर 10 प्रतिशत से नीचे आ जाएगी, जो अभी लगभग 11.5 प्रतिशत है।

### नई टैक्स दरें 22 सितंबर से लागू हो सकती हैं

केंद्र सरकार जीएसटी की नई दरें 22 सितंबर से लागू कर सकती है। सरकार का मकसद नवरात्रि और फेस्टिव सीजन में कई सेक्टरों में डिमांड और सेल्स को बढ़ावा देना है। वहीं सीएनबीसी की रिपोर्ट में बताया गया था कि सरकार जीएसटी काउंसिल से दरों में बदलावों को तत्काल प्रभाव से मंजूरी देने की अपील कर रही है। दरअसल, सरकार कई प्रमुख सेक्टरों में बिक्री की रफ्तार धीमी होने की आशंका से चिंतित है। इसके लिए वह राज्यों के रेवेन्यू लॉस से जुड़ी चिंताओं को दूर करने पर भी काम कर रही है।

### नई दरों से कंज्यूमर गुड्स की कीमतें घटने की संभावना

नई जीएसटी दरों से कंज्यूमर गुड्स की कीमतों में कमी आने की संभावना है। जिससे त्योहारी सीजन में खरीदारी को बढ़ावा मिल सकता है। हालांकि, राज्यों को राजस्व में कमी की चिंता है, जिसे केंद्र सरकार कई उपायों से हल करने की कोशिश कर रही है। जीएसटी काउंसिल की मीटिंग में इस प्रस्ताव पर अंतिम मुहर लगने की उम्मीद है। जिसके बाद देश में एक सिंपल एंड कंज्यूमर फ्रेंडली टैक्स सिस्टम लागू हो सकता है। जीएसटी से जुड़े मामलों में आखिरी फैसला जीएसटी काउंसिल ही लेती है। काउंसिल में मेंबर के तौर पर सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के वित्त मंत्री शामिल हैं।

### ये सामान सस्ते होंगे: इन पर टैक्स 12 प्रतिशत से 5 प्रतिशत होगा

एक्सपर्ट के मुताबिक, सूखे मेवे, ब्रांडेड नमकीन, टूथ पाउडर, टूथपेस्ट, साबुन, हेयर ऑयल, सामान्य एंटीबायोटिक्स, पेनकिलर दवाएं, प्रोसेस्ड फूड, स्नैक्स, फोजन सब्जियां, कंडेंस्ड मिल्क, कुछ मोबाइल, कुछ कंप्यूटर, सिलाई मशीन, प्रेशर कुकर, गीजर जैसी चीजें सस्ती होंगी। इनके अलावा बिना बिजली वाले पानी के फिल्टर, इलेक्ट्रिक आयरन, वैक्यूम क्लीनर, 1000 रुपए से ज्यादा के रेडीमेड कपड़े, 500-1000 रुपए की रेंज वाले जूते, ज्यादातर वैक्सीन, एचआईवी/टीबी डायग्नोस्टिक किट, साइकिल, बर्तन पर भी कम टैक्स लगेगा। ज्योमेट्री बॉक्स, नक्शे, ग्लोब, ग्लेज्ड टाइल्स, प्री-फैब्रिकेटेड बिल्डिंग, वेंडिंग मशीन, पब्लिक ट्रांसपोर्ट वाहन, कृषि मशीनरी, सोलर वॉटर हीटर जैसे प्रोडक्ट भी 12 प्रतिशत के टैक्स स्लैब में आते हैं। दो स्लैब की मंजूरी के बाद इन पर 5 प्रतिशत टैक्स लगेगा।

### एलपीजी वितरकों ने पाइप होज पर जीएसटी दर 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करने की मांग की

अखिल भारतीय एलपीजी वितरक महासंघ ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से एलपीजी सुरक्षा होसेस (एलपीजी पाइप) पर माल और सेवा कर (जीएसटी) को 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करने की अपील की है। फेडरेशन ने केंद्रीय मंत्री को लिखे पत्र में इस बात पर जोर दिया था कि एलपीजी सुरक्षा नली कोई लक्जरी उत्पाद नहीं है, बल्कि सिलेंडर से स्टोव तक गैस को सुरक्षित रूप से पहुंचाने के लिए एक अनिवार्य सुरक्षा घटक है। पत्र में कहा गया है, चूंकि एलपीजी पहले से ही आवश्यक वस्तुओं में शामिल है और लाखों परिवारों को सब्सिडी योजनाओं के तहत वितरित की जाती है, इसलिए सुरक्षा उपकरण पर इतना अधिक जीएसटी लगाना सरकार के उज्ज्वला से सुरक्षा卐 के दृष्टिकोण के विपरीत है।

# हरिद्वार कुंभ 2027 के लिए पुष्कर धामी ने कसी कमर



- घाट निर्माण से लेकर यातायात तक हर पहलू पर निर्देश, अक्टूबर 2026 तक सभी स्थायी कार्य पूरे करने के आदेश
- जीरो वेस्ट कुंभ, महिलाओं के लिए विशेष सुविधाएं, श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम के निर्देश
- भव्य और दिव्य कुंभ राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

जन एक्सप्रेस। देहरादून/हरिद्वार

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार कुंभ मेला 2027 की तैयारियों को लेकर सचिवालय में एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि ÷कुंभ का आयोजन केवल धार्मिक या सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि उत्तराखंड की प्रतिष्ठा का विषय है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को अक्टूबर 2026 तक स्थायी कार्य पूर्ण करने की सख्त डेडलाइन दी और निर्देश दिया कि कार्य मास्टर प्लान और विस्तारित मेला क्षेत्र के अनुसार चरणबद्ध तरीके से पूरे किए जाएं।

### निर्माण, भूमि अधिग्रहण और मास्टर प्लान पर विशेष ज़ोर

मुख्यमंत्री ने कहा कि मास्टर प्लान में सभी सेक्टर, मार्ग, पार्किंग, घाट व शिविर स्थलों को स्पष्ट रूप से चिन्हित किया जाए। जहां आवश्यक हो, वहां भूमि अधिग्रहण और अस्थायी उपयोग की योजना बनाई जाए। नए घाटों का निर्माण, कांगड़ा घाट का विस्तार और मौजूदा घाटों की मरम्मत प्राथमिकता में रहेंगी। सड़कों पर अतिक्रमण हटाने के निर्देश भी दिए गए।

### यातायात, पार्किंग और बाईपास पर तेजी से काम

सीएम धामी ने कहा कि बहादराबाद-श्यामपुर बाईपास निर्माण में तेजी लाई जाए। श्यामपुर, गैंडीखाता और चंडीघाट क्षेत्र में विशेष टेंट ज़ोन तैयार किया जाए। भीड़ प्रबंधन के लिए ट्रैफिक डायवर्जन योजना, दूरस्थ पार्किंग और शटल सेवा की व्यवस्था पर काम हो। मंसा देवी और चंडी देवी के पैदल मार्गों को भी सुदृढ़ किया जाए।

### कुंभ को बनाया जाएगा 'जीरो वेस्ट'

मुख्यमंत्री ने हरिद्वार कुंभ को स्वच्छता और पर्यावरण के मानकों पर भी श्रेष्ठ बनाने की बात कही। इसके लिए कुंभ क्षेत्र में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, डस्टबिन, रीसाइक्लिंग सिस्टम और मोबाइल टॉयलेट्स की व्यापक व्यवस्था के निर्देश। महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट्स और चेंजिंग रूम की पर्याप्त संख्या में व्यवस्था सुनिश्चित करने पर ज़ोर। हरकी पैड़ी और अन्य प्रमुख घाटों पर 24 घंटे सफाई की व्यवस्था हो।

### श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर घाट पर लाइफगार्ड, सुरक्षा रस्सी, मोटर बोट की उपलब्धता सुनिश्चित हो। यात्री सूचना केंद्र, मोबाइल ऐप, हेल्पलाइन और डिजिटल डिस्प्ले की मदद से रियल टाइम सूचना दी जाए। सभी कर्मियों को संवेदनशील व्यवहार व यात्री सेवा का प्रशिक्षण दिया जाए।

### स्वास्थ्य, आपातकाल और आईटी सेवाओं का विशेष उपयोग

कुंभ क्षेत्र में अस्थायी अस्पताल, एम्बुलेंस, मोबाइल मेडिकल यूनिट्स और फर्स्ट एड पॉइंट्स स्थापित किए जाएं। आईटी और डिजिटल सेवाओं के अधिकतम उपयोग पर जोर दिया गया, जिससे भीड़ नियंत्रण और सूचना संप्रेषण सुचारू हो।

### हर 15 दिन में होगी तैयारी की समीक्षा

मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को आदेश दिया कि हर 15 दिन में कुंभ की तैयारियों की निरंतर समीक्षा की जाए, ताकि निर्धारित समय पर सभी कार्य पूर्ण हों।

### इन प्रमुखों की उपस्थिति रही उल्लेखनीय

इस बैठक में राज्य के कई मंत्री, विधायक और शीर्ष प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख हैं **विधायक** मदन कौशिक, प्रेमचंद अग्रवाल, आदेश चौहान, रेनू बिष्ट, रवि बहादुर, अनुपमा रावत **अधिकारी** मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, डीजीपी दीपक सेठ, प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, मेलाधिकारी सोनिका, आईजी गढ़वाल राजीव स्वरूप, गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडे (वर्चुअल माध्यम से) सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी।

### विश्वस्तरीय आयोजन के रूप में भी अपनी पहचान बनाएगा

उत्तराखंड सरकार 2027 के कुंभ को भव्य, दिव्य और व्यवस्थित बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हुई यह बैठक भविष्य की उस कुंभ छवि को रेखांकित करती है, जो ना केवल धार्मिक आस्था का पर्व होगा, बल्कि विश्वस्तरीय आयोजन के रूप में भी अपनी पहचान बनाएगा।

# स्मार्ट प्रीपेड मीटर बना महाघोटाला

## करोड़ों का चूना, एफआईआर से मचा हड़कंप

जन एक्सप्रेस। राज्य मुख्यालय

उत्तर प्रदेश में बिजली सुधार के नाम पर लगाए जा रहे स्मार्ट प्रीपेड मीटर अब घोटाले की नई इबारत लिख रहे हैं। करोड़ों की लागत से लगे ये मीटर उपभोक्ताओं को लाभ देने की बजाय बिजली विभाग को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। पूरे प्रदेश में निजी कंपनियां मनमानी पर उतर आई हैं और बिजली विभाग की आंखों में धूल झोंक रही हैं। सबसे बड़ा मामला सामने आया है सीतापुर और गोंडा जनपद से, जहां पोलरिस स्मार्ट प्रीपेड मीटर कंपनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। आरोप है कि कंपनी ने पुराने मीटर उतारकर नए मीटर तो लगा दिए, लेकिन पुराने मीटर की रीडिंग को शून्य दिखा दिया। इसके चलते लाखों का बिजली बिल डकार लिया गया और विभाग को करोड़ों का चूना लग गया।

### 5200 करोड़ का टेंडर, रीडिंग शून्य

मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड ने पोलरिस कंपनी को लगभग 5200 करोड़ का ठेका दिया। टेंडर मिलने के बाद कंपनी ने तेजी से मीटर बदलने का काम शुरू किया, लेकिन मीटर बदलने की प्रक्रिया में भारी गड़बड़ी उजागर हुई। पुराने मीटरों की रीडिंग, सीलिंग सर्टिफिकेट और हैंडओवर रिपोर्ट तक विभाग को नहीं सौंपी गई। सीतापुर में 443 पुराने मीटर बिजली विभाग के रिकॉर्ड में अब तक उपलब्ध नहीं कराए गए, जिससे सैकड़ों उपभोक्ताओं को छह-छह महीने से बिजली बिल ही नहीं मिल पाया। यही हाल गोंडा जनपद का है, जहां 2645 और एक अन्य मामले में 1625 मीटर वापस नहीं किए गए। मुख्य अभियंता ने कंपनी को कई बार नोटिस भेजा, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। अंततः एफआईआर दर्ज कराने के आदेश दिए गए।



### अधिकारियों की चुप्पी बनी सवाल

प्रदेश भर में बिजली कंपनियों ने स्मार्ट मीटर लगाने के लिए 27,342 करोड़ का ठेका विभिन्न निजी कंपनियों को दिया है। लेकिन मीटर लगाने की इस जल्दबाजी में नियम कायदों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। उपभोक्ताओं को न बिल मिल रहा, न ही उनके पुराने भुगतान का हिसाब। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष और राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा, 卐आज भी हजारों उपभोक्ताओं के पुराने मीटरों में रीडिंग दर्ज है। यदि उसे शून्य करके मीटर बदले जा रहे हैं, तो यह सीधा करोड़ों का नुकसान है। ये घोटाला पूरे प्रदेश में चल रहा है और विभाग के उच्च अधिकारी चुप हैं। उद्योगपतियों ने उनका मुंह बंद कर दिया है।

### ऊंचे रेट पर दिए गए टेंडर

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर के टेंडर ?8500 करोड़ की ऊंची दरों पर दिए गए, लेकिन न तकनीकी निगरानी हुई और न पारदर्शिता। पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन दावा कर रहा है कि स्मार्ट मीटर से उपभोक्ताओं को फायदा होगा, लेकिन जमीनी हकीकत इसके उलट है।

### क्या है आगे की राह?

अगर समय रहते सरकार और बिजली विभाग ने संज्ञान नहीं लिया, तो आने वाले समय में बिजली कंपनियों की वित्तीय हालत और भी बदतर हो जाएगी। स्मार्ट मीटर लगाने की यह जल्दबाजी और लापरवाही उत्तर प्रदेश में बिजली व्यवस्था को चौपट कर सकती है।

# बारिश से शामली में सात मकान गिरे, मलबे में महिला समेत दो दबे, दो पशुओं की मौत, जलभराव से मुसीबत



जन एक्सप्रेस। शामली

जिले में लगातार तीसरे दिन भी बारिश चलने से जनजीवन अस्त व्यस्त रहा। लोगों को जलभराव की समस्या का सामना करना पड़ा। झिंझाना और ऊन क्षेत्र में सात लोगों के मकान गिर गए। मलबे में दबकर महिला समेत दो लोग घायल हुए। रात से लेकर शाम चार बजे तक जिले में 123 एमएम बारिश रिकार्ड की गई। जिले का अधिकतम तापमान 29 और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रहा। जिले में मंगलवार रात को कभी हल्की तो कभी तेज बारिश चलती रही। सुबह दस बजे बारिश थमने से लोगों को थोड़ी राहत मिली, लेकिन बादल छाये रहे। दोपहर दो बजे से फिर से झमाझम बारिश शुरू हो गई। दो घंटे तक बारिश होने से जलभराव की स्थिति बन गई, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी हुई। देर शाम तक आसमान में बादल छाये रहे, रात में तेज बारिश होने की उम्मीद है। पूर्वी यमुना नहर लोअर खंड के सहायक अमरजीत ने बताया कि रात में 103 एमएम, जबकि दिन में शाम चार बजे तक 20 एमएम बारिश हुई। इस तरह से रात से लेकर शाम तक 123 एमएम बारिश रिकार्ड की गई। मौसम वैज्ञानिक प्रोफेसर यूपी शाही ने बताया कि पिछले 15-20 साल में इस सीजन में बारिश के दिनों की संख्या ज्यादा है। ज्यादा दिनों में बारिश होने से फसलों को लाभ मिलता है। अभी मौसम खुलने के आसार कम हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अधिकतर जिलों में बादल छाये रहने और बारिश होने के आसार हैं। चौसाना क्षेत्र के गढ़ी हसनपुर में सोनी का कच्चा मकान भरभराकर गिर गया। गनीमत रही कि परिवार के सभी सदस्य समय रहते बाहर निकल आए, जिससे हादसा होने से बच गया। जिजौला गांव में अंजना के कच्चे मकान की दीवार गिर गई, जिसमें सामान दब गया। वर्ष 2019 में पति शौकीन की मृत्यु के बाद से मजदूरी कर पांच बच्चों का पालन पोषण कर रही है। भड़ी कोरियन गांव में जल निकासी की व्यवस्था न होने से गांव में दो फीट तक पानी भर गया। स्कूलों के कमरे तक पानी में डूब गए। बारिश में सुनील का कच्चा मकान देर रात गिर गया। उस समय उसकी पत्नी पार्वती सो रही थी। छत का मलबा गिरने से वह मामूली घायल हो गई। सनोज का कच्चा मकान भी बरसात में गिर गया।

### बारिश से मकान की छत गिरी, हादसा होने से बचा

गांव रज्जाक नगर में बारिश के दौरान सुनील के मकान की छत का हिस्सा अचानक गिर गया। संयोग से घटना के समय परिवार के सभी सदस्य घर से बाहर थे, जिसके कारण किसी प्रकार की जान-माल की क्षति होने से बच गई। सुनील कुमार ने बताया कि घर में रखा खाने-पीने का सामान, कपड़े, बर्तन एवं अन्य घरेलू सामग्री मलबे के नीचे दब गई। उन्होंने जिला प्रशासन एवं राज्य सरकार से तत्काल सहायता उपलब्ध कराने की गुहार लगाई है। ग्राम प्रधान सोरज कश्यप ने बताया कि मामले की सूचना अधिकारियों को दी गई है।

### बारिश में बिजली आपूर्ति बाधित

शामली में लगातार बारिश से बिजली आपूर्ति भी बाधित रही। रात में शहर, कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों में कई बार विद्युत आपूर्ति बंद रही। बुधवार को दिन में भी कई बार आपूर्ति बाधित रही। बार-बार बिजली आपूर्ति बाधित रहने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ी।

### मकान गिरने से दो पशुओं की मौत

गढ़ीपुख्ता क्षेत्र के गांव गढ़ी अब्दुल्ला खां में मंगलवार देर रात मकान की छत गिरने से मांगेराम के दो पशुओं की मौत हो गई। मांगेराम की मां सितारी ने बताया कि वह पशुओं को चारा डालने के लिए चारपाई से उठ रही थी, तभी मकान की छत भरभराकर गिर गई। परिवार ने जिलाधिकारी से आर्थिक मदद की गुहार लगाई है।

# बदायूं में बड़ा हादसा: पानी भरी खंती में पलटी निजी बस, महिला की मौत, 12 यात्री घायल

जन एक्सप्रेस। बदायूं

जिले के दातागंज कोतवाली क्षेत्र में डहरपुर गांव के पास बुधवार दोपहर बड़ा हादसा हो गया। तेज रफ्तार निजी बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पानी भरी खंती में पलट गई। हादसा होते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई। हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि 12 यात्री घायल हुए हैं। मृतका की पहचान अभी नहीं हो सकी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, निजी बस दातागंज से बदायूं की ओर जा रही थी। डहरपुर गांव के पास बस अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे खंती में पलट गई। खंती में पानी भरा होने से यात्री फंस गए। चीख-पुकार मचने पर आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। राहगीर भी रुक गए। लोगों ने काफी मशक्कत के बाद लोगों को बस से बाहर निकाला।



### तेज रफ्तार बनी हादसे की वजह

कुछ ही देर में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंच गए और बचाव कार्य तेज किया गया। घायलों को एंबुलेंस से नजदीकी अस्पताल भेजा गया है। जहां एक महिला को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस मृतका की पहचान कराने का प्रयास कर रही है। हादसे की वजह तेज रफ्तार बताई जा रही है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

# राहुल गांधी पर एफआईआर दर्ज करने के आदेश पर फैसला सुरक्षित

## विशेष अदालत के आदेश पर कोर्ट ने लगाई अंतरिम रोक

जन एक्सप्रेस। प्रयागराज

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी की पुनरीक्षण याचिका पर बुधवार को सुनवाई पूरी कर आदेश सुरक्षित रख लिया। अंतिम फैसला आने तक वाराणसी को विशेष अदालत का फैसला स्थगित रहेगा। यह आदेश न्यायमूर्ति समीर जैन की अदालत ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की पुनरीक्षण याचिका पर दिया है। मामला राहुल गांधी के अमेरिका में दिए गए एक बयान से जुड़ा है, जिस पर वाराणसी के नागेश्वर मिश्रा ने आपत्ति उठाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग की थी। दरअसल, वाराणसी के न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने 28 नवंबर 2024 को यह कहते हुए एफआईआर दर्ज करने की मांग वाली अर्जी खारिज कर दी थी कि भाषण अमेरिका में दिया गया था, इसलिए मामला उसके अधिकार क्षेत्र से बाहर है। लेकिन, सत्र/पुनरीक्षण अदालत ने 21 जुलाई 2025 को इस आदेश को पलटते हुए मजिस्ट्रेट कोर्ट को पुनः सुनवाई करने का निर्देश दिया। इसी आदेश को राहुल गांधी ने हाईकोर्ट में चुनौती दी। बुधवार को हाईकोर्ट में करीब तीन घंटे तक दोनों पक्षों की ओर से जोरदार बहस हुई। राहुल गांधी की ओर से दलील दी गई कि वाराणसी अदालत का आदेश न केवल गलत है बल्कि अधिकार क्षेत्र से बाहर भी है। वहीं, शिकायतकर्ता नागेश्वर मिश्रा कहा कि गांधी का बयान भड़काऊ और विभाजनकारी था।

# पारदर्शिता के साथ चकबंदी प्रक्रिया को प्रदान करें गति : डीएम

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



जनपद के चकबन्दी प्रक्रियाधीन ग्रामों की समीक्षा बैठक बुधवार को आयोजित की गई। जिसमें जिलाधिकारी ने चकबंदी कार्यों की समीक्षा करते हुए सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने चकबन्दी के एक से नौ प्रारूपों पर प्रगति की समीक्षा की। बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी ने बताया कि जनपद में जोत चकबन्दी अधिनियम की धारा सात (भूचित्र पुनरीक्षण) के अंतर्गत आठ ग्रामों में कार्य किया जा रहा है, ग्राम औदहा व दरसेड़ा में जन विरोध के कारण अभी तक कार्य शुरू नहीं हुआ है। इसी प्रकार धारा आठ (पड़ताल के स्तर) पर कुल 13 ग्राम है, जिसमें नौ ग्रामों में पड़ताल का कार्य चल रहा है, शेष ग्रामों के चकबन्दीकर्ता अन्य ग्राम में लगे होने के कारण पड़ताल कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ है। धारा नौ के अन्तर्गत ग्राम गढ़वारा में सहायक चकबन्दी अधिकारी द्वारा विनिमय अनुपात का निर्धारण किया जा रहा है, परन्तु ग्राम में जनविरोध के कारण कार्य बाधित है। धारा 20 के अन्तर्गत नौ ग्रामों में से तीन ग्रामों में कार्य प्रारम्भ है।

धारा 52 में लक्षित ग्राम ऐंचवारा, मिर्जापुर, डुडौली तथा देहरुच में वर्तमान समय जमाबंदी तैयार की जा रही है। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित चकबन्दी अधिकारी व सहायक चकबन्दी अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभिन्न धाराओं में लक्षित ग्रामों का कार्य ससमय पूर्ण कराएं। चकबन्दी न्यायालयों में विचाराधीन मुकदमों की समीक्षा में पाया पांच वर्ष से अधिक अवधि के मुकदमें विचाराधीन नहीं है। डीएम ने कहा कि चकबंदी कार्यों की समीक्षा बैठक में ग्रामीण क्षेत्र के किसानों को भी बुलाए। उन्होंने जनसुनवाई के प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण राने के निर्देश दिए।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक अरुण कुमार, बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी मनोहर लाल वर्धन, चकबंदी अधिकारी संजय शुक्ला, शरदचंद्र यादव, धीरेन्द्र शुक्ला सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## विभागीय सह पर गायब किए जा रहे जंगलों के हरे वृक्ष

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

समाजसेवी कुलदीप पाण्डेय एवं राधावल्लभ सिंह ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा है कि वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों की सह पर बड़े पैमान पर अवैध कटान हो रही है। पाठा क्षेत्र के जंगली इलाकों में मानिकपुर से बरगढ़ तक यदि वृक्षों की गिनती कराई जाए, तो जिम्मेदार अधिकारियों की कलई खुल सकती है। आरोप लगाया कि हर माह सैकड़ों पेड़ गायब हो जाते है। बरगढ़ क्षेत्र के रेंजर राजेन्द्र नेगी पर पहले भी अवैध वन कटान के मामले में आरोप लग चुके है। इसी प्रकार मानिपकुर क्षेत्र के एक विद्यालय परिसर में काटे गए हरे पेड़ों के मामले की शिकायत होने पर विभागीय अधिकारियों ने पेड़ काटने वालों को सूचित कर दिया था। इसके चलते विद्यालय परिसर में अवैध कटान के बाद रखी गई लकड़ी का स्थान परिवर्तित करा दिया गया था।

# जसपुरा थाना पुलिस ने अपहृत युवक को 24 घंटे में सकुशल बरामद किया, अपहर्ता गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । बांदा**




पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज व क्षेत्राधिकारी सदर राजवीर सिंह गौर के निकट पर्यवेक्षण में दिनांक 3 सितम्बर को थाना जसपुरा पुलिस द्वारा युवक का अपहरण करने वाले तीन शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए युवक को सकुशल बरामद कर लिया गया।

गौरतलब हो कि थाना जसपुरा क्षेत्र के ग्राम गौरीकला के रहने वाले शिवशंकर पाल ने दिनांक 3 सितम्बर को अपने 20 वर्षीय पुत्र के दिनांक 2 सितंबर की शाम ग्राम में आयोजित मेले में आपसी विवाद के दौरान भानू यादव ने अपने साथियों के साथ मिलकर पुत्र का अपहरण करने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया था।जिस पर थाना जसपुरा पर तत्काल अभियोग पंजीकृत करते हुए युवक की सकुशल बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे।जिसके क्रम में दिनांक 3 सितम्बर को थाना जसपुरा पुलिस द्वारा अपहृत युवक को 24 घण्टों के भीतर सकुशल बरामद करते हुए घटना में शामिल तीन शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया जबकि घटना में शामिल 01 अभियुक्त अभी भी फरार है जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

बरामदगी-1 कार (घटना में प्रयुक्त)।

गिरफ्तार अभियुक्त-निर्भय तिवारी पुत्र राममूरत तिवारी निवासी कस्बा सुमेरपुर थाना सुमेरपुर जनपद हमीरपुर,अजय तिवारी पुत्र राममूरत तिवारी निवासी कस्बा सुमेरपुर थाना सुमेरपुर जनपद हमीरपुर,सिद्धार्थ सिंह उर्फ बजरंगी पुत्र सहदेव निवासी कस्बा जसपुरा थाना जसपुरा जनपद।

फरार/वांछित अभियुक्त-भानू यादव पुत्र कमल यादव निवासी ग्राम बहुण्डरी थाना जसपुरा।

गिरफ्तार करने वाली टीम-थाना प्रभारी जसपुरा अनिल कुमार, उ0नि0 दिलीप कुमार यादव, उ0नि0प्रवेश कुमार, उ0नि0आकाश, कां0गौरव परिहार, कां0 किशन पटेल, कां0 विक्रम आदि मौजूद रहे।

# कमासिन थाना पुलिस ने दहेज हत्या मामले में वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । बांदा**




पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा विभिन्न मामलों में वांछित चल रहे अभियुक्तों की जल्द गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कमासिन पुलिस द्वारा दहेज हत्या के मामले वंछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया।

गौरतलब हो कि सुनैना पत्नी राजकुमार नि0 ग्राम पैगम्बर थाना गिरवां नें दिनांक 28 अगस्त को थाना कमासिन पर प्रार्थना पत्र दिया कि उन्होने अपनी पुत्री की शादी दिनांक 20.04.2024 को थाना कमासिन के ग्राम जामू के रहने वाले भइयाराम पुत्र भगवानदीन राजपूत से की थी।शादी के बाद उनकी पुत्री को पति भइयाराम व उसके परिवारीजन दहेज की मांग को लेकर मारते-पीटते और प्रताड़ित करते थे।

दहेज की मांग को लेकर उन सब ने मिलकर दिनांक 13.08.2025 को मेरी पुत्री की हत्या कर दी।

इस संबंध में थाना कमासिन पर भइयाराम आदि के विरुद्ध मु0अ0सं0 215/25 धारा 85/80(2) बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट पंजीकृत किया गया जिसमें अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे।जिसके क्रम में दिनांक 3 सितंबर को थाना कमासिन पुलिस द्वारा आरोपी भइयाराम को ओरन-कमासिन रोड गुमटी ग्राम साड़ासानी के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम- उ0नि0दीपक कुमार सैनी,कां0 विकास यादव, कां0 दिलीप कुमार, कां0निर्भय यादव आदि मौजूद रहे।

## उपजिलाधिकारी रामऋषि रमन ने मऊ और फूलचन्द्र यादव ने सम्भाला राजापुर का कार्यभार

**जन एक्सप्रेस । मऊ, चित्रकूट**



जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन के निर्देश पर बुधवार को राजापुर उपजिलाधिकारी रामऋषि रमन ने मऊ उपजिलाधिकारी का कार्यभार संभाल लिया। अब तक मऊ उपजिलाधिकारी रहे सौरभ यादव का स्थानांतरण कर्वी तहसील किया गया है। इसी प्रकार उपजिलाधिकारी फूलचन्द्र यादव को राजापुर की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

तहसील मुख्यालय मऊ में बुधवार को राजापुर एसडीएम रामऋषि रमन ने मऊ उपजिलाधिकारी का कार्यभार ग्रहण कर लिया।

अब तक मऊ उपजिलाधिकारी रहे सौरभ यादव के स्थानांतरण पर मऊ तहसीलदार राम सुधार के नेतृत्व में लेखपालों की टीम ने विदाई समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर एसडीएम सौरभ यादव ने कहा कि मऊ क्षेत्र की जनता और कर्मचारियों के साथ अच्छे संबंध रहे। उन्होंने सभी के कामों को प्राथमिकता से किया। सभी लोगों ने सहयोग किया। नवागंतुक एसडीएम रामऋषि रमन ने कहा कि सरकारी सेवा में स्थानांतरण एक सतत प्रक्रिया है। सभी को निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अच्छे काम करने वाले याद रखे जाते है। इस कार्यक्रम में स्टेनो मनोज कुमार, लेखपाल संघ तहसील अध्यक्ष कमल किशोर मिश्रा, लेखपाल संगम पाल, रविशंकर द्विवेदी आदि मौजूद रहे। इसी प्रकार राजापुर तहसील में भी उपजिलाधिकारी फूलचन्द्र यादव ने कार्यभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरुप गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयसीमा के अंदर जनसमस्याओं का निस्तारण कराना ही उनकी प्राथमिकता है।

## लापरवाही के खिलाफ जिला अस्पताल के दो डॉक्टर और चार स्वास्थ्य कर्मियों पर सख्त कार्यवाही



**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**

जिला अस्पताल से पीड़ित को अपने घर तक शव ले जाने के लिये एम्बुलेंस न दिये जाने पर तेज तर्रार जिलाधिकारी घनश्याम मीणा ने सख्त कदम उठाते हुये दिये कार्यवाही के निर्देश। जिसके बाद मुख्य चिकित्सा अधीक्षक सन्त प्नकाश गुप्ता ने जिला अस्पताल (मेल) के डॉक्टर महेंद्र कुमार सिंह, आकस्मिक चिकित्सा अधिकारी स्नेह लता, आकस्मिक चीफ फार्मासिस्ट धर्मेद्र सिंह, आकस्मिक स्टाफ नर्स आउटसोर्सिंग सत्येंद्र, आकस्मिक स्टाफ नर्स आउटसोर्सिंग अंकित, आकस्मिक ओटी आउटसोर्सिंग से स्पष्टीकरण मांगने के साथ ही सितंबर महीने 2025 के वेतन पर अगले आदेशों तक रोक लगा दी है। लापरवाही के खिलाफ जिलाधिकारी की इस सख्त कार्यवाही से जिला अस्पताल के लापरवाह डाक्टरों और कर्मियों में मचा हडकंप।

## साइबर क्राइम टीम द्वारा आयोजित किया गया जागरूकता कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक माह के प्रथम बुधवार को चलाए जा रहे साइबर जागरुकता अभियान के तहत बुधवार को साइबर क्राइम टीम द्वारा खोह स्थित अशोक पब्लिक स्कूल में साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सभी विद्यार्थियों को साइबर अपराध से बचाव से सम्बन्धित जानकारी दी गई। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में बुधवार को साइबर क्राइम थाना प्रभारी रीता सिंह, आरक्षी रामविलास यादव, शिवम द्विवेदी व महिला आरक्षी शशि द्वारा खोह स्थित अशोक पब्लिक स्कूल में आयोजित साइबर जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों को अनजान व्यक्ति को अकाउंट विवरण, एटीएम कार्ड नम्बर, पिन नम्बर, सीवीवी तथा ओटीवी नम्बर, एसएमएस न बताने, एटीएम कार्ड का प्रयोग अकेले करने, व्यक्तिगत जानकारी फोन, ई-मेल, एसएमएस, फेसबुक, व्हाट्सएप पर न देने को कहा गया। साथ ही आधार कार्ड, पैन कार्ड, राशन कार्ड, नई सिम लेने के लिए कई बार फिंगर स्कैन न करने, बोनस प्वाइंट, रिवार्ड प्वाइंट, कैशबैक, केबीसी आदि लुभावने ऑफर के लालच में अपना बैंक डिटेल फोन पर शेयर न करने, किसी प्रकार का रिमोट एप्स जैसे टीमविवर, ऐनी डेक्स आदि किसी के कहने पर मोबाइल में इनस्टॉल न करने, सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर अपनी निजी जानकारी शेयर न करने को कहा गया। इसके अलावा पुलिस व साइबर अधिकारी के नाम की काल आने पर झूठे आरोप लगाकर पैसे की मांग करने पर न घबराने और पैसे न भेजने को कहा गया तथा साइबर अपराध की घटना होने पर टोल फ्री नं 1930 पर तुरन्त कॉल करने व नजदीकी पुलिस स्टेशन पर भी रिपोर्ट दर्ज कराने को कहा गया।

# त्यौहारों के मद्देनजर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक की जिलास्तरीय शांति समिति बैठक सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



आगामी बाराबफात एवं गणेश चतुर्थी, नवरात्रि व अन्य त्यौहारों को शान्तिपूर्वक एवं कुशलता से सम्पन्न कराये जाने हेतु जिला स्तरीय शान्ति समिति की बैठक सम्पन्न हुई जिसमे जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि त्यौहार परम्परागत ढंग से मनाये जायें। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई की व्यवस्था हेतु अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिये। जुलूस वाले मार्ग को सम्बन्धित अधिकारियों के द्वारा निरीक्षण किये जाने तथा आवश्यक सड़क मरम्मत, विद्युत तारों को ठीक करने तथा मार्गों में प्रकाश की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। जल संस्थान एवं जल निगम को जलापूर्ति एवं पानी के टैंकरों की व्यवस्था कराये जाने,त्यौहारों में डीजे तेज आवाज के साथ संचालित न किये जाने हेतु निर्देशित किया। एम्बुलेन्स एवं फायर बिग्रेड की भी आवश्यकतानुसार व्यवस्था रखने के निर्देश दिये।

# राजकीय स्पोर्ट स्टेडियम का बंद पड़ा स्वीमिंग पुल जल्द होगा शुरू

- स्वीमिंग पुल को संवारने और सजाने के लिये खेल निदेशालय ने भेजी 369.50 लाख की राशि

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**



उत्तर प्रदेश राजकीय स्पोर्ट स्टेडियम के स्पोर्ट्स आफसर ब्रजेश कुमार सोनी ने बताया कि स्टेडियम में बना स्वीमिंग पुल, जो 2023 के बाद से ध्वस्त पड़ा था, जिसको संवारने और सजाने के लिये प्रदेश खेल निदेशालय लखनऊ की तरफ से कार्यदायी संस्था यूपी सिडको को जिम्मेदारी सौंपते हुये 369.52 लाख रुपये की राशि हमीरपुर खेल कार्यालय को भेज दी गई है।

स्पोर्ट्स आफसर ने बताया कि उम्मीद की जा रही है, कि स्वीमिंग पुल को संवारने और सजाने के काम की शुरुआत जल्द ही हो सकेगी। जबकि स्वीमिंग पुल शुरू होने से नगर वासियों को इसका फ़ायदा मिल सकेगा। साथ ही बताया कि स्टेडियम में बैडमिन्टन, बॉस्केटबाल हॉकी, बॉलीवाल के कोच न होने से खेल का शौक रखने वाले युवाओं को इन खेलों के दौरान काफी दिककतों का सामना करना पड़ रहा है। जिसके लिये खेल निदेशालय से मांग की गई थी, लेकिन अभी तक किसी कोच की तैनाती नहीं की गई है।

# श्रीकृष्ण के जयकारों के साथ धर्मनगरी में निकली विशाल जल विहार शोभा यात्रा

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



भगवान श्री कृष्ण की विशाल शोभा यात्रा एवं जल विहार उत्सव के परम्परागत कार्यक्रम के तहत बुधवार को श्रीकृष्ण भक्त मण्डल के तत्वाधान में जिला मुख्यालय में विशाल शोभा यात्रा निकाली गयी। साथ ही श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव की 51वीं वर्ष गांठ के अवसर को ऐतिहासिक बनान के लिए शाम को रामघाट में जल विहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

शोभा यात्रा की अगुवाई कर रहे प्रख्यात ज्योतिषाचार्य पं नारायण दत्त त्रिपाठी ने बताया कि वह आठ वर्ष की आयु से यह कार्यक्रम करा रहे हैं। समय के साथ धीरे-धीरे यह आयोजन विस्तार रूप लेता जा रहा है। इस मंगल उत्सव की आज 51वीं वर्ष गांठ है। जिसके तहत सबेरे प्रातः आठ से 10 बजे तक मण्डप पूजन और इसके बाद भगवान का महाभिषेक कार्यक्रम किया गया। दोपहर 12 बजे से श्रृंगार आरती एवं राज भोग के बाद जल विहार शोभा यात्रा निकाली गयी। उन्होंने बताया कि समाज में गौमाता और भगवान के प्रति श्रद्धाभाव रखने वालों में ही मानवता और मनुष्यता होती है। समाज के कल्याण की कामना को लेकर प्रत्येक वर्ष इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। जिसके तहत शोभा यात्रा के बाद रामघाट में जल विहार कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। जिसमें एक नौका में भगवान को जल विहार कराया जाता है और शेष नौकाओं में श्रद्धालु मौजूद रहते हैं।

उन्होंने बताया कि गुरुवार चार सितम्बर को प्रातः 10 बजे से भगवान का उबटन कार्यक्रम एवं बाल भोग कराने के बाद उनके विग्रह के दिव्य तुलादान दर्शन और राजभोग आरती का आयोजन किया जाएगा। तुलादान की सामग्री श्रद्धालुओं के बीच वितरित कर दी जाती है। इसके बाद पांच सितम्बर को भगवान के 56 भोग का दर्शन, आरती एवं महाप्रसाद का आयोजन किया जाएगा।

इस मौके पर इं. सोमदत्त त्रिपाठी, इं. देवदत्त त्रिपाठी, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, समाजसेवी कमलेश कुमार मिश्र, विनोद मिश्र, भाजयुमो जिलाध्यक्ष हीरो मिश्रा, जिला महामंत्री मोहित मिश्रा, गुड्डुन दुबे, कृष्ण औतार पाण्डेय, डेविड गुप्ता, अनुज त्रिपाठी, अंकुर त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## तीन आरोपियों को गैंगेस्टर मामले में 10-10 वर्ष की सजा

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** विशेष न्यायाधीश रवि कुमार दिवाकर ने गैंगेस्टर एक्ट के मामले में दोष सिद्ध होने पर तीन आरोपियों को 10-10 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक को 20,000-20,000 रुपये अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है। वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी संगीता सिंह ने बताया कि बीती 27 फरवरी 2018 को तत्कालीन पहाड़ी थाना प्रभारी अरुण कुमार पाठक ने नहरा निवासी अखिलेश कुमार उर्फ कुमकुम उपाध्याय, ओरा निवासी रमेश यादव और तौरा निवासी गिरीश मौर्य के विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कराया था। विवेचक ने आरोपियों के लंबे आपराधिक इतिहास और गंभीर अपराधों का ब्यौरा देते हुए न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद बुधवार को विशेष न्यायाधीश रवि कुमार दिवाकर ने इस मामले में निर्णय सुनाया।

# थाना बिसण्डा पुलिस द्वारा अवैध तमंचे के साथ अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध शस्त्रों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना बिसण्डा पुलिस द्वारा अवैध तमंचे के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। गौरतलब हो कि दिनांक 3सितम्बर को थाना बिसण्डा पुलिस को गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम मिलाथू शिव मार्ग के पास एक व्यक्ति अवैध तमंचा के साथ भ्रमण कर रहा है।

सूचना पर तत्काल पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर व्यक्ति को हिरासत में लिया गया तथा तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 01 अवैध तमंचा व 02 जिन्दा कारतूस बरामद हुआ।

बरामदगी-1 अवैध तमंचा 315 बोर, 2 जिन्दा कारतूस 315 बोर। गिरफ्तार अभियुक्त-कौशर किशोर पुत्र जगदीश निवासी ग्राम मिलाथू थाना बिसण्डा।

गिरफ्तारी करने वाली टीम-उ0नि0सौरभ, हे0कां0प्रदीप कुमार, कां0राहुल साहू आदि मौजूद रहे।

# गीले और सूखे कूड़े का अलग-अलग प्रबंधन करने पर दिया गया जोर

**जन एक्सप्रेस । मानिकपुर, चित्रकूट**



क्षेत्र के निवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से बुधवार को वार्ड स्तरीय ठोस अपशिष्ट विकेंद्रीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें कचरा प्रबंधन को अधिक कुशल और प्रभावी बनाने के लिए गीले और सूखे कूड़े को अलग-अलग एकत्रित करने के महत्व पर जोर दिया गया।

कार्यशाला में नगर पंचायत अध्यक्ष रानी देवी ने कहा कि कचरे का पृथक्करण एक आवश्यक प्रक्रिया है। जिसमें विभिन्न प्रकार के कचरे को अलग-अलग श्रेणियों में विभाजित किया जाता है। कहा कि सभी गीले कचरे को हरे डस्टबिन में और सूखे कचरे को नीले डस्टबिन में कचरे की गाड़ी में डालें। बताया कि हरे डस्टबिन में डाले जाने वाले जैविक कचरे में खाने के अवशेष, फल और सब्जियों के छिलके आदि आते है। इसी प्रकार नीले डस्टबिन में डाले जाने वाले अजैविक कचरे में प्लास्टिक, कागज, गत्ता आदि आते है। इसके अलावा बैटरी, पारा युक्त वस्तुएं आदि खतरनाक कचरे की श्रेणी में आते है तथा इनके निपटान के लिए विशेष निर्देशों का पालन करना पड़ता है। अधिशासी अधिकारी भारत सिंह ने लोगों को घरों में गीले कचरे से खाद बनाने के सरल तरीकों और इसके लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल से होने वाले के हानिकारक प्रभावों और पर्यावरणीय प्रदूषण पर भी चर्चा की तथा लोगों को इसके उपयोग को रोकने और अन्य विकल्प अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। जिला कार्यक्रम प्रबंधक शिवा कुमार ने लोगों को कचरे के पृथक्करण के लाभ की जानकारी देते हुए बताया कि बेहतर कचरा प्रबंधन से कचरे का निपटान आसान होता है तथा प्रदूषण में कमी आती है। साथ ही रीसाइक्लिंग और रीयूज से होने वाले संसाधनों की बचत की जानकारी दी। साथ ही स्वच्छता संबंधी शिकायतों और सुझावों के लिए टोल फ्री नंबर 1533 और 14420 की जानकारी दी। इस दौरान सभी नागरिकों से स्वच्छता अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने और शहर को स्वच्छ बनाने में योगदान देने का आग्रह किया गया। इस मौके पर स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के अध्यक्ष वार्ड नंबर 12 शास्त्री नगर के सुरुरूल हसन, सुभाष नगर वार्ड नंबर आठ के सभासद विकास सोनकर, बलराम पाण्डेय, सचिव पाठक सहित स्थानीय निवासी व सफाई नायक मौजूद रहे।



**मानसून ने मचाई तबाही: केदारनाथ के बाद...**

वर्ष 2013 की केदारनाथ त्रासदी के बाद राज्य में आपदा से सबसे बड़ा आर्थिक नुकसान हुआ है। इस साल अब तक उत्तरकाशी, पौड़ी, चमोली, रुद्रप्रयाग समेत अन्य जिलों में बादल फटने व अतिवृष्टि से पांच हजार करोड़ का नुकसान होने का अनुमान है। प्रदेश में बारिश... पढ़ें पेज 12 पर...

# माँ हॉस्पिटल का काला सच
# मौत के मुहाने पर मरीज

- बेसमेंट में चल रहा अस्पताल, नियम-कायदों की धज्जियाँ उड़ाई गईं

जन एक्सप्रेस । लखनऊ




राजधानी लखनऊ में एक ऐसा हास्पिटल जो कलंकित कर रहा है पूरे स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों को जिसका नाम है माँ हॉस्पिटल का संचालन खुले भवन में नहीं, बल्कि दमघोंटू बेसमेंट में हो रहा है। यहाँ भर्ती मरीज हर वक्त खतरे में रहते हैं। हादसा होते ही बाहर निकलने का रास्ता भी नहीं। सवाल है, बेसमेंट को हॉस्पिटल की अनुमति किसने दी?

### डॉक्टरों की लंबी लिस्ट, लेकिन जिम्मेदारी गायब

बोर्ड पर दर्जनों डॉक्टरों के नाम चमकते हैं। मरीज इसे देखकर भरोसा कर बैठते हैं। लेकिन अंदर ढ्ढष्ट तक मानक पर नहीं है। क्या डॉक्टर वास्तव में सेवाएं दे रहे हैं या सिर्फ नाम का इस्तेमाल? यह जांच का बड़ा मुद्दा है।

### फायर और ऑक्सीजन ह्लह्रष्ट का टोटा

अस्पताल के पास न तो फायर ह्लह्रष्ट है और न ही ऑक्सीजन की अनुमति। ऐसे में ज़रा सा हादसा पूरे इलाके को तबाह कर देगा। मरीजों की जान खतरे में डालकर धंधा चमकाया जा रहा है। यह सीधे मौत को न्योता देने जैसा है।

### मेडिकल वेस्ट प्रबंधन भी गायब

यहाँ इस्तेमाल किए गए इंजेक्शन और खून से सने कचरे का कोई सुरक्षित निपटान नहीं। संक्रमण का खतरा हर वक्त मंडराता रहता है। नगर निगम और सफाई विभाग सब जानकर भी चुप हैं। यह लापरवाही महामारी को बुलावा दे रही है।

### पार्किंग और खुले वातावरण का अभाव

मरीजों और परिजनों को पार्किंग की भारी दिक्कत झेलनी पड़ती है। गाड़ियाँ बाहर सड़क पर खड़ी करनी पड़ती हैं। आराम या टहलने के लिए जगह तक नहीं। संकरी सीढ़ियाँ चढ़कर बेसमेंट तक पहुँचना किसी मुसीबत से कम नहीं।

### एक्ट की धज्जियाँ उड़ाने का खेल

क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के सारे नियम ताक पर रखे गए। भवन की सुरक्षा और उपकरणों का सत्यापन नहीं हुआ। इसके बावजूद अस्पताल का रजिस्ट्रेशन कर दिया गया। यह सीधा भ्रष्टाचार और मिलीभगत का मामला है।

### नोडल ऑफिसर की भूमिका संदिग्ध

बिना किसी ह्लह्रष्ट के अस्पताल को रजिस्ट्रेशन कैसे मिल गया? नोडल ऑफिसर की भूमिका अब सवालों के घेरे में है। आशंका है कि मोटी रकम लेकर सबकुछ मैनेज हुआ। जनता अब जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग कर रही है।

### मौत का अड्डा न बने माँ हॉस्पिटल

हर दिन गरीब और असहाय मरीज यहाँ इलाज के लिए आते हैं। लेकिन असलियत में उनकी जिंदगी खतरे में डाल दी जाती है। पूरा सिस्टम मौत को न्योता देता दिख रहा है। प्रशासन अगर अब भी नहीं जागा, तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

*जन एक्सप्रेस इस खबर की पुष्टि नहीं करता सवाल यह है अगर मानक पूरे भी हैं तो वह कैसे? जांच का विषय*

# गैस माफियाओं का खेल जारी
## जिला पूर्ति अधिकारी बने तमाशबीन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



अरुणोदय गैस सर्विस का हॉकर उमा

रसोई गैस की कालाबाजारी और रिफिलिंग के काले खेल पर जन एक्सप्रेस लगातार रिपोर्टिंग कर रहा है। लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि राजधानी में गैस माफियाओं का खौफ बिल्कुल भी कम नहीं हुआ है। उल्टा, उनकी दबंगई और बढ़ गई है। जनता की जान से खिलवाड़ करने वाला यह कारोबार प्रशासन की नाक के नीचे चल रहा है, फिर भी जिम्मेदार विभाग और अफसर आराम से आंखें मूंदे बैठे हैं। सवाल साफ है–जब मीडिया बार-बार सबूतों के साथ इस खतरनाक गोरखधंधे को उजागर कर रहा है, तब भी कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है? आखिर क्या कारण है कि गैस माफियाओं का हौसला टूटने की बजाय और बुलंद होता जा रहा है?

### ताज़ा मामला: वृंदावन योजना में धड़ल्ले से कालाबाजारी

राजधानी के वृंदावन योजना में स्थिति और भी गंभीर है। यहां अरुणोदय गैस सर्विस के होकर खुलेआम सिलेंडरों से गैस काटकर अवैध रिफिलिंग की जा रही है। मौके पर जन एक्सप्रेस की टीम ने जब छानबीन की, तो पाया कि उमा और मनोज नामक व्यक्ति सिलेंडरों से खुलेआम छेड़छाड़ कर रहे थे। यह काम न केवल गैरकानूनी है बल्कि जानलेवा भी है। जब संवाददाता ने उमा से सवाल किया कि यह खतरनाक काम आखिर कब तक चलेगा, तो उसका बेहिचक जवाब था–÷जिस दिन काम बंद करेंगे, उसी दिन रोज़ी-रोटी छिन जाएगी, एजेंसी वाले तनख्वाह थोड़े ही देते हैं।÷ यानी साफ है कि यह धंधा एजेंसी की नाक के नीचे ही नहीं बल्कि उनके संरक्षण में चल रहा है। जनता अब सीधे सवाल पूछ रही है। पहला सवाल–क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे और मौत का इंतजार कर रहा है? गैस सिलेंडरों में छेड़छाड़ से कभी भी विस्फोट हो सकता है, और अगर ऐसा हुआ तो इसका जिम्मेदार कौन होगा? दूसरा सवाल–जब वीडियो सबूतों के साथ मीडिया ने अवैध रिफिलिंग दिखा दी है, तो फिर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है? तीसरा सवाल–जिला पूर्ति अधिकारी आखिर किस नियमावली का हवाला देकर यह कहते हैं कि बिना शिकायत पत्र के जांच संभव नहीं? चौथा सवाल–जनता की मेहनत की कमाई से वेतन उठाने वाले ये अफसर ष्ट कमरों में बैठकर तमाशा क्यों देख रहे हैं? साफ है कि जनता अब बहानों से नहीं बल्कि जवाब और ठोस कार्रवाई चाहती है।

### जिला पूर्ति अधिकारी, कार्रवाई नहीं, बहानेबाज़ी

जिला पूर्ति अधिकारी पर सीधा सवाल खड़ा हो रहा है। जन एक्सप्रेस के संवाददाता ने खुद उनके दफ्तर में जाकर रसोई गैस रिफिलिंग का वीडियो दिखाया। लेकिन चौंकाने वाली बात यह रही कि अधिकारी ने ठोस कार्रवाई की जगह बेतुका जवाब दिया–卐शिकायत आने पर जांच होगी।卐 क्या यह जवाब जनता के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा नहीं है? जनता पूछ रही है–क्या वीडियो सबूत और रिपोर्टिंग शिकायत से कमतर हैं? क्या यह नियम बनाया गया है कि पहले किसी की जान जाएगी, तब ही जांच होगी? अधिकारी का यह रवैया साफ दिखाता है कि उन्हें जनता की जिंदगी की सुरक्षा से कोई लेना-देना नहीं है। उनके लिए फाइलों की खानापूर्ति और कागज़ी कार्यवाही ही सबकुछ है।

### बड़ा सवाल–जीरो टॉलरेंस कहां गया?

सबसे बड़ा सवाल यह है कि उत्तर प्रदेश सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति आखिर कहां खो गई है। सरकार बार-बार दावा करती है कि भ्रष्टाचार और अपराध पर सख्ती होगी, लेकिन जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल उलट है। जब राजधानी में ही गैस माफियाओं का खौफ इतना बड़ा हो और जिला पूर्ति अधिकारी जैसे जिम्मेदार अफसर मूकदर्शक बने रहें, तो बाकी जिलों की स्थिति आसानी से समझी जा सकती है। जनता अब ठोस कार्रवाई चाहती है, न कि खानापूरी। सवाल यह है कि क्या सरकार गैस माफियाओं और लापरवाह अफसरों पर गाज गिराएगी, या फिर जनता की जान के साथ खिलवाड़ यूं ही जारी रहेगा?

# प्रदेश में हर साल होती है 4500 करोड़ की बिजली चोरी
## महंगी बिजली खरीदने में खर्च होते हैं तीन हजार करोड़

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

पावर कॉरपोरेशन और विद्युत वितरण विभागों द्वारा हर साल महंगी बिजली खरीद पर तीन हजार करोड़ खर्च किया जा रहा है, जबकि साढ़े चार हजार करोड़ की बिजली चोरी हो रही है। इन दोनों पर अंकुश लगाकर करीब साढ़े सात हजार करोड़ बचाया जा सकता है। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि वर्ष 2025 26 में बिजली कंपनियां 1 लाख 64 हजार 592 मिलियन यूनिट बिजली खरीदेंगी, जिसकी कुल लागत 86992 करोड़ होगी। इसमें निजी घराने से 35121 करोड़ की बिजली खरीदी जाती है और राज्य उत्पादन से 20670 करोड़ की खरीद होती है। प्रदेश सरकार द्वारा जो राजस्व सब्सिडी दी जाती है, वह वर्ष 2025-26 के लिए 17512 करोड़ है। कुल बिजली खरीद की औसत लागत 5.28 रुपये प्रति यूनिट आ रही। उत्तर प्रदेश में बिजली खरीद में पारदर्शी नीति अपनाकर सस्ती बिजली के उपाय पर बिजली कंपनियों को कम करने की जरूरत है। प्रदेश में वितरण हानियों को यदि 13 फीसदी मान लिया जाए तो उसमें लगभग 5 फीसदी बिजली चोरी है।

### राजस्व से करोड़ों रुपये जुटाया जा सकता है

ऐसे में साल भर में लगभग 4500 करोड़ की बिजली चोरी होती है ऐसे में बिजली चोरी पर अंकुश लगाकर भी काफी हद तक हम अपने घाटे को कम कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि महंगी बिजली खरीद और बिजली चोरी पर प्रभावी नीति बनाकर उत्तर प्रदेश में निजीकरण को डाला जा सकता है। उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष ने कहा कि शत-प्रतिशत राजस्व की वसूली करके करोड़ों रुपये जुटाया जा सकता है।

# कार से घूम रहा फर्जी आईएएस गिरफ्तार, छह लग्जरी गाड़ियां बरामद

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

वजीरगंज पुलिस ने बुधवार सुबह लग्जरी कार से घूम रहे फर्जी आईएएस को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से पांच लग्जरी गाड़ियां, लाल-नीली बत्ती, सचिवालय पास, फर्जी आईडी कार्ड व अन्य दस्तावेज बरामद हुए हैं। इंस्पेक्टर राजेश कुमार त्रिपाठी के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी नोएडा सेक्टर 35 गरिमा विहार का रहने वाला सौरभ त्रिपाठी है। आरोपी मूलरूप से मऊ के सराय लखंसी का रहने वाला है। इसका एक घर गोमतीनगर विस्तार स्थित शालीमार वन वर्ड में भी है। इंस्पेक्टर ने बताया कि वजीरगंज स्थित कारगिल पार्क के पास बुधवार सुबह वाहन चेकिंग कर रही थी। तभी उन्हें एक संदिग्ध कार दिखी। रुकवाने पर देखा कि ड्राइविंग सीट पर चालक था। जबकि पिछली सीट पर आरोपी सौरभ बैठा था। कार में लाल-नीली बत्ती भी थी। संदेह होने पर पुलिस ने पूछताछ की तो वह खुद को आईएएस बताते हुए रौब गांठने लगा। साथ ही कई वरिष्ठ अधिकारियों के नाम भी लिए। पुलिस ने जब तलाशी ली तो उसके पास से आईएएस का फर्जी आईडी कार्ड, सचिवालय पास मिले।

# मोदी के जन्म दिन पर बीजेपी शुरू करेगी सेवा पखवाड़ा

- नेशन फर्स्ट के भाव के साथ होते हैं भाजपा के कार्यक्रम: योगी
- हम प्रधानमंत्री के विकसित भारत की संकल्पना के अनुरूप करेंगे कार्य

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

भारतीय जनता पार्टी 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से पूरे प्रदेश में सेवा पखवाड़ा का आयोजन करेगी। 17 सितंबर से प्रारंभ होकर महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर तक चलने वाले भाजपा की सेवा पखवाड़ा अभियान को लेकर आज इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सेवा पखवाड़ा अभियान कार्यशाला को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने एक तरफ पार्टी कार्यकर्ताओं की हौसला अफजाई की, तो उनका मार्गदर्शन भी किया। मुख्यमंत्री ने सेवा पखवाड़ा अभियान 17 सितंबर से दो अक्टूबर के तहत होने वाले कार्यक्रमों की चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा के कार्यक्रम स्वयं के लिए नहीं, बल्कि नेशन फर्स्ट के भाव के साथ होते हैं। हम संस्थापकों के विजन राष्ट्र प्रथम के भाव को जीवन का मिशन मानकर आगे बढ़ते हैं। हमारे कार्यकर्ता जब इसे अभियान मानकर बढ़ते हैं तो वे आमजन का विश्वास का हिस्सा बनते हैं। मुख्यमंत्री ने सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत सभी कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर पहले उत्साहवर्धन किया, फिर अपील भी की कि दो अक्टूबर को विजयादशमी भी है। यह कार्यक्रम भी अच्छे से हों और पर्व-त्योहार भी आसानी से मनाए जाएं। मुख्यमंत्री ने सेवा पखवाड़े के आयोजन और उसकी महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने वोकल फॉर लोकल को हस्तशिल्पियों का सम्मान बताया। उन्होंने कहा कि इसने यूपी के एक्सपोर्ट को कई गुनाबढ़ाया है। यह आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री ने सभी से इसे बढ़ावा देने की अपील की और कहा कि देश का पैसा यहां के कारीगरों को ही मिले, बाहर जाएगा तो भारत के खिलाफ आतंकवाद में प्रयोग होगा।मुख्यमंत्री ने स्वच्छता कार्यक्रम का जिक्र करते हुए इसे जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि इसका महत्व यूपी से अधिक कोई नहीं समझ सकता। 11 वर्ष पहले इस सीजन में गांवों में पैदल चलना दूभर होता था। बदबू व गंदगी रहती थी, लेकिन आज हर गांव में पैदल जाया जा सकता है। स्वच्छता का ही असर है कि इंसेफेलाइटिस समाप्त हो गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बूथ स्तर की टीम मलिन बस्तियों में होने वाले कार्यक्रमों का हिस्सा बने। उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्णतः बैन करने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में यूपी की भागीदारी से आगंतुकों व कार्यकर्ताओं को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत इस वर्ष भी एक दिन में 36 करोड़ से अधिक पौधरोपण का रिकॉर्ड बना। 8 वर्ष में 240 करोड़ पौधरोपण हुए। यूपी का फॉरेस्ट कवर बढ़ा। जिस प्रदेश में पहले 50 लाख पौधे नहीं मिलते थे, वहां की नर्सरियों में 52 करोड़ पौधे तैयार किए गए। मुख्यमंत्रीने नमो वन पार्क का भी जिक्र किया। मुख्यमंत्री ने भाजयुमो अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या से मुखातिब होते हुए कहा कि यूपी में युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं की लंबी फौज है। हर अभियान में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता जीजान से लगे रहते हैं। मुख्यमंत्रीने रक्तदान शिविर को लेकर भाजयुमो कार्यकर्ताओं की हौसला अफजाई की। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग हर रविवार को स्वास्थ्य मेला लगाता है। वहां केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का डिस्प्ले, उपचार व अन्य सुविधाएं उपलब्ध होती हैं। मुख्यमंत्रीने स्वास्थ्य के प्रति आमजन को जागरूक करने की अपील की और मंत्र दिया कि जितनी मेहनत करेंगे, बीमारियों से उतना ही लड़ने का सामर्थ्य रखेंगे।

# छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में सड़कों पर उतरे सपाई
## राजभवन के सामने किया प्रदर्शन, हटाए गए



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

बाराबंकी के श्रीराम स्वरूप विश्वविद्यालय में प्रदर्शन कर रहे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं और छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में सपा कार्यकर्ताओं ने लखनऊ में प्रदर्शन किया और राजभवन के सामने धरना दिया। इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पुलिसकर्मियों ने बलप्रयोग करते हुए प्रदर्शनकारियों को राजभवन के सामने से उठाया और हिरासत में ले लिया। इसके बाद उन्हें गाड़ियों में भरकर ईको गार्डेन भेजवा दिया। प्रदर्शनकारी योगी सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। श्रीराम स्वरूप विश्वविद्यालय में एलएलबी की डिग्री की वैधता को लेकर सोमवार को प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज कर दिया गया था। जिस पर विवाद होने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नाराजगी पर सीओ सिटी हर्षित चौहान को हटा दिया गया था। शहर के आरके राणा और गदिया चौकी इंचार्ज को लाइन हाजिर कर दिया गया। मामले की जांच अयोध्या के मंडलायुक्त राजेश कुमार को सौंपी गई। मंडलायुक्त बुधवार शाम को अपनी रिपोर्ट सौंपेंगे।

# पीईटी परीक्षा 6 व 7 को बेहतर होगी परिवहन बस सेवा

- परिवहन मंत्री बोले, अभ्यर्थियों को आवागमन में न हो असुविधा
- स्टेशनों पर एवं बसों में साफ सफाई की समुचित व्यवस्था रखें – दयाशंकर


जन एक्सप्रेस । लखनऊ



परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने 6 एवं 7 सितम्बर को होने वाली प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा पीईटी-2025 के संबंध में समुचित परिवहन बस सेवा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों एवं उनके परिजनों की संभावित संख्या के दृष्टिगत समुचित संख्या में अतिरिक्त बसों का संचालन किया जाए। मार्ग पर पड़ने वाले बस स्टेशनों पर सुरक्षा की व्यवस्था की जाए, जिससे अभ्यर्थियों विशेषकर महिला अभ्यर्थी को कोई असुविधा न हो। परिवहन मंत्री के निर्देशों के क्रम में एमडी परिवहन निगम मासूम अली सरवर ने क्षेत्रीय प्रबंधकों को दिशा निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि पीईटी परीक्षा दो दिवसों में चार पालियों में होनी है। प्रदेश के 48 जनपदों में 1479 परीक्षा केन्द्रों पर यह परीक्षा आयोजित की जा रही है, जिसमें 25 लाख अभ्यर्थियों के आवागमन की संभावना है। सबसे अधिक लखनऊ में 1 लाख 26 हजार 912 परीक्षार्थी उक्त परीक्षा में शामिल होंगे। लखनऊ में परिवहन की अधिक व्यवस्था की आवश्यकता है। गाजियाबाद में भी लगभग 1 लाख परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हो रहे है। प्रदेश के 48 जनपदों में परीक्षार्थी विभिन्न जनपदों से परीक्षा देने आयेगे। परिवहन निगम की जिम्मेदारी बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदारी सौपी है। श्री सरवर ने क्षेत्रीय प्रबंधकों तथा नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अन्य जनपदों से जहां से अभ्यर्थी आएगे के क्षेत्रीय प्रबंधक आपस में वार्ताकर बसों की उपलब्धता सुनिश्चित कराए। अभ्यर्थी दो दिन पूर्व से प्रस्थान करना प्रारम्भ कर सकते हैं। ऐसे में सभी 48 जनपदों में स्थित निगम बस स्टेशन पर पर्याप्त संख्या में बसें उपलब्ध रहें। उन जनपदों से टारगेट जनपद के लिए बसें एक निश्चित काउन्टर पर उपलब्ध रहें, की व्यवस्था भी कराये। उन्होंने क्षेत्रीय प्रबंधकों को निर्देश दिए कि जिलाधिकारी एवं पुलिस प्रशासन से सम्पर्क कर की गयी व्यवस्था की जानकारी उपलब्ध कराए एवं अपेक्षित सहयोग उपलब्ध कराने का अनुरोध करे। निगम हेल्पलाइन 18001802877 को फलैक्स पर अंकित कराये जिससे अभ्यर्थियों को आकस्मिक समय में सहायता उपलब्ध हो सके। महिलाओं के लिए दामिनी हेल्पलाइन नम्बर8114277777 भी फलैक्स पर अंकित कराया जाए। बस स्टेशनों पर शौचालयों की स्वच्छता का विशेष ध्यान दिया जाए। यात्रियों के बैठने प्रतीक्षा के स्थान पर पंखे सुचारू रूप से क्रियाशील, बस स्टेशनों पर साफ सफाई की व्यवस्था निरन्तर कराए।

# 2047 तक यूपी बनेगा विकसित प्रदेश, बीते आठ वर्षों में उत्साह में बदली निराशा: सीएम योगी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता का आह्वान करते हुए कहा कि भारत और यूपी का भविष्य कैसा हो, यह हमें तय करना है। हमें अपने युवाओं को तैयार करना है, क्योंकि हम जिस मनोदशा में जिएंगे, उसी दिशा में आगे बढ़ेंगे। हमें कैसा भारत और उत्तर प्रदेश चाहिए, यह हमारे विजन में होना चाहिए। सीएम योगी लोक भवन सभागार में ÷समर्थ उत्तर प्रदेश - विकसित उत्तर प्रदेश ञ्च2047÷ अभियान के शुभारंभ के अवसर पर कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'समर्थ उत्तर प्रदेश' पोर्टल का शुभारंभ किया। यह पोर्टल प्रदेशवासियों को अपने सुझाव देने का मंच प्रदान करेगा, जो 12 प्रमुख सेक्टरों- कृषि, पशुधन संरक्षण, औद्योगिक विकास, आईटी-टेक्नोलॉजी, पर्यटन, नगर व ग्राम्य विकास, आधारभूत संरचना, संतुलित विकास, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा व सुशासन- पर केंद्रित विजन डॉक्यूमेंट का हिस्सा बनेंगे। विजन डॉक्यूमेंट ÷अर्थ शक्ति, सृजन शक्ति और जीवन शक्ति÷ थीम पर आधारित है। कार्यशाला में प्रशासन, पुलिस, वन सेवा, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि क्षेत्रों से सेवानिवृत्त 400 से अधिक अधिकारियों और प्रबुद्धजनों ने हिस्सा लिया।

### प्रबुद्धजनों का सहयोग युवाओं को जागरूक करना महत्वपूर्ण: सीएम योगी

कार्यशाला को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश शताब्दी संकल्प अभियान के क्रम में उत्तर प्रदेश सरकार निरंतर प्रयत्नशील है। इस अभियान में 25 करोड़ जनता को भागीदार बनाना है। आप सभी प्रबुद्धजनों का सहयोग युवाओं को जागरूक करने और आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण होगा। रिटायर्ड होने का मतलब टायर्ड होना नहीं है। आपका अनुभव इस अभियान को गति देगा।

### 16वीं-17वीं शताब्दी में भारत वैश्विक जीडीपी में 25 प्रतिशत हिस्सा रखता था भारत

उन्होंने पीएम मोदी के नेतृत्व में देश की प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा कि 16वीं-17वीं शताब्दी में भारत वैश्विक जीडीपी में 25प्रतिशत हिस्सा रखता था, जो 1947 तक 2प्रतिशत रह गया। 2014 में भारत 11वीं अर्थव्यवस्था था, लेकिन आज चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और 2027 तक तीसरी बनेगा। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। अगर यही गति रही, तो 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य संभव है।

### बीते आठ वर्षों में हमने यूपी की निराशा को उत्साह में बदला: सीएम योगी

उत्तर प्रदेश के संदर्भ में सीएम ने कहा कि 1947 और 1960 तक यूपी का राष्ट्रीय जीडीपी में योगदान 14प्रतिशत था, लेकिन 2016-17 तक यह 8प्रतिशत हो गया और यूपी आठवीं अर्थव्यवस्था बन गया। बीते आठ वर्षों में हमने निराशा को उत्साह में बदला। आज उत्तर प्रदेश देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रकृति और परमात्मा की कृपा से यूपी के पास सब कुछ है, बस संकल्प की जरूरत है।

### '2016-17 से पहले यूपी बीमारू कहलाता था, लेकिन अब सकारात्मक बदलाव आया'

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2016-17 से पहले यूपी बीमारू कहलाता था, लेकिन अब सकारात्मक बदलाव आया है। जीएसडीपी 13 लाख करोड़ से बढ़कर इस वर्ष 35 लाख करोड़ होने जा रही है। प्रति व्यक्ति आय में भी वृद्धि हुई है। कोविड काल में वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट योजना से एमएसएमई को बढ़ावा मिला, जिससे निर्यात 2 लाख करोड़ तक पहुंचा। कोविड में 1 करोड़ लोगों को रहने-खाने की व्यवस्था दी गई, जिसमें 40 लाख यूपी के कारीगर थे। एक भावुक किस्सा साझा करते हुए सीएम योगी ने कहा कि बिहार चुनाव के दौरान एक गरीब व्यक्ति ने खाली डिब्बा दिखाकर उन्हें धन्यवाद दिया, जो कोविड के समय में यूपी में मिले भोजन का था। उन्होंने कहा कि यह सेवा का भाव है, जो लोगों के मन में विश्वास जगाता है।

### जैसी मनोदशा होगी, वैसा विकास होगा- सीएम योगी

सीएम ने प्रख्यात वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बसु का जिक्र करते हुए कहा कि जैसी मनोदशा होगी, वैसा विकास होगा। बसु ने दो पौधों पर प्रयोग किया, एक को प्रेरित किया, तो वह बड़ा वृक्ष बना, जबकि दूसरे को धिक्कारा, तो वह मुरझा गया। उन्होंने कहा कि यह जीव मात्र पर लागू होता है। मनुष्य ईश्वर की सर्वश्रेष्ठ कृति है। यूपी और भारत की स्थिति भी यही थी। नकारात्मकता से निराशा बढ़ी, लेकिन अब उत्साह का माहौल है।

### सीएम योगी ने बताई अभियान की रूपरेखा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अभियान का पहला चरण प्रबुद्धजनों के साथ अकादमिक संस्थानों में गोष्ठियों से शुरू होगा। इसके बाद इसमें प्रदेश के मंत्री, सांसद, विधायक व केंद्रीय मंत्री भी शामिल होंगे। हर ग्राम पंचायत और नगर निकाय के वार्ड में संकल्प लिया जाएगा। सुझाव त्तक्रकोड के माध्यम से लिए जाएंगे, जो शॉर्ट, मीडियम और लॉन्ग टर्म प्लानिंग पर आधारित होंगे। उन्होंने कहा कि विधानसभा में सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल पर 36 घंटे और विकसित उत्तर प्रदेश पर 27 घंटे चर्चा हुई, जिसमें सभी दलों ने हिस्सा लिया। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य की बात का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि विकसित परिवार और गांव से विकसित भारत बनेगा।

# भारी बारिश का असर, 35 प्राथमिक विद्यालयों में जलभराव, बढ़ी मुश्किलें

जन एक्सप्रेस। अमेठी



जिले में लगातार पांच दिनों से हो रही बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। सड़कें और गलियां जलमग्न होने के साथ-साथ अब शिक्षा व्यवस्था भी प्रभावित होने लगी है। जिले के लगभग 35 प्राथमिक विद्यालयों में जलभराव की स्थिति बन गई है, जिससे छोटे बच्चों को स्कूल आने-जाने में परेशानी उठानी पड़ रही है। जलभराव से गुजरते हुए स्कूल पहुंचना छात्रों के लिए चुनौती बन गया है। कई विद्यालयों में खेल मैदान और परिसर पूरी तरह पानी में डूब गए हैं। प्राथमिक विद्यालय के कक्षा पांच के छात्र ने बताया कि पिछले तीन दिनों से स्कूल में पानी भरा है। हमें पानी से होकर स्कूल तक आना पड़ता है। डर तो लगता है, लेकिन पढ़ाई के लिए आना जरूरी है। अन्य छात्रों ने भी यही समस्या बताई और कहा कि बारिश के बावजूद वे पढ़ाई नहीं छोड़ सकते। बच्चों की सुरक्षा को लेकर अभिभावक चिंतित हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में कई माता-पिता बच्चों को खुद छोड़ने और लेने आ रहे हैं। उनका कहना है कि जलभराव के कारण सांप-बिच्छू और अन्य जीव-जंतुओं का खतरा बढ़ जाता है। अभिभावकों का मानना है कि छोटे बच्चों के लिए यह स्थिति बेहद खतरनाक है और प्रशासन को तत्काल कदम उठाने चाहिए। बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने स्वीकार किया कि अधिक बारिश के कारण विद्यालयों के मैदान और खुले स्थानों में पानी भर गया है। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि बच्चों की पढ़ाई प्रभावित नहीं हो रही है। सभी विद्यालय खुले हैं और शिक्षण कार्य जारी है। प्रभावित स्कूलों से जल्द ही पानी की निकासी कराई जाएगी। बीएसए ने कहा कि भारी बारिश का असर सिर्फ विद्यालयों तक सीमित नहीं है। शहरी इलाकों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक कई जगह सड़कों और गलियों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है। कई स्थानों पर लोगों को घर से बाहर निकलने में दिक्कत हो रही है। बाजारों में भी सामान्य गतिविधियां प्रभावित हैं।स्थानीय प्रशासन ने दावा किया है,कि जलभराव की समस्या को प्राथमिकता से निपटाया जा रहा है। प्रभावित विद्यालयों और मोहल्लों में पंपिंग सेट लगाकर पानी निकाला जा रहा है। अधिकारियों ने कहा कि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। और जहां भी जरूरत है, वहां राहत कार्य जारी रहेंगे।

# प्रदेश में मत्स्य पालन-उत्पादन के क्षेत्र में दोगुना से अधिक वृद्धि

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

प्रदेश में मत्स्य पालन के विकास हेतु पर्याप्त जल संसाधन उपलब्ध है जिनका सदुपयोग करते हुए प्रदेश को मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में रोजगार के अवसर सृजित करते हुए आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। भारत को विकसित राष्ट्र बनाए जाने में मत्स्य पालन की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। प्रदेश में पर्याप्त जल संसाधन उपलब्ध होने के फलस्वरूप मत्स्य विकास के अनुकूल अवसर एवं प्रचुर संभावनाएं हैं। प्रदेश में गंगा, यमुना, चम्बल, बेतवा, गोमती, घाघरा एवं राप्ती सहित कई सदा बहने वाली नदियाँ बहती हैं, जिनके दोनों किनारे एवं आसपास मछुआ समुदाय की घनी आबादी निवास करती है, जो आजीविका हेतु मुख्यतः मत्स्य पालन, मत्स्याखेट एवं मत्स्य विपणन कार्यों पर निर्भर है।

मत्स्य पालन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रो में बेकार पड़ी कृषि हेतु अनुपयुक्त भूमि तालाब पोखरों, जलाशयों का उपयोग करके अतिरिक्त आय अर्जित की जा सकती है। प्रदेश सरकार ग्रामीण अंचल के विशेष रूप से अनुसूचित जाति, अन्य पिछडा वर्ग एवं समाज के निर्बल, भूमिहीन, मजदूर एवं बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार का साधन जुटाने तथा सामाजिक व आर्थिक दशा सुधारने का एक अच्छा अवसर सुलभ करा रही है। प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने में प्रदेश में सबसे तेज वृद्धि मत्स्य उत्पादन की है। वर्ष 2018 में प्रदेश में मछली उत्पादन 6.3 लाख मीट्रिक टन था, जो वर्ष 2025 में बढ़कर 13.3 लाख मीट्रिक टन हो गया है। यह दोगुने से भी अधिक की वृद्धि है। वर्ष 2022-23 की तुलना में पिछले तीन वर्षों में 50 प्रतिशत से अधिक मत्स्य उत्पादन की वृद्धि हुई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 26 प्रतिशत की रिकॉर्ड वार्षिक वृद्धि हुई है। वर्ष 2020 से अब तक राज्य एवं केन्द्र पुरोनिधानित योजनाओं के अंतर्गत कुल मिलाकर 15,542 लाभार्थी लाभान्वित हुए है, जिन्हें अब तक कुल रु0 437.26 करोड़ का अनुदान दिया गया है।

प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजनाः- मत्स्य विभाग उत्तर प्रदेश में नीली क्रांति योजना वर्ष 2019-2020 तक संचालित थी जिसके स्थान पर भारत सरकार द्वारा नई उप योजनाओं को सम्मिलित कर योजनाओं की प्रोजेक्ट कास्ट में वृद्धि करते हुये प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना संचालित की है। इस योजना का उद्देश्य मात्स्यिकी उत्पादन में विस्तारीकरण में सघनता लाना, विविधीकरण के माध्यम से वृद्धि करना एवं भूमि व जल का उपजाऊ उपयोग करना है। वर्ष 2020 से वर्ष 2025 तक संचालित इस योजना के अन्तर्गत केन्द्र पोषित एवं केन्द्र पुरोनिधानित परियोजनाएं संचालित हैं। केन्द्र पुरोनिधानित परियोजना लाभार्थीपरक तथा अलाभार्थीपरक प्रकृति की हैं।

# हाईवे पर भीषण हादसा, हिस्ट्रीशीटर की इलाज के दौरान मौत, एक दिन पहले पड़ोसी के घर पर फेंका था हथगोला

जन एक्सप्रेस। अमेठी



जिले के कमरौली थाना क्षेत्र में बुधवार को लखनऊ-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर कठौरा मोड़ के पास तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार हिस्ट्रीशीटर गंभीर रूप से घायल हो गया।पुलिस की मदद से उसे अस्पताल पहुंचाया गया। लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र के दादरा गांव निवासी दीपक सिंह के रूप में हुई है। वह कमरौली इलाके में सक्रिय हिस्ट्रीशीटर था। और उस पर कई आपराधिक मुकदमे दर्ज थे। हादसे के समय उसकी बाइक की रफ्तार करीब सौ किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक बताई जा रही है।स्थानीय लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल दीपक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कमरौली भेजा। डॉक्टरों ने उसकी नाजुक हालत देखते हुए लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया।वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।जानकारी के मुताबिक मृतक दीपक सिंह ने अपने ही गांव दादरा में पड़ोसी के घर पर हथगोला फेंका था। घटना के बाद पूरे गांव में हड़कंप मच गया था।

हालांकि बाद में दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया और पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर विवाद को खत्म कर दिया। थाना कमरौली और मुसाफिरखाना पुलिस के अनुसार दीपक सिंह क्षेत्र का कुख्यात हिस्ट्रीशीटर था। उस पर हत्या के प्रयास, मारपीट, धमकी, अवैध असलहे रखने और गैंगेस्टर एक्ट समेत कई धाराओं में मुकदमे दर्ज थे। उसकी दबंगई के कारण क्षेत्र में लोग भयभीत रहते थे। कमरौली थाना अध्यक्ष ने बताया कि मृतक हिस्ट्रीशीटर था और उस पर कई गंभीर मामले दर्ज थे। हादसे की जानकारी परिजनों को दे दी गई है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। दीपक की मौत की खबर से दादरा गांव और आसपास के क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।ग्रामीणों का कहना है कि उसके आपराधिक कृत्यों से लोग लंबे समय से परेशान थे।वहीं परिवार के लोग गमगीन हैं।

## ट्रैफिक पुलिस ने सड़क किनारे खड़े ट्रकों पर कसा शिकंजा, ताबड़तोड़ कार्रवाई

जन एक्सप्रेस/रायबरेली। सड़कों के किनारे खड़े होने वाले वाहनों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। बुधवार को रतापुर चौराहा से मिलएरिया थाना तक अभियान चलाकर ऐसे चार वाहनों को सीज कर दिया। वहीं 42 वाहनों का चालान काटा। रतापुर चौराहा से मिलएरिया के पास सड़क के दोनों ओर ट्रक हर समय खड़े रहते हैं। ऐसे में दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। उस समय स्थित और विकट हो जाती है जब दोनों ओर से बड़े वाहन आते है तब सड़क पर रास्ता नहीं बचता है। यातायात प्रभारी इंद्रपाल सिंह ने बुधवार को अवैध रूप से खड़े वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। इस अभियान में चार ट्रकों को सीज किया गया। वहीं 28 ट्रक व 14 कमर्शियल वाहनों का चालान किया गया। ट्रैफिक पुलिस की इस कार्रवाई से वाहनों मालिकों में हड़कंप मचा रहा। ट्रैफिक इंचार्ज इंद्रपाल सिंह ने बताया कि सड़क किनारे की गई अवैध पार्किंग के कारण यातायात व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो रही है। लगातार मिल रही शिकायतों को लेकर यह कार्रवाई की गई है। निरीक्षण के दौरान जो वाहन सड़क किनारे अव्यवस्थित तरीके से खड़े पाए गए, उनके चालान काटे गए।

# पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर भीषण हादसा, कारोबारी दोस्तों समेत तीन की मौत-कार ट्रक से भिड़कर पिचकी

जन एक्सप्रेस। अमेठी



पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर बुधवार तड़के करीब दो बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। तेज रफ्तार ब्रेजा कार कैंटीन कट के पास हरियाणा नंबर के ट्रक से टकरा गई। भीषण टक्कर में कार सवार दो कारोबारी दोस्तों समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे,लेकिन कार पूरी तरह पिचक जाने से शव निकालना संभव नहीं हो पाया। करीब दो घंटे की मशक्कत और क्रेन की मदद से शवों को बाहर निकाला जा सका। हादसा शुकुल बाजार थाना क्षेत्र के 60.1 किलोमीटर पॉइंट पर तड़के साढ़े तीन बजे हुआ। जानकारी के अनुसार कार सवार तीनों लोग आजमगढ़ से लखनऊ लौट रहे थे। रास्ते में कैंटीन कट पर चाय पीने के लिए कार मोड़ रहे थे, तभी सामने से आ रहे ट्रक से कार साइड से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार आधी पिचक कर ट्रक के नीचे घुस गई। एयरबैग खुलने के बावजूद किसी की जान नहीं बच पाई। हादसे में कानपुर के बर्रा निवासी अर्पित विश्वकर्मा 32 वर्ष, विनय दुबे 32वर्ष और लखनऊ पराग डेयरी निवासी विमल पांडेय 40 वर्ष की मौत हो गई। विनय दुबे एक कंपनी चलाते थे, जो विभिन्न शहरों में प्रदर्शनियों के लिए कैनोपी और साइड वॉल लगाने का ठेका लेती थी।विमल पांडे उनके बिजनेस पार्टनर और पुराने दोस्त थे। दोनों आजमगढ़ में एक प्रदर्शनी साइट का निरीक्षण करने गए थे।मंगलवार रात लौटते समय उनके साथ ड्राइवर अर्पित भी था,जो हादसे का शिकार हो गया।

पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंचे परिजनों ने बताया कि विनय दुबे तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर थे। उनकी शादी 2010 में हुई थी। पिता रामकिशोर दुबे, मां शकुंतला, पत्नी आकांक्षा और आठ साल का बेटा सूर्यांश इस हादसे के बाद गहरे सदमे में हैं।बड़े भाई अजय और छोटे भाई अभय भी कारोबार से जुड़े हैं। विमल पांडे का बेटा हर्षित 20 वर्ष भी पिता का शव लेने कानपुर से अमेठी पहुंचा। व्यवसाय के साथ विनय दुबे सामाजिक और धार्मिक गतिविधियों से भी जुड़े थे। वे कानपुर स्थित गायत्री मंदिर संस्थान के उपाध्यक्ष थे।उनके निधन की खबर से पूरे इलाके में शोक की लहर है।पूर्व केंद्रीय मंत्री और अमेठी सांसद स्मृति ईरानी ने हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति और शोकाकुल परिवार को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।थाना अध्यक्ष अभिनेष कुमार ने बताया कि शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों को सूचना दे दी गई है। क्षतिग्रस्त कार और ट्रक को क्रेन से हटाकर यातायात सामान्य कराया गया है।

# आयकर भरने वाले भी ले रहे मुफ्त राशन

- जिले में 28 हजार से ज्यादा संदिग्ध राशनकार्ड, घर-घर जाकर होगा सत्यापन

जन एक्सप्रेस। अमेठी



राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत चल रही मुफ्त राशन योजना में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी का मामला सामने आया है।शासन स्तर से डेटा मिलान में खुलासा हुआ कि जिले में हजारों ऐसे लोग भी लाभ ले रहे हैं,जो पात्र नहीं हैं।इनमें आयकर जमा करने वाले कंपनियों के मालिक और बड़े व्यवसायी तक शामिल हैं। जिले में कुल 28,678 संदिग्ध राशनकार्ड धारक चिन्हित किए गए हैं। इनमें 826 ऐसी महिलाएं भी हैं, जिनके पति कंपनियों के मालिक हैं। और नियमित रूप से आयकर भरते हैं। इसके अलावा 847 लोगों के पास 5 एकड़ से अधिक भूमि है। जांच में यह भी सामने आया कि 12,455 कार्ड धारकों की सालाना आय दो लाख से अधिक है, जबकि 476 लोगों की आय तीन लाख से ऊपर पाई गई। यही नहीं, 56 व्यवसायियों का वार्षिक टर्नओवर 25 लाख रुपये से ज्यादा है तथा 1,619 कार्ड धारक मोटरसाइकिल के मालिक पाए गए। खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग ने राशनकार्ड धारकों का डेटा आयकर विभाग, सड़क परिवहन मंत्रालय और कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय से मिलान कराया। इसके बाद यह गड़बड़ी उजागर हुई। केंद्र सरकार ने ब्लॉकवार संदिग्ध कार्ड धारकों की सूची जिलों को भेज दी है। जिले में यह भी सामने आया कि 3,301लोगों के पास डुप्लीकेट राशन कार्ड हैं, जबकि 1,779 लोग ऐसे हैं जिन्होंने एक साल में एक बार भी राशन नहीं लिया। शासन ने इन सभी को संदिग्ध मानते हुए जांच कराने का आदेश दिया है। जिले में वर्तमान में 3,45,786 राशनकार्ड धारक हैं, जिनमें 69,959 अंत्योदय कार्ड धारक और 2,75,827 पात्र गृहस्थी कार्ड धारक शामिल हैं। इन सभी में कुल यूनिट की संख्या 14,22,310 है। पूर्ति विभाग ने कहा है कि शासन से मिली सूची के आधार पर घर-घर जाकर सत्यापन कराया जाएगा। जांच में अपात्र पाए जाने वालों के कार्ड निरस्त कर दिए जाएंगे और वास्तविक गरीब परिवारों को योजना से जोड़ा जाएगा। जिला पूर्ति अधिकारी शशिकांत सेन ने बताया कि शासन से प्राप्त सूची पर कार्यवाही शुरू कर दी गई है। सत्यापन के बाद दोषी पाए जाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

## विधायक के प्रयास से पशुपालकों को राहत

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

पिछले कई वर्षों से विधानसभा हरचंदपुर में यदि कोई पशु बीमार या चोटिल होता था तो उसके इलाज के लिए कोई एम्बुलेंस सुविधा नहीं थी, जिस समस्या को लेकर क्षेत्रीय लोगों ने विधायक राहुल लोधी से शिकायत की थी। विधानसभा के लोगों और पशु पालकों द्वारा इस बात का संज्ञान विधायक राहुल लोधी को कराने पर पिछले दिनों मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी से विधायक ने जाकर मुलाकात की। मिलकर खीरों ब्लॉक में एम्बुलेंस चलवाने हेतु ज्ञापन दिया था,उक्त पत्र को संज्ञान में लेते हुए पशुपालन विभाग द्वारा पशु चिकित्सा वाहन (यूपी32ईजी3705), खीरों ब्लॉक के चिकित्सालय को दे दिया गया है। अब सभी खीरों क्षेत्र के पशुपालकों को इससे बहुत बड़ी राहत मिलेगी। तथा पशुओं का समय से उचित इलाज संभव हो सकेगा।

# पूर्व सांसद ने बलरामपुर में ट्रेन ठहराव के लिए रेल राज्य मंत्री को दिया पत्र

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर



जनपद बलरामपुर के पड़ोसी जनपद सिद्धार्थ नगर के बढ़नी से उज्जैन बाया सूरत होते हुए मुंबई तक जाने वाली नई ट्रेन का बलरामपुर में ठहराव को लेकर पूर्व सांसद दद्दन मिश्र ने बुधवार को दिल्ली में रेल राज्यमंत्री रवनीत सिंह से कार्यकारी निदेशक धनंजय सिंह से मुलाकात की। उन्होंने ट्रेन संख्या 09044 बढ़नी बांद्रा का ठहराव बलरामपुर स्टेशन पर किये जाने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार 3 सितंबर को रेल राज्य मंत्री के कार्यकारी निदेशक को सौंपे गए पत्र में पूर्व सांसद दद्दन मिश्र ने कहा है कि बढ़नी से उज्जैन बाया सूरत होते हुए मुंबई तक नई ट्रेन का संचालन शुरू होने से उनके संसदीय क्षेत्र के श्रावस्ती और बलरामपुर जिले के लोगों में भी खुशी की लहर थी। लेकिन इस रेलगाड़ी का ठहराव पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी बाजपेयी के कर्मस्थली बलरामपुर स्टेशन पर नहीं है। यह ट्रेन बढ़नी से चलकर सीधे गोंडा स्टेशन पर रुकती है। बलरामपुर व श्रावस्ती के श्रमिक वर्ग के लोग जो सूरत और मुंबई में मजदूरी करते हैं साथ ही व्यापारी वर्ग जिनका भी आना-जाना इन दोनों स्थानों पर लगा रहता है, उन्हें निराशा हो रही है। यही नहीं उज्जैन स्थित बाबा महाकाल के भक्तगणों में भी इस ट्रेन का ठहराव न होने से निराशा है। उन्होंने श्रमिक, व्यापारी तथा महाकाल के भक्तों की आवश्यकताओं एवं अपेक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए बढ़नी से मुंबई जाने वाली गाड़ी संख्या-09044 का ठहराव बलरामपुर स्टेशन पर किये जाने की मांग की है। पूर्व सांसद ने बताया कि कार्यकारी निदेशक ने जल्द ही ट्रेन के ठहराव का आश्वासन दिया है।

# श्री गणपति विसर्जन शोभायात्रा को अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर



जनपद बलरामपुर में श्री गणपति महोत्सव केंद्रीय समन्वय समिति के तत्वावधान में बुधवार को गणपति विसर्जन शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गयी। शोभायात्रा में युवाओं सहित महिलाएं भी काफी उत्साहित दिखी, लोग तिरंगें को हाथ मे लेकर लहराते नजर आए, वहीं डीजे पर गणपति बप्पा मोरया की धुन पर लोग थिरकते हुए अबीर-गुलाल उड़ाए।

जानकारी के अनुसार 3 सितंबर को श्री गणपति महोत्सव केंद्रीय समन्वय समिति द्वारा वीर विनय चौराहा पर विर्सजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गेल्हापुर मंदिर के महंत बृजानंद महराज व विशिष्ट अतिथि के तौर पर सदर विधायक पलटू राम, नगर पालिका अध्यक्ष डॉ धीरेंद्र प्रताप सिंह **धीरू** रहे। आए हुए अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर गणेश प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात समिति के पदाधिकारियों ने आए हुए अतिथियों का बैच लगा कर व अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया। समिति के अध्यक्ष अविनाश मिश्रा ने सभी अतिथियों का आभार ज्ञापित किया। मंच का संचालन समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ तुलसीश दुबे ने किया। कार्यक्रम के दौरान बतौर आथिति के रूप में तहसीलदार विश्व दीपक तिवारी, सीओ सिटी ज्योति श्री, वरिष्ठ समाजसेवी राज कुमार श्रीवास्तव, भाजपा नेता डॉ अजय सिंह पिंकू, डॉ कुलदीप विश्वकर्मा, सभासद संजय मिश्रा, नगर कोतवाल सुधीर सिंह, यातायात प्रभारी उमेश सिंह को समिति द्वारा स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान गणेश पूजा समितियों के अध्यक्ष एवं महामंत्री को अंगवस्त्र भेंट कर प्रमाण पत्र देकर समिति द्वारा सम्मानित किया गया। उसके बाद वीर विनय चौराहे से गणेश प्रतिमाओं को अतिथियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। शोभायात्रा वीर विनय से चलकर मेन चौक, ठठेरी बाजार गर्ल्स कॉलेज, देवीदयाल तिराहा, बड़े पुल से पुनः मेन चौक बाजार होते हुए मेजर चौराहा से कालीथान के रास्ते से राप्ती नदी के सिसई घाट ले जाकर प्रतिमाओं को विसर्जित किया गया।

## आरेडिका के फोर्ज्ड व्हील प्लांट ने फोर्जिंग में बनाया नया कीर्तिमान

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (आरेडिका), रायबरेली के फोर्ज्ड व्हील प्लांट ने अगस्त 2025 में एक नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए 6446 एलएचबी व्हीलों की फोर्जिंग कर शानदार उपलब्धि हासिल की है। महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में यह उपलब्धि हासिल की गई, जो आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस दौरान प्लांट ने 5366 व्हीलों की मशीनिंग तथा 5215 व्हीलों को आउट टर्न भी किया। इससे पहले मार्च 2025 में फोर्जिंग की अधिकतम संख्या 5809 व्हीलों की थी, जिसे अगस्त में लगभग 11 प्रतिशत की वृद्धि के साथ पीछे छोड़ दिया गया। महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि यह उपलब्धि फोर्ज्ड व्हील प्लांट की टीम की मेहनत, समर्पण और प्रतिबद्धता का प्रतिफल है। उन्होंने बताया कि पहले भारत को फोर्ज्ड व्हीलों के लिए विदेशी स्रोतों पर निर्भर रहना पड़ता था।

# गायत्री महायज्ञ हेतु केन्द्रीय प्रतिनिधि प्रभारी का गायत्री परिजनों को मिला मार्गदर्शन

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर



जनपद बलरामपुर के लिए बुधवार को शान्तिकुंज हरिद्वार से 108 कुण्डीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ हेतु गायत्री परिवार को मिला शक्ति कलश प्राप्त हुआ।

जानकारी के अनुसार 3 सितंबर को अखिल विश्व गायत्री परिवार शान्तिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में आगामी 26 से 30 नवम्बर 2025 को बलरामपुर में होने वाले 108 कुण्डीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ वा सजल श्रद्धा -प्रखर प्रज्ञा लोकार्पण एवं युगाधिपति भगवान महाकाल की प्राण प्रतिष्ठा का भव्य कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा है। इस कार्यक्रम की सफलता हेतु गायत्री परिवार बलरामपुर के 35 सदस्यीय दल ने शक्ति कलश ग्रहण करने के पूर्व शान्तिकुंज हरिद्वार के केन्द्रीय कार्यालय के परिसर में केन्द्रीय प्रतिनिधि उत्तर जोन प्रभारी नरेन्द्र ठाकुर का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त किया। उन्होंने कार्यक्रम आयोजन के विभिन्न पहलुओं को बताया तथा कार्यक्रम की सफलता हेतु सभी को गुरु देव वा माता जी की समाधि स्थल पर संकल्प दिलाया।

इसके बाद गायत्री परिवार प्रमुख डॉ0 प्रणव पंड्या एवं जीजी शैलबाला पंड्या द्वारा विधिवत वैदिक कर्मकाण्ड व वैदिक मंत्रों द्वारा पूजित शक्ति कलश को शान्तिकुंज के व्यवस्थापक गिरी जी ने महिला मंडल प्रमुख रामदुलारी को प्रदान किया। गायत्री परिवार महिला मंडल की सदस्यों ने शक्ति कलश को सिर पर धारण कर सभी परिजनों ने जयघोष व शंखनाद तथा शक्ति कलश आये देखो भाग्य हमारे एवं आओ- आओ सुहागिन कलश सिर धारण करो गीत गाते हुए अखण्ड दीप द्वार से लेकर, गायत्री माता मंदिर के दर्शन कर पूरे शान्तिकुंज का भ्रमण करते हुए अन्त में समाधि स्थल पर गुरु जी व माता जी के आर्शीवाद हेतु रख दिया। गायत्री परिवार मीडिया प्रभारी सुनील वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि शक्ति कलश भ्रमण के दौरान शक्ति कलश को महिला मंडल प्रमुख रामदुलारी गुप्ता के बाद, चेतना कुण्ड, मीरा मिश्रा, रानी मिश्रा, संगीता जायसवाल वा रचना गुप्ता ने अपने सिर पर धारण किया। इस पूरे आयोजन में व्यवस्थापक व ट्रस्टी सतीश चन्द्र मिश्रा, मुख्य प्रबंध ट्रस्टी राम आधार मोदनवाल, उप प्रबंध ट्रस्टी डॉ0 के0के0 राणा, ट्रस्टी अशोक गुप्ता, विजलेश्वरी कसेरा, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा संयोजक गुलाब चन्द भारती, जिला सह समन्वयक सीताराम वर्मा व शिवकुमार सिंह, प्रवीण, उमाकांत कुंड, कृष्ण कुमार कश्यप, लोकेश श्रीवास्तव, संजय साहू, पचपेड़वा से कृष्ण कुमार पाण्डेय, जनपद युवा प्रभारी सन्दीप जायसवाल, केसरी, एल वी सिंह, व्योम, भूपेंद्र, बालक नमो वा बालिका प्रज्ञा शामिल रहे।

# धर्मशाला में भारत-साउथ अफ्रीका टी20 मैच की तैयारी शुरू

## आउटफील्ड में लगेगी नई राई घास, 14 दिसंबर को होगा मुकाबला



**धर्मशाला (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, धर्मशाला, दिसंबर में एक और हाई-वोल्टेज मुकाबले की मेजबानी के लिए तैयार है। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच होने वाला तीसरा टी-20 मैच यहां नई राई घास पर खेला जाएगा। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एचपीसीए) ने आउटफील्ड से पुरानी मिक्स घास हटाकर सर्दियों में पनपने वाली राई घास लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। एचपीसीए अधिकारियों के मुताबिक, अगले एक हफ्ते में पुरानी मिक्स घास पूरी तरह हटा दी जाएगी। इसके बाद राई घास का बीज डाला जाएगा, जिसे उगाने में 22 से 25 दिन लगेंगे। यह घास सर्दियों में तेजी से बढ़ती है और खेल के लिए बेहतरीन मानी जाती है, जिससे दिसंबर में होने वाले मैच के लिए एक शानदार आउटफील्ड तैयार हो जाएगी।

# भारत के प्रणव नें जीता फुजेराह ग्लोबल शतरंज चैंपियनशिप का खिताब



**फुजेराह , यूएई (एजेंसी)।** फुजेराह ग्लोबल शतरंज चैंपियनशिप के सुपर स्टार्स वर्ग का खिताब भारत के युवा शतरंज खिलाड़ी प्रणव वी नें अपने नाम कर लिया है । प्रणव नें अंतिम राउंड में पहले बोर्ड पर स्पेन के ग्रांड मास्टर एलन पीचोट को एक शानदार हाथी के एंडगेम में पराजित करते हुए 7 अंक बनाकर शानदार अंदाज में यह प्रतिष्ठित खिताब अपने नाम कर लिया है । इसके साथ ही प्रणव नें अपनी लाइव रेटिंग में 28 अंक जोड़ते 2631 की अपने खेल जीवन की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग पर पहुँच गए है । साथ ही उन्होने 17.6 फीडे सर्किट अंक भी हासिल कर लिए है । पहले पुरुस्कार के तौर पर प्रणव नें 23000 डॉलर भी अपने नाम किए । शीर्ष 10 के सभी बोर्ड पर हर बाजी का अपना महत्व था क्यूंकी हर परिणाम शीर्ष 10 के खिलाड़ियों को तय करने वाला था । दूसरे बोर्ड पर ईरान के अमीन तबातबाई को जर्मनी के अलेक्ज़ेंडर डोनचेंको नें ड्रॉ पर रोका तो ब्रांडोन नें आज तीसरे बोर्ड पर शीर्ष वरीय भारत के निहाल सरीन से बाजी ड्रॉ खेली वहीं चौंथे बोर्ड पर हंगरी के सनन सुज्गिरोव को यूएसए के अभिमन्यु मिश्रा नें ड्रॉ पर रोक लिया वही इन तीनों ड्रॉ का फायदा मिला मेक्सिको के होस एडुयार्डो मार्टिनेज को जिन्होने यूएसए के सैम शंकलंद को पराजित करते हुए शीर्ष तीन में अपना स्थान पक्का कर लिया ।

# इरफान पठान बोले-मेरी बॉलिंग की स्ट्रेंथ कभी कम नहीं हुई

## मुझे पुरानी बॉल मिलने लगी थी, मेरी गेंद अब भी स्विंग होती है

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान ने अपनी बॉलिंग की स्ट्रेंथ पर कहा कि मेरा रोल बदल दिया गया था, मेरी बॉलिंग की स्ट्रेंथ कभी कम नहीं हुई। पठान ने एशिया कप से पहले सोनी स्पोर्ट्स के मीडिया-डे दौरान मीडिया से वर्चुअल बातचीत की। इस दौरान पठान ने अपने गेंदबाजी करियर और भूमिका को लेकर उठने वाले सवालों पर खुलकर जवाब दिया। उन्होंने दैनिक भास्कर के सवाल पर कहा, मेरी स्ट्रेंथ कभी कम नहीं हुई। मेरा रोल बदल दिया गया थी, यानी मुझे पुरानी बॉल दी जाने लगी। 2003-04 से 2006 तक मैंने नई गेंद से गेंदबाजी की। उसके बाद 2007 से मुझे लगातार नई गेंद नहीं मिलती थी। उन्होंने आगे कहा, जैसे विराट कोहली तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हैं, अगर उन्हें सातवें नंबर पर भेज दिया जाए तो उनकी क्षमता कम नहीं होगी, बल्कि उनकी भूमिका बदल जाएगी और उसके साथ ही आंकड़े भी बदलेंगे।

# जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा नंबर-1 वनडे ऑलराउंडर

## बैटर्स की वनडे, टेस्ट और टी-20 रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं; बॉलर्स में बुमराह टॉप पर



**दुबई (एजेंसी)।** जिम्बाब्वे के ऑलराउंडर सिकंदर रजा नंबर-1 वनडे ऑलराउंडर बन गए हैं। बुधवार को जारी आईसीसी रैंकिंग में रजा ने अफगानी ऑलराउंडर अजमतुल्लाह ओमरजई को पीछे छोड़ा। रजा ने करियर की बेस्ट रेटिंग हासिल की। उनके अब 302 रेटिंग पॉइंट्स हों गए हैं। टीम रैंकिंग की बात की जाए तो भारत वनडे और टी-20 में पहले नंबर पर है। वहीं ऑस्ट्रेलिया टेस्ट में नंबर-1 पर है। बैटर्स की वनडे, टेस्ट और टी-20 के टॉप-10 रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं हुआ है। बॉलर्स की टेस्ट रैंकिंग में न्यूजीलैंड के मैट हेनरी नंबर-3 पर आ गए हैं। वहीं जसप्रीत बुमराह पहले नंबर पर बने हुए हैं। टी-20 बॉलर्स रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं हुआ है। ऑलराउंडर्स टेस्ट रैंकिंग में रवींद्र जडेजा पहले स्थान पर हैं। वहीं टी-20 में हार्दिक पंड्या टॉप पर बने हुए हैं।

### निसांका ने 7 स्थान की छलांग लगाई

जिम्बाब्वे के खिलाफ हरारे स्पोर्ट्स क्लब में दोनों वनडे जीतने के बाद श्रीलंकाई खिलाड़ियों ने भी रैंकिंग में छलांग लगाई है। पथुम निसांका (654 अंक) बल्लेबाजी रैंकिंग में सात स्थान ऊपर 13वें पर पहुंच गए। उन्होंने सीरीज में 122 और 76 रनों की पारी खेली।

जनिथ लियानागे 13 स्थान चढ़कर 29वें पर पहुंच गए। गेंदबाजी रैंकिंग में असिथा फर्नांडो को 6 और दिलशान मधुशंका को 8 स्थान ला फायदा मिला है।

साउथ अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज नंबर-1 वनडे गेंदबाज हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ पहले वनडे में चार विकेट लेने के बाद 31 रेटिंग अंकों की बढ़त कुल 690 अंक बना ली। भारत के शुभमन गिल नंबर-1 वनडे बल्लेबाज हैं। उनके 784 अंक हैं।

### रजा ने दो अफगानी प्लेयर्स को पीछे छोड़ा

रजा अफगानिस्तान के ऑलराउंडर मोहम्मद नबी (292 अंक) और अजमतुल्लाह उमरजई (296 अंक) को पछाड़कर शीर्ष पर पहुंचे हैं। नबी तीसरे और उमरजई दूसरे पायदान पर हैं। रजा ने हाल ही में श्रीलंका के खिलाफ दो वनडे मैचों की सीरीज में 92 और 59 रनों की नाबाद पारी खेली थी। इस दौरान उन्होंने एक विकेट भी चटकाया था। 39 साल के रजा बल्लेबाजी रैंकिंग में भी नौ स्थान ऊपर चढ़कर 22वें पर चले गए हैं।

# जोकोविच 14वीं बार यूएस ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे

## जिमी कोनर्स के रिकॉर्ड की बराबरी की, अब अल्काराज से होगा सामना



**यूएस (एजेंसी)।** सर्बिया के स्टार टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच यूएस ओपन 2025 के सेमीफाइनल में पहुंच गए है। उन्होंने मेंस सिंगल्स के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में अमेरिकी खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज को 6-3, 7-5, 3-6, 6-4 से हराया। यह उनका 14वां यूएस ओपन सेमीफाइनल है। उन्होंने इस जीत के साथ जिमी कोनर्स के सबसे ज्यादा 14 बार स ओपन सेमीफाइनल में पहुंचने के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। वहीं, स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने भी सेमीफाइनल में अपनी जगह बना ली है। जहां उनका सामना जोकोविच से होगा। जोकोविच (बाएं) ने टेलर फ्रिट्ज को 6-3, 7-5, 3-6, 6-4 से हराया।

### जोकोविच ने बेटी तारा के लिए डांस किया

जोकोविच का यह कुल 53वां ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल है। फ्रिट्ज के खिलाफ उनका अब तक का रिकॉर्ड 11-0 का हो गया है। मैच के दौरान उन्होंने दर्शकों की ओर से शोरगुल पर नाराजगी जताई, लेकिन अपनी लय बनाए रखी। जीत के बाद जोकोविच ने अपनी बेटी तारा के आठवें जन्मदिन पर खास अंदाज में डांस किया। अब सेमीफाइनल में उनका सामना स्पेन के युवा स्टार अल्कराज से होगा।

### अल्कराज ने लेहेका को सीधे सेटों में हराया

अल्कराज ने एक अन्य क्वार्टर फाइनल में चेक खिलाड़ी जिरी लेहेका को सीधे सेटों में मात देकर सेमीफाइनल में जगह बना ली है। उन्होंने लेहेका को 6-4, 6-2, 6-4 से हराया। इस टूर्नामेंट में उन्होंने अब तक कोई सेट नहीं गंवाया है।

# ट्राई सीरीज, अफगानिस्तान ने पाकिस्तान को 18 रन से हराया

## जादरान-अटल ने 113 रन की साझेदारी की, राशिद, नूर और नबी ने लिए 2-2 विकेट

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** शारजाह में खेले गए ट्राई सीरीज टी-20 मैच में अफगानिस्तान ने पाकिस्तान को 18 रन से हराया। अपने देश में हाल ही में हुई त्रासदी के बीच यह जीत अफगान खिलाड़ियों के लिए बेहद खास रही। टीम की जीत में बल्लेबाज इब्राहिम जादरान और सिदीकुल्लाह अतल की 113 रन की साझेदारी और फिर स्पिन गेंदबाजों की घातक गेंदबाजी ने अहम भूमिका निभाई। अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट के नुकसान पर 169 रन बनाए। पाकिस्तानी टीम 9 विकेट के नुकसान पर 151 रन ही बना सकी।




**जादरान और अतल के बीच 113 रन की साझेदारी** - अफगानिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी और चौथे ओवर तक अफगानिस्तान का स्कोर मात्र 18 रन था, जिसमें रहमानुल्लाह गुरबाज का विकेट भी शामिल था। इसके बाद जादरान (65 रन) और अतल (64 रन) ने मोर्चा संभाला। दोनों ने धीरे-धीरे पारी को आगे बढ़ाया। 14वें ओवर में सूफियान मुकीम के खिलाफ 20 रन बटोरकर दोनों ने अपनी साझेदारी को और मजबूत किया। यह 113 रन की साझेदारी अफगानिस्तान की टी-20 इतिहास में दूसरी विकेट के लिए दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी बन गई।

# कोहली ने लंदन में पास किया फिटनेस टेस्ट

## बीसीसीआई अधिकारियों की निगरानी में हुआ; विदेश में टेस्ट पर उठ रहे हैं सवाल

**लंदन (एजेंसी)।** विराट कोहली ने लंदन में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अधिकारियों की निगरानी में फिटनेस टेस्ट पास कर लिया है। कोहली ने बीसीसीआई से लंदन में फिटनेस टेस्ट देने की अनुमति मांगी थी। यह टेस्ट बीसीसीआई के फिजियोथेरेपिस्ट और स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच की देखरेख में हुआ। विराट से पहले 38 साल के रोहित शर्मा ने बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में फिटनेस टेस्ट पास किया था। उन्होंने यो-यो के साथ ब्रोंको टेस्ट भी पूरा किया था।



**विराट के लंदन में फिटनेस टेस्ट देने पर सवाल -** विराट कोहली के बेंगलुरु की बजाय लंदन में फिटनेस टेस्ट देने पर सवाल उठ रहे हैं। भारतीय टीम के अन्य खिलाड़ी 29 अगस्त को बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई ) बेंगलुरु में अपने फिटनेस टेस्ट के लिए मौजूद थे।

- **लंदन में परिवार संग विराट** - विराट कोहली इस समय अपने परिवार के साथ इंग्लैंड में ही रह रहे हैं और वहीं प्रैक्टिस कर रहे हैं। उन्होंने तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी से पहले टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। इससे पहले, 2024 टी-20 विश्व कप फाइनल के बाद उन्होंने रोहित शर्मा और रवींद्र जडेजा के साथ टी-20 फॉर्मेट से भी संन्यास ले लिया था। वर्तमान में विराट केवल वनडे क्रिकेट खेल रहे हैं। वे अक्टूबर-नवंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज में भारतीय टीम का हिस्सा हो सकते हैं।
- **गिल-बुमराह भी फिटनेस टेस्ट पास कर चुके हैं** - बेंगलुरु में आयोजित प्री-सीजन फिटनेस टेस्ट में भारत के एशिया कप खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। उप-कप्तान शुभमन गिल, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, यशस्वी जायसवाल, वॉशिंगटन सुंदर और शार्दूल ठाकुर ने भी अपने फिटनेस टेस्ट पास किए।

# धोनी की तरह 'कैप्टन कूल' बनना चाहती हैं पाकिस्तानी कप्तान फातिमा सना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आगामी आईसीसी वनडे विश्व कप में पाकिस्तान की कप्तानी करने जा रही फातिमा सना भारत के विश्व कप विजेता कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से प्रेरणा लेती हैं और उन्हीं की तरह 'कैप्टन कूल' बनने की ख्वाहिश भी रखती हैं। अप्रैल में हुए क्वालीफायर्स में अपराजेय रहने वाली पाकिस्तानी टीम भारत और श्रीलंका में 30 सितंबर से दो नवंबर तक होने वाले वनडे विश्व कप में अपने अभियान का आगाज दो अक्टूबर को कोलंबो में बांग्लादेश के खिलाफ करेगी।

23 वर्ष की फातिमा ने लाहौर से दिए इंटरव्यू में कहा, 'विश्व कप जैसे बड़े टूर्नामेंट में कप्तानी करने पर शुरू में थोड़ा नर्वस होना लाजमी है लेकिन मैं बतौर कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से प्रेरणा लेती हूं। उन्होंने कहा, 'मैने उनके भारत के कप्तान के तौर पर और आईपीएल मैच देखे हैं। वह जिस तरह मैदान पर फैसले लेते हैं, शांत रहते हैं और अपने खिलाड़ियों का समर्थन करते हैं, उससे काफी कुछ सीखने को मिलता है। जब मुझे कप्तानी मिली थी तभी मैने सोचा था कि धोनी की तरह बनना है। उनके इंटरव्यू भी देखे तो काफी कुछ सीखने को मिला।

धोनी ने 15 अगस्त 2020 को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से विदा ली जबकि फातिमा ने छह मई 2019 को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। महिला वनडे विश्व कप में पाकिस्तान पांच बार (1997, 2009, 2013, 2017 और 2022 में) खेला है लेकिन 1997, 2013 और 2017 में एक भी मैच नहीं जीत सकी। पिछली बार 2022 में एकमात्र जीत हैमिल्टन में वेस्टइंडीज के खिलाफ मिली लेकिन बाकी सारे मैच हारकर टीम आखिरी स्थान पर रही थी।



पाकिस्तान के लिए 34 वनडे में 397 रन बनाने और 45 विकेट लेने वाली हरफनमौला फातिमा को यकीन है कि इस बार यह मिथक टूटेगा क्योंकि युवा खिलाड़ियों को पता है कि उनके प्रदर्शन से देश में महिला क्रिकेट का मुस्तकबिल तय होगा। उन्होंने कहा, 'इस बार यकीनन यह मिथक टूटेगा क्योंकि युवा खिलाड़ियों को पता है कि पाकिस्तान महिला क्रिकेट के लिए यह टूर्नामेंट कितना अहम है। हम अतीत के बारे में नहीं सोचेंगे। मेरा लक्ष्य टीम को सेमीफाइनल तक ले जाना है।

उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान में लड़कियां अब स्कूलों में क्रिकेट खेलने लगी है और अंतरराष्ट्रीय मैच लाइव दिखाये जा रहे हैं। आईसीसी ने भी महिला विश्व कप के लिए पुरस्कार राशि बढ़ाकर बहुत अच्छी पहल की है जिससे पाकिस्तान जैसे देश में महिला क्रिकेट को फायदा मिलेगा । लेकिन अभी भी एक बैरियर है जो हमें इस टूर्नामेंट के जरिये तोड़ना है। उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान में महिला क्रिकेट को उस तरह कैरियर विकल्प के रूप में नहीं देखा जाता और उतना समर्थन नहीं है लेकिन अगर हम अच्छा खेलते हैं तो काफी फर्क पड़ेगा।

गेंदबाजों खासकर स्पिनरों को वह टीम की कामयाबी की कुंजी मानती हैं लेकिन उन्होंने कहा कि बल्लेबाजी पर भी पिछले एक साल में काफी काम किया गया है। उन्होंने कहा, 'हमारे पास आला दर्जे के गेंदबाज हैं और स्पिनर हमारे ट्रंपकार्ड होंगे। हम बल्लेबाजी से ज्यादा गेंदबाजी पर निर्भर करेंगे लेकिन पिछले एक साल में बल्लेबाजी पर काफी काम किया है जिसका नतीजा मिलेगा।

उन्होंने कहा कि टीम का फोकस क्वालीफायर वाली लय को कायम रखने पर होगा और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टूर्नामेंट से पहले होने वाली तीन मैचों की श्रृंखला से टीम संयोजन तैयार करने में मदद मिलेगी। लाहौर में शिविर में अभ्यास कर रही पाकिस्तानी टीम ने अप्रैल में क्वालीफायर्स के बाद घरेलू मैच ही खेले हैं लेकिन कप्तान तैयारियों से संतुष्ट है। उन्होंने कहा, 'हमने घरेलू क्रिकेट में आपस में मैच खेले थे।

# साउथ अफ्रीका ने 7 विकेट से जीता लीड्स वनडे

## इंग्लैंड 131 रन पर ऑलआउट, महाराज-मुल्डर ने मिलकर 7 विकेट लिए; मार्करम की फिफ्टी

**लीड्स (एजेंसी)।** साउथ अफ्रीका ने इंग्लैंड को पहले वनडे में 7 विकेट से हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। लीड्स के हेडिंग्ले स्टेडियम में पहले बैटिंग करने उतरी इंग्लिश टीम 131 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। साउथ अफ्रीका ने 20.5 ओवर में 3 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया।

**इंग्लैंड ने 80 रन तक 2 ही विकेट गंवाए थे -** हेडिंग्ल स्टेडियम में साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। इंग्लैंड ने तीसरे ओवर में ही बेन डकेट का विकेट गंवा दिया। वे 5 रन बनाकर आउट हुए, उन्हें नांद्रे बर्गर ने कैच करा दिया। नंबर-3 पर उतरे जो रूट ने फिर जैमी स्मिथ के साथ टीम को 50 के करीब पहुंचा दिया। रूट 17 रन बनाकर आउट हुए, उन्हें लुंगी एनगिडी ने विकेटकीपर रायन रिकेलटन के हाथों कैच करा दिया। कप्तान हैरी ब्रूक ने फिर स्मिथ के साथ टीम को 100 के करीब पहुंचा दिया। टीम ने 80 रन तक 2 ही विकेट गंवाए थे, लेकिन फिर ब्रूक 12 रन बनाकर रन आउट हो गए।



**जैमी स्मिथ के आउट होते ही बिखरी इंग्लिश टीम** - ओपनर स्मिथ ने फिफ्टी लगाई और जोस बटलर के साथ मिलकर टीम को 100 रन के पार पहुंचा दिया। स्मिथ 54 रन बनाकर आउट हुए, उन्हें वियान मुल्डर ने कैच कराया। स्मिथ के आउट होते ही इंग्लिश टीम बिखर गई। 101 रन के स्कोर पर इंग्लैंड ने 3 ही विकेट गंवाए थे। यहां से टीम ने 30 रन बनाने में आखिरी 7 विकेट गंवा दिए। विकेटकीपर जोस बटलर ने 15 रन बनाए, उनके बाद बाकी 6 बैटर्स 10 रन का आंकड़ा भी नहीं छू सके। इंग्लिश टीम 24.3 ओवर ही बैटिंग कर सकी।

**महाराज ने 4 विकेट लिए -** साउथ अफ्रीका के लिए लेफ्ट आर्म स्पिनर केशव महाराज ने 22 रन देकर 4 विकेट लिए। यह इंग्लैंड के खिलाफ साउथ अफ्रीका के किसी स्पिनर का बेस्ट वनडे बॉलिंग फिगर है। मीडियम पेसर वियान मुल्डर ने 33 रन देकर 3 विकेट लिए। लेफ्ट आर्म पेसर नांद्रे बर्गर और राइट आर्म पेसर लुंगी एनगिडी को 1-1 विकेट मिला। कॉर्बिन बॉश कोई विकेट नहीं ले सके। एक बैटर रन आउट भी हुआ।

**साउथ अफ्रीका की मजबूत शुरुआत -** 132 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी साउथ अफ्रीका टीम की शुरुआत मजबूत रही। टीम ने इंग्लैंड से डेब्यू कर रहे सोनी बेकर के खिलाफ शुरुआती 3 ओवर में 44 रन बटोर लिए। हालांकि, दूसरे एंड पर जोफ्रा आर्चर ने जरूर किफायती बॉलिंग की, उन्होंने अपने 5 ओवर में महज 8 रन खर्च किए। ऐडन मार्करम ने अपनी फिफ्टी पूरी कर ली। पहले पावरप्ले में साउथ अफ्रीका ने 67 रन बनाए।

# रोहित और विराट के 2027 विश्व कप में खेलने पर बोले आकाश चोपड़ा, यह भी बहुत दूर की बात है

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** विराट कोहली और रोहित शर्मा के 2027 विश्व कप को लेकर बहुत सी अटकलें लगाई जा रही हैं जिसमें उनका टीम में ना होना भी शामिल। लेकिन इन सवालिया निशानों के बीच पूर्व क्रिकेटर और मौजूदा कमेंटेटर आकाश चोपड़ा को लगता है कि दोनों के पास एक और बार खेलने के लिए कौशल और फिटनेस दोनों हैं। चोपड़ा ने कहा, दोनों विश्व कप तक खेल सकते हैं। चूंकि 2027 विश्व कप दक्षिण अफ्रीका में है, इसलिए अनुभव और कौशल की आवश्यकता होगी। फिर से, यह भी बहुत दूर की बात है, लेकिन दोनों के पास 2027 विश्व कप तक खेलने की वास्तविक संभावनाएं हैं। हालांकि, वे कम क्रिकेट खेल रहे हैं, और मुझे यह पसंद नहीं है। टेस्ट और



टी20 मैच न खेलने का मतलब है कि विराट और रोहित अब बहुत कम खेलेंगे। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि उन्हें ज्यादा क्रिकेट खेलना चाहिए था। अगर वे टेस्ट खेलते रहते, तो वे काफी क्रिकेट खेलते। मुझे नहीं पता कि उन्होंने टेस्ट क्यों छोड़ दिया और वनडे क्यों खेल रहे हैं, और टी20 भी (साभार-एजेंसी)








**बारिश के कहर को लेकर प्रशासन का...**

गाज़ियाबाद में पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही तेज बारिश ने शहरवासियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। मौसम विभाग द्वारा जारी ऑरेंज अलर्ट ने स्थिति की गंभीरता को और रेखांकित किया है। इंदिरापुरम, वैशाली, कौशांबी, और वसुंधरा सहित शहर के अन्य निचले... ▸ पढ़ें पेज 12 पर...




## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# भारत की आतंकवाद पर कूटनीतिक जीत

**एससीओ जैसे मंच पर, जहां रूस, चीन, मध्य एशियाई देश और पाकिस्तान मौजूद हों, वहां भारत की बात को मान्यता मिलना भारत की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय हैसियत को दर्शाता है। आज भारत सिर्फ एक क्षेत्रीय शक्ति नहीं, बल्कि विश्व राजनीति का अहम ध्रुव बन चुका है। दरअसल, इसकी वजह है दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होना, रक्षा और तकनीकी क्षेत्र में आत्मनिर्भरता, अंतरिक्ष में अद्वितीय उपलब्धियां और वैश्विक मंचों पर संतुलित कूटनीति। यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शक्तिशाली भारत का सपना अब जमीन पर उतरता दिखा।**

*भारत ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि 21वीं सदी का भविष्य उसके नेतृत्व और उसकी रणनीतिक सोच से तय होगा। चीन में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक भारत के लिए एक ऐतिहासिक कूटनीतिक जीत के रूप में सामने आई है। इस बैठक के बाद जारी घोषणापत्र में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की गई है, साथ ही आतंकवाद के खिलाफ सामूहिक लड़ाई का संकल्प भी लिया गया। खास बात यह रही कि यह सब पाकिस्तान की मौजूदगी में हुआ, जो लंबे समय से आतंकवाद को संरक्षण देने के आरोपों से घिरा रहा है। तियानजिन में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकवाद पर कड़ा प्रहार किया। प्रधानमंत्री ने कहा, आतंकवाद शांति की राह में सबसे बड़ा खतरा है। पाकिस्तान का नाम लिए बिना पीएम मोदी ने सीमापार आतंकवाद पर सख्त चेतावनी दी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि भारत पिछले चार दशकों से आतंकवाद का दर्द झेल रहा है, लेकिन आज का भारत न नया है, न कमज़ोर, बल्कि हर चुनौती का डटकर सामना करने वाला है। पीएम मोदी ने एससीओ देशों को चेताया कि आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद पूरे क्षेत्र की शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए सबसे बड़ा खतरा हैं। उन्होंने कहा कि भारत न केवल आतंक के खिलाफ खड़ा है बल्कि अल-कायदा से जुड़े नेटवर्क के खिलाफ संयुक्त जानकारी अभियान भी चला रहा है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने यह भी दोहराया कि सुरक्षा, शांति और स्थिरता ही विकास की आधारशिला हैं। आतंकवाद एक वैश्विक चुनौती है, और इसका समाधान भी वैश्विक एकजुटता से ही होगा।÷ बैठक के बाद सभी सदस्य देशों ने जिस तरह आतंकवाद की भर्त्सना की और विशेष रूप से पहलगाम आतंकी हमले का उल्लेख किया, वह भारत के लिए बड़ी सफलता है। घोषणापत्र में साफ कहा गया कि मृतकों और घायलों के परिवारों के प्रति सभी सदस्य देशों की गहरी संवेदना है और ऐसे हमलों को अंजाम देने वालों को न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए। यहां देखने में आया कि पाकिस्तान पूरी तरह अकेला पड़ गया। वर्षों से पाकिस्तान आतंकी गतिविधियों पर पर्दा डालने की कोशिश करता रहा है, लेकिन इस बार रूस और चीन जैसे बड़े देशों की मौजूदगी में पाकिस्तान को करारा झटका लगा है। भारत लगातार यह कहता आया है कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में कोई दोहरा मापदंड नहीं होना चाहिए। आतंकी हमले को अच्छा और बुरा कहकर अलग-अलग खेमों में बांटना खतरनाक है। एससीओ के घोषणापत्र में पहली बार यही बात दर्ज की गई। इसमें कहा गया कि आतंकवादियों की सीमा पार गतिविधियों सहित सभी रूपों में आतंकवाद की निंदा की जाती है और वैश्विक समुदाय से एकजुट होकर इसके खिलाफ काम करने का आह्वान किया गया। यह भारत की वह लाइन है जो अब अंतरराष्ट्रीय घोषणापत्र का हिस्सा बन चुकी है। घोषणापत्र में कहा गया कि सभी सदस्य देश आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसमें यह भी उल्लेख किया गया कि आतंकवाद का मुकाबला करने में प्रत्येक संप्रभु राष्ट्र और उसके सक्षम प्राधिकारियों की भूमिका का सम्मान किया जाएगा। यह भारत की उस नीति से मेल खाता है जिसमें वह राष्ट्रीय संप्रभुता और आंतरिक सुरक्षा को सर्वोच्च मानता है।*

### एक्सप्रेस आलेख

**मोदी की चीन यात्रा से सबसे बड़ा संदेश यही गया कि भारत अब प्रतिक्रियाशील शक्ति नहीं रहा। वह वैश्विक राजनीति और व्यापार में सक्रिय और आत्मविश्वासी ध्रुव के रूप में उभर रहा है। यह यात्रा इस तथ्य को पुष्ट करती है कि भारत की विदेश नीति अब केवल किसी एक गुट पर निर्भर नहीं, बल्कि बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था में संतुलन साधने की दिशा में आगे बढ़ रही है। उसके लिए अपने नागरिकों के हित सर्वोपरि हैं। देश की सुरक्षा और संप्रभुता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा, और ये शक्ति शाली भारत न रुकेगा न किसी अन्य देश के सामने झुकेगा। फिलहाल इस यात्रा के ठोस नतीजे सामने आने में हमें इंतजार करना होगा।**

# प्रधानमंत्री मोदी की चीन यात्रा से भारत को क्या हासिल हुआ?



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**वित्त वर्ष 2024-25 में भारत-रूस व्यापार 68.7 अरब डॉलर तक पहुँच गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में कई गुना वृद्धि दर्शा रहा है। इसका मुख्य कारण रूस से बड़े पैमाने पर सस्ते कच्चे तेल का आयात है। ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने में यह सहयोग भारत के लिए अनिवार्य हो गया है। साथ ही, रूस भारत का पारंपरिक रक्षा सहयोगी है और अंतरिक्ष विज्ञान में भी दोनों देशों की साझेदारी मजबूत है।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हालिया चीन यात्रा को केवल औपचारिक शिखर सम्मेलन में उपस्थिति मान लेना भूल होगी। यह यात्रा उस समय हुई है जब भारत-चीन के बीच सीमा पर भरोसे का संकट गहरा है, भारत-अमेरिका संबंध का एक नया पन्ना सामने है और रूस के साथ भारत का ऊर्जा तथा रक्षा सहयोग अभूतपूर्व स्तर तक पहुँचा है। ऐसे परिदृश्य में बीजिंग की धरती पर भारतीय प्रधानमंत्री का उतरना एशियाई राजनीति के बदलते समीकरणों की झलक देता है। यह यात्रा भारत की विदेश नीति में आत्मविश्वास और संतुलन दोनों का प्रमाण है। व्यापारिक आँकड़े साफ कहते हैं कि चीन भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है, लेकिन यह रिश्ता बेहद असंतुलित है। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत और चीन का द्विपक्षीय व्यापार 127.7 अरब डॉलर तक पहुँचा। इसमें भारत का निर्यात केवल 14.25 अरब डॉलर का रहा, जबकि चीन से आयात 113.45 अरब डॉलर पर पहुँच गया। परिणामस्वरूप व्यापार घाटा 99 अरब डॉलर से अधिक का रहा, जो अब तक का सबसे ऊँचा स्तर है। यह स्थिति भारत की औद्योगिक निर्भरता को उजागर करती है, विशेषकर इलेक्ट्रॉनिक्स, रसायन, फार्मा और ऊर्जा उपकरणों के क्षेत्र में। प्रधानमंत्री मोदी की इस यात्रा का एक बड़ा उद्देश्य इसी असंतुलन को कम करता हुआ दिखा है। इस तुलना में रूस के साथ भारत का व्यापारिक समीकरण अपेक्षाकृत संतुलित और अवसरों से भरा हुआ है। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत-रूस व्यापार 68.7 अरब डॉलर तक पहुँच गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में कई गुना वृद्धि दर्शा रहा है। इसका मुख्य कारण रूस से बड़े पैमाने पर सस्ते कच्चे तेल का आयात है। ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने में यह सहयोग भारत के लिए अनिवार्य हो गया है। साथ ही, रूस भारत का पारंपरिक रक्षा सहयोगी है और अंतरिक्ष विज्ञान में भी दोनों देशों की साझेदारी मजबूत है। यूक्रेन युद्ध और पश्चिमी प्रतिबंधों के बावजूद भारत ने रूस के साथ अपने रिश्ते को बरकरार रखा है। मोदी की चीन यात्रा से यह संदेश भी गया कि भारत अपनी रणनीतिक स्वायत्तता के सिद्धांत पर अडिग है और किसी एक ध्रुव पर झुकने को तैयार नहीं, फिर अमेरिका उस पर कितने ही दबाव बनाने का प्रयास करे। हालांकि ऐसा नहीं है कि जो अमेरिका भारत पर लगातार आर्थिक दबाव बनाने की कोशिशें कर रहा है, उसके साथ भारत के व्यापारिक संबंध कमजोर पड़े हैं, देखा जाए तो लगातार चौथे वर्ष भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बना हुआ है। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत-अमेरिका का व्यापार 131.8 अरब डॉलर पर रहा। यह आँकड़ा न केवल चीन से अधिक है बल्कि यह भी दिखाता है कि तकनीकी, सेवा और विनिर्माण क्षेत्र में अमेरिका भारत के लिए सबसे भरोसेमंद बाज़ार है। संभावित मुक्त व्यापार समझौते और रक्षा प्रौद्योगिकी सहयोग इस रिश्ते को और गहरा करने वाले हैं। इस पृष्ठभूमि में मोदी की बीजिंग यात्रा को अमेरिका भी बारीकी से देख रहा है, उसका अध्ययन कर रहा है, तुलनात्मक रूप से अपने नफा-नुकसान का आकलन कर रहा है। पर यहां जो स्पष्ट संकेत विदेश नीति के स्तर पर दिया गया है वह यही है कि भारत, चीन और रूस के साथ संवाद कायम रखते हुए भी अमेरिका और यूरोप से दूरी नहीं बना रहा। बीजिंग यात्रा का कूटनीतिक संदेश यही है कि भारत वैश्विक शक्ति संतुलन में संतुलनकारी की भूमिका निभा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच बातचीत में यह सहमति बनी कि सीमा विवाद को रिश्तों की प्रगति में बाधा नहीं बनने दिया जाएगा। अब यह भले ही एक सामान्य-सा बयान लगे, किंतु इस सच को नकारा नहीं जा सकता है कि गलवान संघर्ष और लद्दाख में जारी तनातनी के बाद यह पहला अवसर रहा, जब शीर्ष नेतृत्व ने इतने स्पष्ट शब्दों में संवाद को प्राथमिकता दी। यात्राओं की बहाली, उड़ानों और वीजा में रियायतें तथा निवेश सहयोग पर चर्चा ऐसे संकेत हैं जो रिश्तों में जमी बर्फ को पिघलाने का प्रयास करते हैं। फिर भी इस यात्रा की सीमाएँ भी हैं। विपक्ष का उठाया गया सवाल मायने रखता है कि व्यापार घाटे का बोझ घटाने की ठोस योजना सामने आए बिना बीजिंग से लौटे वादे केवल प्रतीकात्मक रह सकते हैं। चीन-पाकिस्तान गठजोड़, बेल्ट एंड रोड परियोजना पर मतभेद और हिंद-प्रशांत क्षेत्र की भू-राजनीति ऐसी चुनौतियाँ हैं जिन्हें केवल संवाद से नहीं सुलझाया जा सकता। भारत को आने वाले वर्षों में तीन मोर्चों पर खास ध्यान देने की आवश्यकता है पहला, चीन पर अपनी औद्योगिक निर्भरता को घटाना दूसरा, रूस के साथ ऊर्जा और रक्षा सहयोग को दीर्घकालीन ढाँचे में ढालना और तीसरा, अमेरिका व यूरोप के साथ मुक्त व्यापार समझौतों को आगे बढ़ाना, ताकि निर्यात के नए अवसर मिल सकें। मोदी की चीन यात्रा से सबसे बड़ा संदेश यही गया कि भारत अब प्रतिक्रियाशील शक्ति नहीं रहा। वह वैश्विक राजनीति और व्यापार में सक्रिय और आत्मविश्वासी ध्रुव के रूप में उभर रहा है। यह यात्रा इस तथ्य को पुष्ट करती है कि भारत की विदेश नीति अब केवल किसी एक गुट पर निर्भर नहीं, बल्कि बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था में संतुलन साधने की दिशा में आगे बढ़ रही है। उसके लिए अपने नागरिकों के हित सर्वोपरि हैं। देश की सुरक्षा और संप्रभुता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा, और ये शक्ति शाली भारत न रुकेगा न किसी अन्य देश के सामने झुकेगा। फिलहाल इस यात्रा के ठोस नतीजे सामने आने में हमें इंतजार करना होगा, क्योंकि समय लगेगा लेकिन इसका प्रतीकात्मक महत्व कम नहीं है। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की छवि उस राष्ट्र की बन रही है जो अपने हितों को साधते हुए संवाद और सहयोग की राह खुली रखता है। एशिया की राजनीति में यही संतुलनकारी भूमिका भारत की सबसे बड़ी ताकत बनकर आज उभर रही है।



**बीजिंग यात्रा का कूटनीतिक संदेश यही है कि भारत वैश्विक शक्ति संतुलन में संतुलनकारी की भूमिका निभा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच बातचीत में यह सहमति बनी कि सीमा विवाद को रिश्तों की प्रगति में बाधा नहीं बनने दिया जाएगा। अब यह भले ही एक सामान्य-सा बयान लगे, किंतु इस सच को नकारा नहीं जा सकता है कि गलवान संघर्ष और लद्दाख में जारी तनातनी के बाद यह पहला अवसर रहा, जब शीर्ष नेतृत्व ने इतने स्पष्ट शब्दों में संवाद को प्राथमिकता दी। यात्राओं की बहाली, उड़ानों और वीजा में रियायतें तथा निवेश सहयोग पर चर्चा ऐसे संकेत हैं जो रिश्तों में जमी बर्फ को पिघलाने का प्रयास करते हैं।**

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | द्वादशी 28:06 तक |
| नक्षत्रः | उत्तराषाढ़ा 23:31 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | गुरुवार |
| योगः | सौभाग्य, 15:15 तक |
| सूर्योदयः | 06:01 |
| सूर्यास्तः | 18:31 |
| चंद्रमाः | मकर राशि में |
| राहुकालः | 13:50-15:23 |
| विक्रमी संवत्ः | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | भाद्रपद |
| शुभ मुहूर्तः | 11:51 -12:41 |

## जन एक्सप्रेस

**सेंकते हम रोटी !**

*छोटी छोटी घटना पर ।*
*सेंकते हम रोटी ।।*
*करनी राजनीति है ।*
*बात नहीं ये छोटी ।।*
*कोशिश लगातार है ।*
*टूट न जाए क्रम ।।*
*रहना हमको ज़िदि ।*
*ना इसमें हो भ्रम ।।*
*होंगे लाख जलील पर ।*
*ना लाना बदलाव ।।*
*जनता ने ठुकरा कर ।*
*दिया बराबर घाव ।।*
*मुद्दों की हम ख़ोज में ।*
*है लाना हर हाल ।।*
*भले लाख हम पर ।*
*उठते हों सवाल ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# एक अरब लोग मानसिक समस्याओं से जूझ रहे, हर 100 में 1 मौत का कारण आत्महत्या



**मानसिक** स्वास्थ्य एक ऐसा विषय है, जिस पर आज भी लोग बात करने से कतराते हैं। बहुत सारे लोग आज भी मानसिक रोगों को भूत-प्रेत या दैवी शक्ति का असर मान लेते हैं, जबकि ये पूरी तरह मेडिकलकंडीशन हैं। ऐसे में ड्ब्ल्यूहकी नई रिपोर्ट हमें आईना दिखाती है। इस रिपोर्ट के अनुसार दुनिया में करीब एक अरब से ज्यादा लोग मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे हैं। इनमें सबसे कॉमन समस्याएं स्ट्रेस, एंग्जायटी और डिप्रेशन हैं। यही नहीं, इससे भी ज्यादा चौंकाने वाला आंकड़ा यह है कि दुनिया में होने वाली हर सौ मौतों में से एक मौत आत्महत्या से होती है।

**रिपोर्ट में आए चौंकाने वाले आंकड़े:** इस रिपोर्ट के अनुसार दुनिया में इस समय जितनी भी मौतें होती हैं, उनमें से हर 100 में एक 1 व्यक्ति आत्महत्या से मर रहा है। युवाओं (15 से 29 साल) में आत्महत्या मौत का दूसरा सबसे बड़ा कारण है। साल 2021 में दुनियाभर में करीब 7.27 लाख लोगों की मौत आत्महत्या से हुई। यह एक बहुत दुखद स्थिति है। संयुक्त राष्ट्र ने 2030 तक आत्महत्या के मामलों में एक-तिहाई (33प्रतिशत) कमी लाने का लक्ष्य रखा था। लेकिन अभी तक जो प्रगति हुई है, उस हिसाब से 2030 तक केवल 12प्रतिशत ही कमी आ पाएगी। ये अंतर बताता है कि इस दिशा में हमारे प्रयास कितने कमजोर हैं। मनोवैज्ञानिक आत्महत्या का कारण क्या मानते हैं? आम मानसिक समस्याओं में से एक है और यह आत्महत्या का सबसे बड़ा कारण है। अक्सर देखा जाता है कि डिप्रेशन से जूझ रहे लोगों में लगातार उदासी, निराशा और बेकार होने का अहसास बना रहता है। ये भावनाएं व्यक्ति के तनाव झेलने और सामान्य जीवन जीने की क्षमता को बुरी तरह प्रभावित करती हैं। जब व्यक्ति अपनी पसंदीदा चीजों में भी रुचि खो देता है और उसे हर ओर अंधेरा ही दिखाई देता है, तो आत्महत्या जैसे विचार और ज्यादा बढ़ जाते हैं। डिप्रेशन इंसान की सोचने-समझने की क्षमता को इस हद तक कम कर देता है कि उसे लगता है कि आत्महत्या ही उसके दर्द से छुटकारा पाने का एकमात्र रास्ता है। इसका मतलब साफ है कि अगर डिप्रेशन के शुरुआती लक्षणों को समझा और समय पर इलाज शुरू किया जाए, तो आत्महत्या तक नौबत आने से रोका जा सकता है।

**मानसिक रूप से परेशान होने पर क्या करना चाहिए?:** सुमालता वासुदेवा कहती हैं, मानसिक बीमारियों और आत्महत्या के खतरे के बीच के रिश्ते को समझना बेहद जरूरी है, क्योंकि इसी से रोकथाम और इलाज की दिशा तय होती है। अगर हम समय पर मानसिक समस्या के संकेत पहचान लें और तुरंत किसी विशेषज्ञ की मदद लें, तो व्यक्ति अपनी स्थिति को बेहतर तरीके से संभाल सकता है और आत्महत्या का खतरा भी कम हो सकता है। इसके साथ ही जरूरी है कि हम एक ऐसा माहौल बनाएं जहां सहयोग मिले और मानसिक स्वास्थ्य पर खुलकर बातचीत की जा सके। यही बातें इस गंभीर समस्या से निपटने और लोगों की भलाई बढ़ाने में अहम भूमिका निभा सकती हैं।

**समाज भी है आत्महत्या का जिम्मेदार:** रिपोर्ट के अनुसार ज्यादातर देशों में मानसिक समस्याओं के इलाज की सुविधाएं बेहद कम हैं। यहां न पर्याप्त डॉक्टर हैं, न अस्पतालों में संसाधन हैं।

### एक्सप्रेस विशेष

# तियानजिन से निकला विश्व शांति का नया मंत्र



प्रो. आरके जैन

**इजरायल के हमलों की कठोर निंदा शामिल की गई, जो वैश्विक मानवीय संकट के प्रति संवेदनशीलता को दर्शाता है। फिर भी, पहलगाम हमले की निंदा और आतंकवाद के खिलाफ सामूहिक एकजुटता भारत के लिए एक ऐतिहासिक कूटनीतिक विजय है।**

**नई दिल्ली में आयोजित 5वां एससीओ स्टार्टअप फोरम और 21-22 मई 2025 को हुई 20वीं एससीओ थिंक टैंक बैठक की सराहना की गई, जो भारत की नवाचार और बौद्धिक नेतृत्व की क्षमता को दर्शाता है। भारतीय विश्व मामलों की परिषद (आईसीडब्ल्यूए) के तहत स्थापित एससीओ अध्ययन केंद्र को सांस्कृतिक आदान-प्रदान और वैचारिक सहयोग के लिए विशेष प्रशंसा प्राप्त हुई।**

**आतंकवाद** का जहर मानवता के लिए एक घातक महामारी है, जो न केवल देशों की सीमाओं को लांघता है, बल्कि शांति और सभ्यता के मूल ढांचे को तार-तार करने की साजिश रचता है। 22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुआ भीषण आतंकी हमला इस खतरे की विकरालता को रक्तरंजित अक्षरों में उकेरता है। इस हमले में 25 भारतीय और एक नेपाली पर्यटक की जान चली गई, जबकि लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े आतंकी संगठन द रेसिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने इस जघन्य कृत्य की जिम्मेदारी ली। इस अमानवीय क्रूरता ने भारत को झकझोर दिया और वैश्विक समुदाय को आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर निर्णायक कार्रवाई करने की आवश्यकता पर बल दिया। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के तियानजिन शिखर सम्मेलन में जारी घोषणापत्र ने इस हमले की कड़े शब्दों में निंदा की और दोहरे मापदंडों को खारिज करते हुए आतंकवाद के खिलाफ सामूहिक वैश्विक संकल्प को रेखांकित किया। 1 सितंबर 2025 को चीन के तियानजिन में आयोजित एससीओ का 25वां शिखर सम्मेलन एक ऐतिहासिक क्षण बनकर उभरा। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अन्य वैश्विक नेताओं की उपस्थिति में तियानजिन घोषणापत्र जारी हुआ, जिसने आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक एकजुटता को नया आयाम दिया। घोषणापत्र में कहा गया, ÷सदस्य देश 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कठोर निंदा करते हैं और पीड़ितों के प्रति गहन संवेदना व्यक्त करते हैं।÷ इस बयान का महत्व तब और बढ़ जाता है, जब इसे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की मौजूदगी में जारी किया गया, जिसके देश पर आतंकवाद को संरक्षण देने के गंभीर आरोप हैं। भारत ने इस मंच पर अपनी बात को दृढ़ता और प्रभावशीलता के साथ रखा, जिससे वैश्विक समुदाय का समर्थन प्राप्त हुआ और आतंकवाद के खिलाफ एक सशक्त वैश्विक संदेश प्रसारित हुआ। तियानजिन घोषणापत्र में आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद के खिलाफ संयुक्त वैश्विक संघर्ष की दृढ़ प्रतिबद्धता को दोहराया गया, जो भारत के दशकों पुराने सैद्धांतिक रुख को और मजबूती प्रदान करता है। विशेष रूप से, दोहरे मापदंडों को स्पष्ट रूप से खारिज करना एक ऐतिहासिक कदम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने प्रभावशाली संबोधन में कहा, ÷पहलगाम हमला न केवल भारत पर, बल्कि समस्त मानवता पर प्रहार था। आतंकवाद के प्रति किसी भी प्रकार का दोहरा रवैया अस्वीकार्य है।÷ यह कड़ा संदेश उन देशों के लिए चेतावनी है, जो आतंकवाद को अपनी रणनीति का हथियार बनाते हैं। घोषणापत्र में यह स्पष्ट किया गया कि आतंकवाद के सभी स्वरूपों की कठोर निंदा होनी चाहिए, और इसके दोषियों, योजनाकारों व प्रायोजकों को कठिनतम सजा का सामना करना होगा। यह भारत की एक बड़ी कूटनीतिक विजय है। इसके साथ ही, घोषणापत्र में बलूचिस्तान के खुजदार और जाफर एक्सप्रेस हमलों की भी निंदा की गई, जो इस सत्य को रेखांकित करता है कि आतंकवाद एक साझा वैश्विक चुनौती है, जिसका मुकाबला सामूहिक संकल्प से ही संभव है। एससीओ का वैश्विक मंच पर प्रभाव निर्विवाद है, क्योंकि यह विश्व की 42त्न आबादी और 24त्न भौगोलिक क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता है। घोषणापत्र में सीमापार आतंकवाद पर विशेष बल देना भारत के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो लंबे समय से इस मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाता रहा है। इसमें कहा गया, ÷आतंकवाद और चरमपंथ के खतरों से निपटने में संप्रभु राष्ट्रों और उनकी एजेंसियों की भूमिका सर्वोपरि है।÷ यह भारत के उस दृढ़ रुख का समर्थन करता है, जिसमें वह आतंकवाद को पोषित करने वाले देशों पर जवाबदेही थोपने की मांग करता है। घोषणापत्र ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों और वैश्विक आतंकवाद-रोधी रणनीति को प्रभावी ढंग से लागू करने का आह्वान किया, जो आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक सहयोग और एकजुटता को और सशक्त करता है। यह न केवल भारत की कूटनीतिक ताकत को दर्शाता है, बल्कि वैश्विक शांति के लिए एक नए युग की शुरुआत करता है। तियानजिन घोषणापत्र में भारत की अग्रणी पहलों को प्रमुखता के साथ मान्यता दी गई, जो वैश्विक एकता और सहयोग के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' के मंत्र को दोहराते हुए घोषणापत्र ने वैश्विक एकजुटता के इस दर्शन को सशक्त रूप से प्रतिध्वनित किया।

# बाढ़ की विभीषिका देखने ट्रांस क्षेत्र पहुंचे विधायक पुत्र रितुराज

## शीघ्र बटेगी राहत सामग्री





**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**

हजारा। डेढ सप्ताह से बाढ़ की भीषण तबाही का दंश झेल रहे ट्रांस शारदा क्षेत्र वासियों की सुधि लेने के लिए विधायक पुत्र तहसीलदार के साथ बाढ़ प्रभावित गांव का दौरा कर उनकी समस्याएं सुनी और बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया तथा हर संभव मदद किए जाने का आश्वासन दिया है। विकास खंड पूरनपुर के ट्रांस शारदा क्षेत्र का दौरा करने आए पूरनपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक बाबूराम पासवान के पुत्र ऋतुराज पासवान व राजस्व विभाग की टीम ने बाढ़ प्रभावित गांव शास्त्री नगर, हजारा, सिद्ध नगर, बाजार घाट,बैल्हा और राघवपुरी का दौरा कर बाढ़ पीड़ितों की समस्याएं सुनी और उन्हें शीघ्र ही मदद किए जाने का आश्वासन दिया है। बाढ़ का दंश झेल रहे बाढ़ पीड़ितों ने विधायक पुत्र से डेढ सप्ताह बीतने के बाद भी नौका मुहैया नहीं कराए जाने की शिकायत की तो विधायक पुत्र ने फोन पर ही बाढ़ पीड़ितों के बीच में एडीओ पंचायत अधिकारी की जमकर फटकार लगा दी और एक दिन के अंदर ही नाव मुहैया कराए जाने का आदेश दे दिया है इतना ही नहीं दूसरे दिन नौका नहीं मुहैया कराए जाने पर डीएम से शिकायत किए जाने की भी बात कही है।

विधायक पुत्र ने बाढ़ पीड़ितों से कहा कि यदि मौसम सही रहा तो कल ही राहत सामग्री बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों को उपलब्ध कराया जाएगा इसके अलावा उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर सूचना दें पूरी मदद की जाएगी।इस मौके पर तहसीलदार आशीष कुमार गुप्ता नायब तहसीलदार ऋषि दीक्षित, रामनगर भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय सिंह,रामनगर भाजपा मंडल महामंत्री एवं रामनगर प्रधान पति सत्यप्रकाश सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेश शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुभाष श्रीवास्तव, शास्त्री नगर ग्राम प्रधान मनोज सिंह, पूर्व प्रधान पति परशुराम, एडवोकेट हर सोबरन लाल, विनोद सिंह और मोहम्मद शाह आलम, सूर्यभान मदेशिया, आदि मौजूद रहे।

## शिवम ने टीम के साथ एसडीएम और नायब तहसीलदार को किया सम्मानित



**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**

भारतीय बजरंग दल के जिला गौ सेवा प्रमुख गौवंशीय पशुओं की सेवा करने के लिए जाने जाते हैं। वह अब तक सैकड़ों पशुओं का उपचार कर चुके हैं। हादसे का शिकार होने वाले गौवंशीय पशुओं के शवों का अंतिम संस्कार भी शिवम भदौरिया अपनी टीम के साथ करते हैं। इसमें प्रशासन उनका पूरा सहयोग करता है। बुधवार को शिवम भदौरिया ने एसडीएम अजीत प्रताप और नायब तहसीलदार ऋषिकांत दीक्षित को गौवंशों के अंतिम संस्कार में सहयोग करने के लिए सम्मानित किया। शिवम ने कार्यकर्ताओं के साथ दोनों अधिकारियों को रामनामी पटके पहनाए। शिवम ने बताया कि प्रशासन की ओर से मृत गौवंशीय पशुओं के शवों के दफनाने में दिन और रात में जेसीबी मशीन उपलब्ध कराई गई और सहयोग किया जा रहा है। इस दौरान त्रिभुवन शर्मा, अरुण अवस्थी, विशाल वर्मा भी मौजूद रहे।

# बाढ़ पीड़ितों के साथ सरकार का कदम : स्वामी प्रवक्तानंद महाराज

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



बरखेड़ा क्षेत्र में आई बाढ़ ने एक बार फिर यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए हमारी तैयारियां कितनी कारगर हैं। भारी बारिश और नदियों के उफान से कई गांव जलमग्न हैं, फसलें बर्बाद हो रही हैं और ग्रामीणों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। ऐसे समय में राहत सामग्री का वितरण एक बड़ी राहत जरूर है, लेकिन यह केवल तत्कालीन समाधान है।

विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज का स्वयं प्रभावित गांव पहुंचना और खाद्यान्न किट बांटना यह दर्शाता है कि जनप्रतिनिधि जनता के दुख-दर्द में साथ खड़े हैं। जिलाधिकारी और एसडीएम की मौजूदगी प्रशासनिक सक्रियता को भी दर्शाती है। निश्चित रूप से इस तरह की त्वरित कार्रवाई से पीड़ित परिवारों को हौसला मिलता है और यह संदेश जाता है कि सरकार उनके साथ खड़ी है।

लेकिन सवाल यह भी है कि क्या हर बार राहत सामग्री ही स्थायी समाधान है? आपदा के बाद किट बांटने की परंपरा को ही यदि राहत और पुनर्वास का पैमाना मान लिया जाए तो यह पर्याप्त नहीं होगा। जरूरत इस बात की है कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में दीर्घकालिक योजनाएं बनाई जाएं। नदी किनारे बसे गांवों में मजबूत तटबंध, जलनिकासी की बेहतर व्यवस्था और किसानों को फसल बीमा का वास्तविक लाभ दिलाना समय की मांग है। ग्रामीणों ने राहत पाकर आभार जताया, किंतु आने वाले दिनों में उनकी असली चुनौती आजीविका और पुनर्वास होगी। ऐसे में सरकार को चाहिए कि राहत कार्यों के साथ-साथ पुनर्वास और रोजगार परक योजनाओं को भी तत्काल गति दे। तभी पीड़ित परिवार सही मायने में सुरक्षित और आत्मनिर्भर बन पाएंगे।

### समाजवादी पार्टी में सैकडो लोगों को जावेद अख्तर ने कराया शामिल

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** पलिया कलां क्षेत्र सम्पूर्णा नगर के कस्बा बम नगर सेमरी चौराहा के समीप मलकीत सिंह के आवास पर पी,डी,ए बैठक का आयोजन किया गया जिसमें पलिया विधानसभा अध्यक्ष जावेद अख्तर की अगुवाई में सैकड़ो की संख्या में महिला व पुरषो ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की इस दौरान पलिया विधानसभा मीडिया प्रभारी रिज़वान खाँन, पलिया विधानसभा महासचिव गुरजीत सिंह, ब्लाक अध्यक्ष बिन्नी सिंह, पूर्व चेयरमैन सईद अहमद, आरिफ खाँन, उपस्थित रहे।

# डीएम ने ली जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति की बैठक, खिलाड़ियों को मिलेंगी नई सुविधाएं

- डीएम की पहल पर 14 अक्टूबर को होगा बेटियों को समर्पित खेल इवेंट

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**



### डीएम की पहल पर 14 अक्टूबर को होगा बेटियों को समर्पित खेल इवेंट

जिले में खेल प्रतिभाओं को संवारने और बेटियों को विशेष मंच देने के लिए जिला प्रशासन बड़ी पहल करने जा रहा है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने निर्देश दिए कि 14 अक्टूबर को बेटियों को समर्पित भव्य खेल इवेंट आयोजित होगा। डीएम ने अधिकारियों को तैयारी समय रहते पूरी करने के निर्देश देते हुए कहा कि कार्यक्रम की रूपरेखा आकर्षक और प्रभावी हो। इसमें अधिक से अधिक बेटियों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए, ताकि उनकी प्रतिभा को सामने लाया जा सके। उन्होंने कहा कि खेल न सिर्फ शारीरिक और मानसिक मजबूती का आधार हैं, बल्कि बेटियों को आत्मविश्वास और नेतृत्व की नई पहचान भी दिलाते हैं।

खेल प्रतिभाओं को निखारने और जिले को खेलों में पहचान दिलाने की तैयारी तेज हो गई है। बुधवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति की बैठक की।बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने कहा कि खेल प्रतिभाओं को मंच और संसाधन देना ही अब प्रशासन की प्राथमिकता है। इसी कड़ी में 14 अक्टूबर को बेटियों को समर्पित भव्य खेल आयोजन किया जाएगा। ताइक्कांडो, कबड्डी, चेस जैसे खेलों की बढ़ती आवश्यकता को देखते हुए इन खेलों के कोच उपलब्ध कराने हेतु मुख्यालय से पत्राचार किया जाए। साथ ही उपक्रीड़ा अधिकारी को निर्देश दिए कि इन खेलों में रुचि रखने वाले युवाओं, खिलाड़ियों को सूचीबद्ध कर प्रोत्साहन की दिशा में कार्य करें। स्टेडियम निर्माण कार्यों का नियमित अनुश्रवण कर शीघ्र पूर्ण कराया जाए।डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण, आधुनिक सुविधाएं और उचित मार्गदर्शन उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि खिलाड़ियों की जरूरतों को प्राथमिकता से पूरा किया जाए, ताकि जिले की प्रतिभाएं प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकें।बैठक में स्टेडियम में प्रतियोगिताओं के दौरान वायरलेस साउंड सिस्टम, मेज-कुर्सी व बेंच-डायस की उपलब्धता पर चर्चा हुई। साथ ही स्वीमिंग पूल के संचालन हेतु कोच व जीवन रक्षक, जिम ट्रेनर मानदेय प्रशिक्षक रखने का प्रस्ताव भी रखा गया। खिलाड़ियों के लिए आवश्यक खेल उपकरण उपलब्ध कराने और समिति के कोष को मजबूत बनाने पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, प्रशिक्षु आईएएस मनीषा, उप क्रीड़ा अधिकारी मो.इरफान, बीएससी प्रवीण तिवारी, जीआईसी के प्रधानाचार्य सहित विभिन्न खेलों के कोच मौजूद रहे।

# जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की पूर्व प्रस्तावित मासिक बैठक प्रहलाद पटेल की अध्यक्षता में आयोजित हुई





**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

बुधवार को कांग्रेस भवन पर जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की पूर्व प्रस्तावित मासिक बैठक प्रहलाद पटेल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। उपस्थित सभी पदाधिकारियों को संगठन सृजन अभियान को सफल बनाए जाने हेतु दिशा निर्देश दिए गए। मंडल कमेटियों के अति शीघ्र गठन के संदर्भ में विस्तार से चर्चा कर निर्देशित किया गया। बीजेपी की महिलाओं द्वारा विगत दिनों कांग्रेस भवन पर तोड़ फोड़ की घटना पर भी विस्तार से चर्चा कर उपस्थित सभी कांग्रेस जन जिला अध्यक्ष प्रहलाद पटेल के नेतृत्व में सड़कों पर उतर कर कलेक्ट्रेट तक मार्च करते हुए जिला अधिकारी कार्यालय का घेराव कर धरना प्रदर्शन किया तत्पश्चात जिला अधिकारी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। उक्त धरने को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा ने कहा कि देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी के कार्यलय में सुनियोजित तरीके से पुलिस की मौजूदगी में बीजेपी की महिलाओं ने तोड़ फोड़ की आज तीसरा दिन है अभी तक रिपोर्ट तक नहीं दर्ज की गई है पुलिस प्रशासन का यह आलम है। प्रशासन को आगाह करते हुए कहा यदि हमारी रिपोर्ट दर्ज नहीं की जाती है और उपद्रवी तत्वों के खिलाफ कार्यवाही नहीं की जाती है तो प्रशासन ये समझ ले कि कांग्रेस जन समूचे जनपद में धरना प्रदर्शन चक्का जाम करने के लिए बाध्य होगी। पूर्व विधायक सतीश आजमानी ने अपने संबोधन में कहा कि बीजेपी आखिर देश में किस स्तर की राजनीति करना चाहती है संविधान और लोकतंत्र की धज्जियां खुलेआम उड़ा रही है।

इतिहास में कभी इस प्रकार की घटना नहीं हुई बीजेपी सत्ता की दम पर विपक्ष को डराना चाहती है हम लोग गांधी वादी विचारधारा के है डरने वाले नहीं है जब हम लोग अंग्रेजों से नहीं डरे उनको देश से खदेड़ दिया देश को आजाद कराया।

हम सभी कांग्रेस जनों की प्रशासन से मांग है कि जल्द से जल्द दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा जाए इस घटना से कांग्रेस जन ही नहीं जनपद की जनता भी आक्रोशित है। उक्त प्रदर्शन में प्रमुख रूप से उपस्थित डाक्टर रवि त्रिवेदी, बलराम गुप्ता, शिव सहाय सिंह, कैप्टन मोनिस अली नकवी, मोहन चंद्र उप्रेती, दीपक बाजपेई, विपुल गुप्ता, कुंवर रवि प्रताप सिंह, राजीव अवस्थी, देवेंद्र कुमार पंकज, रियाज अहमद मोनू, सत्ती सरन गौतम, जावेद अली, अकबर अली, बृजेंद्र राठौर, प्रेम वर्मा रामकुमार वर्मा रामकुमार मिश्र, इकबाल अहमद खान, वरुण चौधरी अब्दुल रहीम रामपाल शाक्य राजेंद्र गुप्ता, तरुण शालू, चंद्र प्रभा अवस्थी, मंजू मिश्रा, दीपांजलि गौतम, शिल्पी, किरण पटेल अन्नू मिश्रा, सचिन शाह, अजय दरोगा, आफताब अहमद, कोमल सिंह, प्रियंका, रामप्रताप विश्वकर्मा, सुनील कुमार प्रद्युम्न मिश्रा, राजू पंकज, आदि सैकड़ो कांग्रेसी उपस्थित रहे।

## थरिया गांव में लगा विधिक साक्षरता शिविर, 150 ग्रामीण हुए लाभान्वित

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश पर बुधवार को ग्राम थरिया, थाना नीमगांव, तहसील मितौली में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में अपर जिला जज/ सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वीरेन्द्र नाथ पाण्डेय, तहसीलदार मितौली व प्राधिकरण के कर्मचारीगण मौजूद रहे। शिविर में ग्रामीणों को निःशुल्क विधिक सहायता, मध्यस्थता के माध्यम से वादों का निस्तारण, राष्ट्रीय लोक अदालत में वादों के सुलह-समझौते से निस्तारण, प्री-लिटिगेशन वादों, नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 एवं नागरिकों के विधिक अधिकारों की जानकारी दी गई।

तहसीलदार मितौली ने सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं और ग्रामीणों के अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी साझा की।

शिविर से लगभग 150 नागरिक लाभान्वित हुए।

ग्रामीणों ने इसे उपयोगी बताते हुए ऐसे शिविर नियमित रूप से आयोजित करने की मांग की।

## एक्सप्रेस खबरें...

### ट्रांसफॉर्मर से झुलसा बच्चा, घायल

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** पसगवां क्षेत्र में बिजली विभाग की लापरवाही से एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। मोहिद्दीनपुर गांव के धर्मेंद्र का बेटा शोहित बुधवार सुबह खेलने के लिए घर से निकला था।गांव के पास जमीन पर रखे बिजली के ट्रांसफॉर्मर की चपेट में आने से शोहित बुरी तरह झुलस गया। परिजनों ने तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचना दी। एक घंटे से ज्यादा इंतजार करने के बाद भी एंबुलेंस नहीं पहुंची।मजबूरी में शोहित के पिता धर्मेंद्र उसे ऑटो से सीएचसी पसगवां ले गए। वहां उसका इलाज चल रहा है और उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। बिजली विभाग की लापरवाही यह थी कि ट्रांसफॉर्मर को न तो इंसुलेटेड जाली से ढका गया था और न ही कोई चेतावनी बोर्ड लगा था। इसके आसपास कई खुले तार भी पड़े थे।हादसे की सूचना मिलने के बाद बिजली विभाग ने ट्रांसफॉर्मर के चारों ओर जाली लगवा दी है।



### शत-शत नमन अमर शहीद अधिवक्ता बंधुओं को

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** आज से 14 वर्ष पूर्व हमारी बार संघ मोहम्मदी जनपद खीरी के दो अधिवक्ता प्रदीप दीक्षित व अरविंद प्रकाश तिवारी उर्फ मुकुल तिवारी जी आज की तारीख03/09/2011 पर भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ते हुए शहीद हो गए थे तीन अधिवक्ता घायल हुए थे।आज हम सभी अधिवक्ता गण काला दिवस मनाते हैं भ्रष्टाचार के विरुद्ध आंदोलन में अपने प्राणों की आहुति देकर सर्वोच्च बलिदान दिया इसी प्रकरण में तत्कालीन सी जे एम ने लेखपालों से घूस लेकर कुछ लेखपालों को छोड़ दिया था जिस पर विरोध करने पर मेरे विरुद्ध भी 307 का मुकदमा किया गया तथा कंटेंप्ट आफ कोर्ट की कार्रवाई भी तत्कालीन सी जे एम द्वारा की गई मुझे गर्व है की अधिवक्ता हित में भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग में मैंने एक माह की जेल भी काटी भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग में आजीवन संघर्ष करता रहूंगा।

### आगामी दशहरा को लेकर बोर्ड की बैठक हुई सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** बुधवार को पालिका सभागार में मेला दशहरा-2025 के सम्बन्ध में बोर्ड बैठक आहूत की गयी, जिसकी अध्यक्षता,डाक्टर इरा श्रीवास्तव,अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, लखीमपुर द्वारा की गयी।बोर्ड में मेला दशहरा, 2025 को ठेके पर दिए जाने के सम्बन्ध में कुमुदेश शंकर शुक्ल व अन्य सदस्यों द्वारा मेले को ठेके पर दिये जाने का विरोध किया गया।साथ ही मेला दशहरा-2025 पूर्व वर्षों की भांति कराया जाना एवं मेला स्थल पर भूमि आवंटन तथा बिजली आदि की दरों में 25 प्रतिशत अधिक की बढ़ोत्तरी का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया।बैठक में उपस्थित सभासदों द्वारा कौशल तिवारी सभासद वार्ड अर्जुनपुरवा को मेला अध्यक्ष नियुक्त करने का प्रस्ताव सदन के सामने रखा, जिसे सर्व सम्मति से सदन द्वारा स्वीकार किया गया। बैठक में सभी सम्मानित सभासदगण उपस्थित रहें।अन्त में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुयी।

## गुलगुला खाने से एक ही परिवार के 10 लोगों की हालत बिगड़ी

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**

सीतापुर जिले के तंबौर इलाके के नरना पकौड़ी गांव में मंगलवार को एक ही परिवार के 10 लोगों ने घर में बना गुलगुला खाया। देर रात इन सभी की तबियत बिगड़ गई। सभी को उल्टी दस्त होने लगे। परिजनों ने सभी को सीएचसी में भर्ती कराया। वहां से चार लोगों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया है। परिजनों के अनुसार घर में बना गुलगुला स्यामवती (65), शिवम (5), अनीता (30), सिवा (13), अमरेंद्र (35), सुनीता (30), ललित (13), शिवांकी (16), कुसुमा (30) और एक दो वर्षीय बच्चे ने खाया था। मंगलवार देर रात इनकी तबियत बिगड़ी। इन्हें सीएचसी लाया गया। यहां चिकित्सकों ने बताया कि परिवार की महिलाओं और बच्चों की हालत गंभीर है। आशंका जताई है कि गुलगुला बनाते समय उसमें कोई विषाक्त पदार्थ गिर गया होगा। परिजनों के अनुसार गुलगुला खाने के डेढ़ घंटे बाद सबकी तबियत बिगड़ना शुरू हुई।

# क्षेत्रिय अधिकारी ही विधानसभा चुनाव में भाजपा की नैया डुबोने पर तुले

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**



विधानसभा 137 पलिया कलां से लेकर गांव तक और गांव से लेकर नेपाल सीमावर्ती इलाकों तक विकास कार्यों का पहिया नहीं घुमा है। इसकी वजह अधिकारियों में तालमेल और क्षेत्रीय लोगों की भागीदारी सुनिश्चित नहीं किया गया। जिसके कारण थारू क्षेत्र हो या फिर पलिया का तराई इलाका हो सभी जगहों पर कागजों में खानापूर्ति किया जा रहा है। विभागों में जाओ तो महिलाएं देख रेख संभाल रही और अगर कार्यालयों में जाओ तो साहब गश्त या फिल्ड में गए होते हैं। फरियादी आफिसों के चक्कर लगाते हुए चप्पल घिस रहा है।

### सरकार जगाओं रेल बजाओ का नारा तेज,भट्टा लगा रहे रेल अधिकारी

जिस क्षेत्र में आवागम की सुविधाएं ही छीनी जाए वहां के स्थानीय लोग कैसे चुप बैठे। मैलानी से नानपारा ट्रेन संचालन को लेकर जब से बंद का आवाहन हुआ है तब से सैकड़ों से हजारों और अब लाखों लोगों के जुडने का सिलसिला जारी हो गया है। इस बार सरकार के लिए राह आसान नहीं है पिछली बार कि तरह इस बार भी मुद्दा बाढ के साथ साथ रेल संचालन व ब्राड गेज का है जो तमाम अराजकतत्वो द्वारा पूरे जी जान से नही चलने के लिए अंदर ही अंदर काम किया जा रहा है अगर रेल सेवा को ब्राड गेज और संचालन से जल्द से जल्द बहाल नहीं किया गया तो वह दिन दूर नहीं जब लोग सड़कों पर होगा और सरकार को कोश रहे होंगे।

### अधिकारी अपनी जिम्मेदारी से भटकें, नही लिया कोई निर्णय

आज अगर यह क्षेत्र पिछड़ता जा रहा है तो किसी और का हाथ नहीं इस क्षेत्र के उन अधिकारियों का है जो ऊंचे पदों पर बैठकर निर्णय तो दूर की बात यह तो क्षेत्र को कोई बड़ी सौगात या उपलब्धी नहीं दे सके सिर्फ प्रतिनिधि के दाए बाए झांकते रहे और पैंट झाड़कर चल दिए। इनसे ठीक तो कम-से-कम नाई होता है जो सुबह से लोगों के बाल कटता है चेहरा धुलता है क्रिम लगाकर सूंदर मुखड़ा कर देता है जरा उनसे भी सीख ले लेनी चाहिए।

## बाघ ने आवारा बछड़े को बनाया निवाला सेहरामऊ में नहीं थम रहा बाघ का आतंक



**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**

नवदिया मुजप्ता में बाघ बछड़े का शिकार कर उसके शव खेत में खींच ले गया। बाघ के पगचिह्न खेत में देखे जाने से दहशत फैल गई। क्षेत्र के आसपास के गांवों में बाघ की चहलकदमी से ग्रामीणों में भय व्याप्त है।थाना सेहरामऊ क्षेत्र के गांव नवदिया मुजप्ता, नजीरगंज, सोंधा, निजामपुर उर्फ लाह, कुर्रेया और आदि गांवों के पास पिछले कई दिनों से बाघ की चहलकदमी देखी जा रही है। गन्ने की फसल बड़ी होने से बाघ आसानी से उसमें छिप जाते हैं। कई बार राहगीरों ने सड़क पर बाघ को निकलते देखा। इससे समूचे क्षेत्र में बाघ की दहशत बनी हुई है। मंगलवार रात बाघ ने गांव नवदिया मुजप्ता के पास खेतों में घूम रहे आवारा बछड़े को अपना निवाला बना लिया। यह बछड़ा कई दिनों से गांव के आसपास देखा जा रहा था। बुधवार सुबह खेतों की ओर गए ग्रामीणों ने बाघ के पगचिह्न बने देखे तो वह घबरा गए।

पास में बछड़े के पैरों के निशान बने हुए थे। बछड़े को मारने के बाद बाघ उसके शव को गन्ने के खेत में खींच ले गया। बरसात के बाद खेतों में नमी होने से बछड़े को घसीटकर ले जाने का निशान भी बना हुआ था। घबराए ग्रामीण खेत से वापस लौट आए और गांव इसकी सूचना दी। इससे दहशत फैल गई। ग्रामीणों ने खेतों की ओर जाना बंद कर दिया है।

# बाजार की जमीन पर अवैध कब्जा करने की एसडीएम से शिकायत

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**



### चंदिया हजारा में अवैध निर्माण का मामला

चंदिया हजारा में बाजार की जमीन पर कब्जा करने की शिकायत लेकर दर्जनों ग्रामीण एसडीएम के पास पहुंचे। उन्होंने बताया कि बाजार में दुकान लगाकर वह रोजी रोटी कमाते हैं। एसडीएम ने जांच कराकर कार्यवाही का आश्वासन दिया।

बुधवार को तहसील क्षेत्र के गांव चंदिया हजारा के लगभग 40 लोग सुबह भारतीय बजरंग दल के गौ सेवा जिला प्रमुख शिवम भदौरिया के घर पहुंचे। उन्होंने जमीन पर कब्जा कर कुछ लोगों के अवैध करने के बारे में बताया। शिवम भदौरिया ग्रामीणों को लेकर एसडीएम अजीत प्रताप सिंह के पास पहुंचे और समस्या से अवगत कराया। ग्रामीणों ने चंदिया हजारा व्यापारी कल्याण समिति के नेतृत्व में एसडीएम को पत्र सौंपा। इसमें बताया कि चंदिया हजारा गांव बसाने के बाद जीवकोपार्जन के लिए बाजार की जमीन दी गई थी। तब से गांव के अलावा राहुलनगर, ढक्काचांट और खिरकिया बरगदिया के ग्रामीणों दुकानें लगा रहे हैं। उस जमीन पर कुछ लोग अवैध रूप से निर्माण कर रहे हैं। ग्रामीणों ने कब्जा हटवाने और पक्का निर्माण बंद कराने की मांग की। एसडीएम ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कोई भी गलत निर्माण कार्य जबरन नहीं होने दिया जाएगा। इस दौरान अध्यक्ष गगन, संजय सरकार, पंचानन मंडल, देवाशीष मंडल और अर्जुन राय आदि मौजूद रहे। जांच कराकर कारवाई की जाएगी।

# डीएम-एसपी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण, सुरक्षा व सुविधाओं के इंतज़ाम को परखा

## जिले के 16 परीक्षा केंद्रों पर 26,888 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

जन एक्सप्रेस | उरई



उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (PET-2025) को नकलविहीन एवं शांति पूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है। डीएम राजेश कुमार पाण्डेय व एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार ने आचार्य नरेंद्र देव इंटर कॉलेज, सर्वोदय इंटर कॉलेज, एसआर पब्लिक स्कूल सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सीटिंग प्लान, पेयजल व्यवस्था, शौचालय, सीसीटीवी कैमरा व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। PET-2025 परीक्षा 06 एवं 07 सितम्बर को आयोजित होगी। परीक्षा दो पालियों में होगी– प्रथम पाली सुबह 10 से 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली 3 से 5 बजे तक। जिले के कुल 16 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित होगी, जिसमें 26,888 अभ्यर्थी शामिल होंगे। प्रत्येक पाली में औसतन 6,672 परीक्षार्थी बैठेंगे। डीएम ने कहा कि परीक्षा केंद्रों के अंदर किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस लाना प्रतिबंधित रहेगा। सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से हो सके।

साथ ही नगर मजिस्ट्रेट व सीओ सिटी को निर्देश दिए कि रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड पर हेल्प डेस्क स्थापित किए जाएं तथा बाहर से आने वाले परीक्षार्थियों के लिए होटल आदि में ठहरने की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। एसपी ने बताया कि परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने हेतु केंद्रों के साथ-साथ रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड व आसपास के इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखी गई है।

## सैयद हमीद स्कूल में हुआ भेदभाव विरोधी कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस/अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के सैयद हामिद सीनियर सेकेंडरी स्कूल (बॉयज) में भेदभाव विरोधी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य समानता, समावेशिता और भेदभाव के सभी रूपों के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम का आयोजन एएमयू के इक्वल अपॉर्च्युनिटीज सेल की प्रमुख प्रो. आसिया सुल्ताना और समिति सदस्य प्रो. फरह आजमी के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ताओं ने कहा कि समान अवसर, अनुशासन और विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता से समावेशी शैक्षणिक और सामाजिक वातावरण का निर्माण किया जा सकता है। प्रो. फराह आजमी, प्रिंसिपल, नर्सिंग कॉलेज, ने शैक्षणिक संस्थानों में सौहार्द और समानता को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। वहीं प्रो. आसिया सुल्ताना ने कहा कि इक्वल अपॉर्च्युनिटीज सेल छात्रों के अधिकारों की रक्षा और भेदभाव-मुक्त परिसर सुनिश्चित करने के लिए कार्य कर रहा है। प्रभारी प्रिंसिपल सबाहुद्दीन ने अतिथियों का स्वागत किया और कार्यक्रम का समापन उपप्राचार्य मोहम्मद जावेद खान द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सैयद फैज जैदी ने किया।

# भारत के प्रत्येक शिक्षक का सम्मान बढ़ाती है डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जीवनी: संतोष गंगेले

जन एक्सप्रेस | महोबा




स्वर्गीय श्री पूरन रामप्रकाश दीक्षित महाविद्यालय मगरौल जैतपुर में संस्था प्राचार्य डॉक्टर भूपेंद्र पांडे की अध्यक्षता में शिक्षा के साथ संस्कृति आवश्यक विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में बुंदेलखंड क्षेत्र के समाजसेवी राष्ट्रीय आदर्श शिक्षा रत्न उपाधि से सम्मानित संतोष गंगेले कर्मयोगी नौगांव बुंदेलखंड एवं कार्यक्रम का संचालन संजय चतुर्वेदी ने किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम विद्यालय की कन्याओं का पद पूजन लवली मिश्रा ने किया और माला पहनाकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के शिक्षक बृजेंद्र कुमार मिश्रा द्वारा स्वागत भाषण दिया गया और संगोष्ठी पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर शिक्षक सुबोध कुमार पाल ने शिक्षा के साथ संस्कृति संस्कारों को जीवन की दिनचर्या में लेने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता समाजसेवी संतोष गंगेले कर्मयोगी ने डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर आधारित अपना व्याख्यान देते हुए कहा कि 5 सितंबर 1988 का दिन भारत के इतिहास में भारत के शिक्षकों के लिए सम्मान और गौरव को दिन साबित हुआ क्योंकि इसी दिन ही डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने जन्म लेकर के अपने माता-पिता गुरु के आदर्श का पालन किया और शिक्षा के साथ-साथ संस्कृति संस्कारों के कारण हीरो है आदर्श शिक्षक के रूप में माने जाते रहे और देश की आजादी में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। भारत देश आजाद होने के बाद वह भारतीय संस्कृति के संवाहक एक महान दार्शनिक और आदर्श शिक्षक के रूप में गिने जाते थे इसलिए उन्हें आजाद भारत में 1952 से 1962 तक उपराष्ट्रपति पर पदाशीन किया गया।

सर्वोच्च पद राष्ट्रपति के रूप में 25 जुलाई 1962 को बनाया गया और 5 वर्षों तक उन्होंने भारत देश के लिए काम किया उनके मार्गदर्शन में भारत के शिक्षकों का सम्मान आज भी शिक्षक दिवस के रूप में माना जाता है।

शिक्षक का ऐसा पद जो सेवानिवृत्ति के बाद भी सम्मान से समाज को आदर्श और संस्कार प्रदान करता है। मुख्य वक्ता समाजसेवी संतोष गंगेले कर्मयोगी नौगांव बुंदेलखंड ने अपने विचार रखते हुए विद्यार्थियों और शिक्षकों प्रोफेसरों, बुद्धिजीवी मानवता के धनी क्षेत्रवासियों से अपील और अनुरोध करते हुए कहा है कि वर्तमान में भारत की संस्कृति संस्कार नैतिक शिक्षा मानवता और व्यवहारिक जीवन पाटन की ओर जा रहा है जिसे बचाने के लिए वह लगातार बुंदेलखंड क्षेत्र में 18 वर्षों से निजी तौर पर बाइक से द्वारा कर रहे हैं।

# तमंचे के दम पर जनसेवा केंद्र संचालक को लूटा

जन एक्सप्रेस | अलीगढ़

थाना खैर क्षेत्र के गांव अंडला में स्थित एक जनसेवा केंद्र संचालक से दो मास्क पहने बदमाश ग्राहक बनकर कैश निकलवाने के बहाने तमंचा दिखाते हुए 37 हजार रुपये व मोबाइल फोन लूटकर ले गए। दिनदहाड़े हुई लूट की इस वारदात से पुलिस के होश उड़ गए। एसपी देहात समेत अन्य अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। इसके बाद लुटेरों की तलाश में दो टीमें गठित की गई हैं। कोतवाली खैर क्षेत्र के तेहरा गांव के संदीप शर्मा का कस्बा अंडला में बाबा रामदयाल जनसेवा केंद्र है। संदीप रोजाना की तरह सोमवार सुबह जनसेवा केंद्र खोलने पहुंचे। तभी दो व्यक्ति जो चेहरे पर मास्क लगाए हुए थे, पहुंचे। दोनों ने संदीप से कहा कि उन्हें खाते से 10 हजार रुपये का कैश निकालना है। इसी बीच संदीप कैश निकालने की प्रक्रिया शुरू करने लगे तभी बदमाश अपने असली रंग में आ गए। उन्होंने तमंचा दिखाते हुए संदीप के गल्ले में रखे 37 हजार रुपये निकालने के साथ ही उसका मोबाइल फोन भी झपट लिया। फिर बाइक से भाग गए। चंद मिनटों में ही बदमाश लूट की इस वारदात को अंजाम देकर भाग गए। पीड़ित जनसेवा केंद्र संचालक ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक के अलावा सीओ खैर वरूण कुमार सिंह आदि आ गए।

# त्योहारों पर सुरक्षा को लेकर संभ्रांत नागरिक व धर्मगुरु संग पीस कमेटी की हुई बैठक

जन एक्सप्रेस | उरई




आगामी त्योहारों को देखते हुए जिला प्रशासन ने सुरक्षा और शांति व्यवस्था को लेकर पूरी तैयारी कर ली है। इसीक्रम में डीएम राजेश कुमार पाण्डेय व एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार की अध्यक्षता में विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। डीएम ने कहा कि जनपद में त्योहारों को अमन-चैन और भाईचारे के माहौल में मनाया जाए। उन्होंने सभी विभागों को व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही ना करने के निदेश दिए ।नगर निकायों को निर्देश दिए गए कि पेयजल, बिजली, साफ-सफाई व यातायात व्यवस्था में कोई कमी न रहे। साथ ही संवेदनशील स्थानों पर विशेष सफाई अभियान चलाया जाए। एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कहा कि सभी संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। उन्होंने थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखें और अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई करें। साथ ही शांति समितियों और धर्मगुरुओं से सतत संवाद बनाए रखें, ताकि किसी भी प्रकार की गलतफहमी की स्थिति न बने। इस अवसर पर एडीएम वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, एएसपी प्रदीप कुमार, एडीएम न्यायिक योगेंद्र सिंह, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, सीएमओ नरेंद्र देव शर्मा, संभ्रांत नागरिकों, विभिन्न धर्मों के गुरुओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ ही एसडीएम, सीओ व नगर निकायों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# चोरों ने शराब दुकान की दीवार काटकर की चोरी

जन एक्सप्रेस | अलीगढ़

थाना क्वार्सी क्षेत्र में चोरों का आतंक लगातार बढ़ रहा है। आरोपी दीवार काटकर दुकान के अंदर घुसते हैं और चोरी करके गायब हो जाते हैं। मंगलवार को चोरों ने क्वार्सी के एफएम टॉवर क्षेत्र में दीवार काटकर अंग्रेजी और देशी शराब की दुकान में चोरी की। दोनों दुकानों की पीछे की दीवार कटी हुई थी और अंदर से नकदी और शराब गायब थी। जब दुकानदार सुबह पहुंचे तो उन्हें दीवार टूटी हुई मिली, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलने पर पहुंची क्वार्सी पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। एफएम टॉवर क्षेत्र की अंग्रेजी और देशी शराब की दुकानों में आरोपी चोर दीवार काटकर अंदर घुसे और चोरी की। अंग्रेजी शराब की दुकान से आरोपियों ने लगभग एक लाख रुपये की नकदी और अंदर रखी शराब और बीयर की बोतलें चोरी की हैं।

वहीं देशी शराब की दुकान से आरोपियों ने लगभग तीन हजार रुपये की नकदी और शराब की पेटियां चुराई हैं। वहीं दोनों दुकान संचालकों की ओर से पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और संदिग्धों को चिन्हित किया जा रहा है। जिससे आरोपियों पर कार्रवाई की जा सके। घटना के बाद क्वार्सी पुलिस ने आसपास के लोगों से जानकारी ली।

# एएमयू में विश्व उद्यमी दिवस पर कार्यशाला का आयोजन

## केयर, शेयर, फेयर और डेयर चार मूल सिद्धांतों पर बल दिया

जन एक्सप्रेस | अलीगढ़

विश्व उद्यमी दिवस के अवसर पर अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंधन विभाग द्वारा जेएन मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम में एंटरप्रेन्योरशिप सेंसिटाइजिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इसमें छात्रों को नये विचारों को उद्यमों में बदलने के लिए प्रेरित किया गया।

मुख्य अतिथि मेडिसिन संकाय, सेवानिवृत्त प्रोफेसर, डॉ. एम. मुबारक हुसैन ने कहा कि उद्यमिता वास्तविक समस्याओं के समाधान का माध्यम है, जिसमें नवाचार, नैतिकता और समावेशिता जरूरी हैं।

विशिष्ट अतिथि अंतरराष्ट्रीय अध्ययन संकाय के डीन, प्रो. आफताब आलम ने छात्रों को असफलता को सफलता की सीढ़ी मानने और अवसर निमार्ता बनने की प्रेरणा दी।

मुख्य वक्ता एवीआरओ इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन, सुशील कुमार अग्रवाल ने वीयूसीए (वोलैटिलिटी, अनसर्टेनटी, कम्प्लेक्सिटी, अम्बिगुइटी) की अवधारणा को समझाया और केयर, शेयर, फेयर और डेयर चार मूल सिद्धांतों पर बल दिया।

डॉ. लता रानी (प्रमुख, बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं एवं बीमा विभाग, दिल्ली स्किल एवं एंटरप्रेन्योरशिप विश्वविद्यालय) ने सरकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला और महिला सशक्तिकरण व रोजगार सृजन के महत्व पर जोर दिया। आयोजन सचिव डॉ. आसिफ अली सैयद ने कहा कि भविष्य उन्हीं का है जो सपने देखने और उन्हें पूरा करने का साहस रखते हैं। विभागाध्यक्ष प्रो. सलमा अहमद ने लगभग 200 प्रतिभागियों का स्वागत किया, जिनमें प्रबंधन, इंजीनियरिंग, वाणिज्य, कला, कानून, यूनानी चिकित्सा और सामाजिक विज्ञान के छात्र शामिल रहे।

प्रो. वलीद ए. अंसारी ने उद्यमिता की भूमिका को दृढ़ता और मूल्य निर्माण से जोड़ा जबकि प्रो. फिजा तबस्सुम आजमी ने जुनून और निरंतरता को सफलता की कुंजी बताया। कार्यक्रम का संचालन सानिया खान ने किया और धन्यवाद ज्ञापन रुश्दा कलीम ने प्रस्तुत किया।

## नई टाउनशिप का खाका तैयार, विकास प्राधिकरण सचिव ने दी जानकारी

**जन एक्सप्रेस/उरई।** विकास प्राधिकरण शहर के विस्तार और सुनियोजित विकास के लिए नई टाउनशिप बसाने जा रहा है। इस टाउनशिप में बडेरा और बड़ागांव गांव को शामिल किया गया है। विकास प्राधिकरण सचिव परमानंद यादव ने बताया कि इस परियोजना से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित टाउनशिप में सुनियोजित पार्क, चौड़ी सड़कों एवं सार्वजनिक सुविधाओं का विकास किया जाएगा। साथ ही भूमि अधिग्रहण के संबंध में उन्होंने स्पष्ट किया कि किसानों की सहमति और आपसी समझौते के आधार पर ही जमीन ली जाएगी।जिससे किसी प्रकार का विवाद न हो। सचिव ने विश्वास जताया कि इस पहल से अब तक विकास से वंचित रहे गांवों में भी खुशहाली आएगी और विकास एवं रोजगार के नए अवसर बनेंगे एवं लोगों को सुनियोजित आवासीय व्यवस्था सुलभ हो सकेगी।

## मिनी ट्रांसपोर्ट के ट्रक चालक की हादसे में मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** सिरसा कलार क्षेत्र के मलथुआ के मजरा गहपुरा निवासी ट्रक चालक की सड़क हादसे में मौत हो गई। सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम मलथुआ के मजरा गहपुरा निवासी इंद्रपाल 34 वर्ष पुणे में बीते तीन वर्षों से मिनी ट्रांसपोर्ट का ट्रक चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। बताया गया कि सोमवार की सुबह बह ट्रांसपोर्ट से माल लोड कर हैदराबाद जा रहा था। इसी दौरान दूसरी तरफ से गलत लेन में आ रहे ट्रक से उसकी टक्कर हो गई थी। हादसे में दो लोग घायल हो गए थे। जिन्हें हादसे की सूचना के बाद पुलिस की सहायता से पुणे के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां पर उपचार के दौरान चालक इंद्रपाल की मौत हो गई थी।पोस्टमार्टम के बाद मंगलवार की शाम दोस्तों के द्वारा शव गांव पहुंचाया गया। शव गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया।फिलहाल घटना के बाद से मृतक के पिता भूपत पाल, पत्नी बिंदु देवी, पुत्र सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# त्यौहारों के दौरान माहौल खराब करने वालों के विरूद्ध होगी कड़ी कार्यवाही: एसपी

जन एक्सप्रेस | महोबा



जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी त्यौहारों को शान्तिपूर्वक एवं कुशलता से सम्पन्न कराये जाने हेतु जिला स्तरीय शान्ति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने बाराबफात एवं अनंत चतुर्दशी, नवरात्रि व अन्य त्यौहारों को शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराने हेतु निर्देश दिये कि परम्परागत ढंग से त्यौहार मनाये जायें। उन्होंने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई की व्यवस्था हेतु अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिये। उन्होंने जुलूस वाले मार्ग को सम्बन्धित अधिकारियों के द्वारा निरीक्षण किये जाने तथा आवश्यक सड़क मरम्मत, विद्युत तारों को ठीक करने तथा मार्गों में प्रकाश की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने जल संस्थान एवं जल निगम को जलापूर्ति एवं पानी के टैंकरों की व्यवस्था कराये जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने निर्देश दिये कि त्यौहारों में डीजे तेज आवाज के साथ संचालित न किये जायें। उन्होंने एम्बुलेन्स एवं फायर बिग्रेड की भी आवश्यकतानुसार व्यवस्था रखने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी आयोजन कर्ता अपनी टीम पर नियंत्रण एवं निगरानी बनाए रखें तथा आप सभी लोग आपसी भाईचारे के साथ त्योहार को मनाये कोई नई परंपरा न अपनाई जाएं।बैठक में पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह ने कहा कि त्यौहारों को आपसी सौहार्द के साथ शान्तिपूर्वक रूप से मनायें। उन्होंने थाना प्रभारियों को निर्देश दिये कि जुलूस मार्ग का आज ही निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थायें देख लें। उन्होंने निर्देश दिये कि त्यौहारों के दौरान माहौल खराब करने वालों के विरूद्ध कडी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने निर्देशित किया कि किसी भी दशा में तेज गति से डीजे न बजाये जायें यदि ऐसा करते हुए पाया गया तो सम्बन्धित के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने सभी थानाध्यक्षों को शान्ति समिति की बैठक कर एवं सम्भ्रान्त लोगों से सहयोग प्राप्त करते हुए आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश दिये द्य बैठक में शान्ति समिति के सदस्यों से सुझाव एवं समस्यायें भी आमंत्रित करते हुए सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निस्तारण करने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोईनुल इस्लाम, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुखबीर सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह, एसडीएम सदर शिवध्यान पांडेय, एसडीएम कुलपहाड़ डॉ प्रदीप कुमार, एसडीएम चरखारी धीरेंद्र कुमार एवं क्षेत्राधिकारी पुलिस सहित शांति समिति के सदस्य, सम्भान्त लोग तथा संबंधित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# '100 प्रतिशत क्यूएलईडी डिस्प्ले वाला वॉबल 116.5-इंच टेलीविज़न अपने आप में एक क्रांति'

जन एक्सप्रेस | आगरा

इंडकल टेक्नोलॉजीज के इनहॉउस तकनीकी ब्रांड वॉबल डिस्प्लेज़ ने आज भारत के सबसे बड़े उपभोक्ता टेलीविज़न में नया ही बेंचमार्क सेट करते हुए मैक्सिमस सीरीज़ 116.5-इंच गूगल टीवी 5.0 को पेश करने की घोषणा की।

यह तकनीकी चमत्कार अन्य ब्रांड्स से कहीं आगे है और (वास्तव में) वॉबल डिस्प्ले की डिस्प्ले तकनीकी के क्षेत्र में रिसर्च और इन्नोवेशन की ताकत का नजारा दिखा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड के कब्जे में रहने वाले इस सेगमेंट में इस तरह किसी भारतीय कंपनी का आना बहुत बड़ी घटना है। मैक्सिमस सीरीज़ 116.5-इंच टीवी ने इस बड़े साइज में भारत के पहले क्यूएलईडी प्लस मिनी एलईडी डिस्प्ले तकनीकी के साथ भारतीय घरों में मनोरंजन के लिए एक नयी दुनिया ही बना दी है। इससे वॉबल डिस्प्ले ने एंड्राइड के साथ लेटेस्ट गूगल टीवी 5.0 को एडवांस्ड क्वांटम डॉट कलर की खासियत के साथ 116.5 इंच की मिनीएलईडी बैकलाइट की सटीकता को एक साथ पेश कर दिया।

इस स्तर की स्मार्ट विषेशताओं और बेहतरीन कंटेंट इंटीग्रेशन से लिविंग रूम एक शानदार मनोरंजन की जगह बन जाता है। 240वाट 6.2.2-चैनल की ताकत से सजे हुए दो डेडिकेटेड वूफ़र के साथ मैक्सिमस बेहतरीन विजुअल अनुभव को अलग ही ऊंचाई पर पहुंचा दिया, बिलकुल थिएटर की तरह का अहसास-शानदार डायनामिक्स, एकदम स्पष्ट डिटेलिंग, पूरी जगह को घेर लेने वाली थ्री-डायमेंशनल आवाज; यानी सिनेमा का पूरा अनुभव अब घर बैठे ही मिल रहा।

# एंटी-रैगिंग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

जन एक्सप्रेस | अलीगढ़



अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की इंटरडिसिप्लिनरी बायोटेक्नोलॉजी यूनिट (आईबीयू) के तत्वावधान में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के अंतर्गत एंटी-रैगिंग जागरूकता कार्यक्रमों की एक श्रृंखला आयोजित की गयी। इनका उद्देश्य परिसर में सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण बनाना था। अभियान के अंतर्गत प्रो. मोहम्मद उवैस ने एम.एससी. बायोटेक्नोलॉजी छात्रों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया। उन्होंने रैगिंग के हानिकारक प्रभावों और नैतिक व्यवहार व आपसी सम्मान की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर छात्रों से एंटी-रैगिंग प्रतिज्ञा भी कराई गई, जिसमें उन्होंने अनुशासन बनाए रखने और सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण तैयार करने का संकल्प लिया। उन्होंने यह भी शपथ ली कि वे न तो रैगिंग करेंगे और न ही किसी प्रकार का उत्पीड़न या हिंसा सहन करेंगे। इसके अतिरिक्त स्लोगन लेखन और पोस्टर प्रस्तुति प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं ताकि छात्र अपनी रचनात्मकता के माध्यम से एंटी-रैगिंग का संदेश फैला सकें। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में शाहीन परवीन और अमृत कौर ने क्रमशः प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रस्तुति में शाहीन परवीन और नाज खान क्रमशः प्रथम और द्वितीय रहीं। आईबीयू की कोऑर्डिनेटर प्रो. हिना यूनुस ने छात्रों के उत्साही भागीदारी की सराहना की और कहा कि इस तरह की पहलें स्वस्थ, सुरक्षित और समावेशी वातावरण के निर्माण के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने छात्रों को रैगिंग के किसी भी रूप के विरुद्ध एकजुट रहने का आह्वान किया।

# टाटा एलपीटी 812: मालिकों के लिए अधिक मुनाफ़े का देता है भरोसा

जन एक्सप्रेस | आगरा

भारत की सबसे बड़ी वाणिज्यिक वाहन निर्माता कंपनी टाटा मोटर्स ने आज इंटरमीडिएट, लाइट और मीडियम कमर्शियल व्हीकल सेगमेंट में ऑल-न्यू टाटा एलपीटी 812 को लॉन्च किया है।यह अपनी उच्च पेलोड क्षमता के साथ गाड़ी के मालिकों को अधिक मुनाफा दिलाएगा और संचालन लागत में नए मानक स्थापित करेगा।

अपनी उच्च पेलोड क्षमता के साथ, टाटा एलपीटी 812 फ्लीट मालिकों के लिए अधिक मुनाफ़े का भरोसा देता है। फैक्ट्री-फिटेड एयर-कंडीशनिंग से लैस, एलपीटी 812 भारत का पहला 4-टायर ट्रक है जिसमें 5 टन की रेटेड पेलोड क्षमता है, जो शहरी सड़कों पर बेहतरीन संचालन के साथ अधिक पेलोड की सुविधा देता है। टाटा मोटर्स के प्रमाणित एलपीटी प्लेटफॉर्म पर निर्मित यह ट्रक 6-टायर वाहन की मजबूती को 4-टायर ट्रक की दक्षता, फुर्ती और कम रखरखाव लागत के साथ जोड़ता है।

विभिन्न लोड बॉडी विकल्पों के साथ यह वाहन औद्योगिक सामान, बाजार भार, फल-सब्ज़ी और कूरियर सहित कई क्षेत्रों में उपयुक्त है। इस लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, श्री राजेश कौल, वाइस प्रेसिडेंट और ट्रक बिज़नेस हेड टाटा मोटर्स कमर्शियल व्हीकल्स, ने कहा, टाटा एलपीटी 812 का लॉन्च इस सेगमेंट में ग्राहकों की लाभप्रदता के लिए एक नया मानक स्थापित करता है। यह अनूठा ट्रक न केवल बढ़ती उत्पादकता की जरूरतों को पूरा करता है, बल्कि बेहतर ईंधन दक्षता, संचालन में सहजता और अधिकतम अपटाइम भी प्रदान करता है।

# अवैध अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोजर

- हाईकोर्ट के आदेश पर 11 साल बाद सरकारी खलिहान की भूमि हुई मुक्त
- नौतनवा तहसील प्रशासन ने 9 मकानों को बुलडोजर से कराया जमींदोज

जन एक्सप्रेस । महराजगंज



जनपद के नौतनवा तहसील क्षेत्र के ग्रामसभा समरधीरा में बुधवार को प्रशासन ने कोर्ट के आदेश पर बड़ी कार्रवाई करते हुए सरकारी खलिहान की भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त करा दिया।

कार्रवाई के दौरान अतिक्रमणकारियों में अफरा-तफरी मच गई। प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में 9 कब्जाधारियों के मकानों पर बुलडोजर चलाकर उन्हें ध्वस्त करा दिया। बुलडोजर की गर्जना सुनते ही कब्जाधारियों में भगदड़ मच गई और लोग अपना-अपना सामान समेटते नजर आए।

मिली जानकारी के मुताबिक कुछ लोगों के द्वारा पिछले 11 वर्षों से सरकारी खलिहान की भूमि पर अवैध कब्जा किया गया था। इस संबंध में कई बार नोटिस और बेदखली आदेश जारी होने के बावजूद कब्जाधारियों ने अतिक्रमण नहीं हटाया। अंततः हाईकोर्ट के आदेश के बाद जिला प्रशासन हरकत में आया और बुधवार को राजस्व विभाग एवं भारी संख्या में पुलिस बल की टीम मौके पर पहुंची। जैसे ही बुलडोजर की गड़गड़ाहट गूंजी, कब्जाधारियों में हड़कंप मच गया। कुछ लोग अपना सामान निकालने में जुट गए, जबकि कई लोग प्रशासनिक टीम से गुहार लगाते रहे। लेकिन अधिकारियों ने सख्ती दिखाते हुए कार्रवाई को अंजाम दिया। वही ग्रामसभा की जनता ने प्रशासन की इस कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि वर्षों से खलिहान की जमीन पर अवैध कब्जा था, जिससे गांव के सामुदायिक कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही थी। अब भूमि मुक्त होने के बाद गांव के हित में इसका उपयोग किया जाएगा।

इस संबंध में अधिकारियों ने बताया कि लंबे समय से सरकारी भूमि पर अवैध रूप से बने पक्के मकानों को लेकर शिकायतें मिल रही थीं। कोर्ट के आदेश की प्रति मिलने के बाद ही अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई है। इस दौरान मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा जिससे किसी तरह की अप्रिय घटना न हो।

## पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट

**जन एक्सप्रेस/पनियरा/महराजगंज।** पनियरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुआचाप में पुरानी रंजिश को लेकर मंगलवार की रात करीब आठ बजे दिलीप पुत्र रामनेवास पर कुछ लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में उसके सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित दिलीप ने पनियरा थाने में दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि रामकेरे उर्फ अरविंद पुत्र बाबूलाल सिंह, अतुल सिंह व अभिषेक सिंह (पुत्रगण अरविंद सिंह रामकेरे), निवासी ग्राम कुआचा टोला अहिरउटी ने अनिरुद्ध निवासी ग्राम जंगल बड़हरा के उकसाने पर उसे रास्ते में रोककर गाली-गलौज किया और लाठी-डंडों व लात-घूंसों से बेरहमी से पीटा। दिलीप ने बताया कि हमलावरों के साथ चार अज्ञात लोग भी थे, जिन्होंने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। घटना से परिजनों में दहशत का माहौल व्याप्त है। पीड़ित ने पुलिस से मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में पनियरा थानाध्यक्ष आशीष कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित के लिखित तहरीर के आधार पर केस दर्ज दर्ज कर लिया गया है, मामले की जांच पड़ताल कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

# एसपी सोमेन्द्र मीना ने अंकुर गौतम को लगाया स्टार, बने क्षेत्राधिकारी नौतनवां

### नई जिम्मेदारी संभालने के बाद क्षेत्र में कानून व्यवस्था होगी और मजबूत

जन एक्सप्रेस । महराजगंज



जनपद पुलिस विभाग में तबादला एवं नियुक्ति प्रक्रिया के तहत नौतनवां सर्किल को नया क्षेत्राधिकारी मिल गया है। बुधवार को पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना एवं अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ ने अंकुर गौतम को क्षेत्राधिकारी (सीओ) नौतनवां के पद पर नियुक्त किया है।

प्रशिक्षण के उपरान्त जिले में पहली तैनाती पाने वाले अंकुर गौतम को एसपी सोमेन्द्र मीना ने स्वयं उनके कंधे पर स्टार लगाकर सम्मानित किया, और पदभार ग्रहण कराया है। यह क्षण न केवल उनके लिए गर्व का था, बल्कि पुलिस विभाग के लिए भी एक उत्साहजनक पल बन गया। नौतनवा सर्किल में नए सीओ की तैनाती के बाद पुलिस महकमे में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। लोगों का मानना है कि युवा और ऊर्जावान अधिकारी के रूप में अंकुर गौतम क्षेत्र में नई कार्यशैली और सख्त कानून व्यवस्था लेकर आएंगे। स्थानीय लोगों में भी उनकी नियुक्ति को लेकर उत्सुकता देखी जा रही है। बताया गया कि नौतनवां सर्किल भारत नेपाल सीमा से सटा क्षेत्र है, जहाँ कानून व्यवस्था बनाए रखना हमेशा से चुनौतीपूर्ण रहा है। ऐसे में अंकुर गौतम की तैनाती को महत्त्वपूर्ण माना जा रहा है। नए क्षेत्राधिकारी अपनी प्राथमिकताओं में सीमा क्षेत्र में अपराध और तस्करी पर रोकथाम, आम जनता से समन्वय स्थापित कर पुलिस की सकारात्मक छवि बनाना तथा आपराधिक गतिविधियों पर सख्त नियंत्रण को रखेंगे।

# यातायात पुलिस का जागरूकता अभियान, हेलमेट व सीट बेल्ट को लेकर सख्ती

जन एक्सप्रेस । महराजगंज



जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीणा के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ के मार्गदर्शन में बुधवार को यातायात पुलिस ने जिले में जागरूकता अभियान चलाया है। अभियान के दौरान लोगों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई और सुरक्षित यातायात के लिए प्रेरित किया।

प्रभारी यातायात मय टीम ने महराजगंज कस्बा, शिकारपुर और सिंदुरिया के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर **नो हेलमेट-नो फ्यूल** अभियान के तहत जांच की।

इस दौरान पेट्रोल पंप प्रबंधकों और सेल्समैन को निर्देशित किया गया कि बिना हेलमेट के आने वाले वाहन चालकों को पेट्रोल न दिया जाए। यातायात पुलिस ने वाहन चालकों को भी चेताया कि बिना हेलमेट और सीट बेल्ट के वाहन चलाना खतरनाक है और नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई तय है। अभियान के दौरान नियम तोड़ने वालों के विरुद्ध पुलिस ने नियमानुसार चालान की कार्यवाही भी किया है।

## मेडिकल कॉलेज में फिर ठप हुआ सर्वर, मरीज परेशान

जन एक्सप्रेस । देवरिया

मेडिकल कॉलेज में इंटरनेट की समस्या दूर नहीं हो रही है। इसका खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। साथ ही कर्मचारियों को भी परेशानी हो रही है। शुक्रवार को सुबह से दोपहर बाद दो बजे तक रुक-रुक चला, जिससे रजिस्ट्रेशन और बिलिंग का कार्य प्रभावित हुआ। इसके बाद करीब आधे घंटे तक ठप रहने से बिलिंग का कार्य बाधित हो गया। इससे मरीज और तीमारदार परेशान रहे। ठीक होने पर कार्य में तेजी आई।

मेडिकल कॉलेज में करीब बीस दिन से रोजाना सुबह इंटरनेट की समस्या बनी रहती है। इससे परेशानी हो रही है। बृहस्पतिवार को पूरे दिन ठीक रहा तो लगा कि अब दिक्कत नहीं होगी, लेकिन शुक्रवार को फिर समस्या हो गई। सुबह से दोपहर बाद करीब दो बजे तक रुक-रुक इंटरनेट चलने से कार्य प्रभावित हुआ।

# विद्युत विभाग और नेडा की समीक्षा बैठक, डीएम ने दिए सख्त निर्देश

- रोस्टरवार बिजली आपूर्ति हर हाल में सुनिश्चित करें अधिकारी-डीएम
- जनशिकायतों का निस्तारण के लिए अधिकारियों को दिए अतिरिक्त प्रयास के निर्देश

जन एक्सप्रेस । महराजगंज



जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विद्युत विभाग व नेडा के विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पीएम सूर्यघर योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि अधिक से अधिक लोगों को इस योजना का लाभ मिल सके।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि आमजन को योजना की जानकारी समय से उपलब्ध कराना बेहद जरूरी है, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। उन्होंने निर्देश दिया कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाकर योजना की विशेषताओं को लोगों तक पहुँचाया जाए।

विद्युत आपूर्ति की स्थिति पर चर्चा करते हुए श्री शर्मा ने विभागीय अधिकारियों को रोस्टरवार बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने का कड़ा निर्देश दिया है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी दशा में निर्धारित समय से कम बिजली आपूर्ति नहीं होनी चाहिए।

वहीं जनशिकायतों के निस्तारण पर विशेष जोर देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि उपभोक्ताओं की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए। इसके लिए विद्युत विभाग को अतिरिक्त प्रयास करने होंगे।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायत निवारण व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जाए ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी, अधिशासी अभियंता विद्युत, नेडा अधिकारी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# पहले स्कूल की बदली तस्वीर, अब बदल रहे बच्चों की तकदीर

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर



गोरखपुर के शिक्षक मनोज मिश्र ने स्कूल के प्रति समर्पण से मिसाल कायम की है। उन्होंने स्कूल की तस्वीर बदलने के साथ-साथ बच्चों के भविष्य को भी सुधारा है। दीवारों पर पाठ्य सामग्री लिखवाकर कक्षाओं को आकर्षक बनाया और शैक्षिक वीडियो बनाकर बच्चों को पढ़ाई में मदद की। उनकी मेहनत से स्कूल में बच्चों की संख्या बढ़ी है और विद्यालय पीएमश्री विद्यालय बन चुका है।

आज जहां बहुत से शिक्षक शिक्षण कार्य को आराम का काम मानकर नौकरी कर रहे हैं, वहीं जिले के परिषदीय स्कूल के कई शिक्षक स्कूल व बच्चों के प्रति अपने समर्पण से दूसरों के लिए नजीर बन गए हैं। राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित हो चुके शिक्षक मनोज मिश्र इन्हीं शिक्षकों में से एक हैं। जिन्होंने न सिर्फ अपनी मेहनत से स्कूल की तस्वीर बदल दी है, बल्कि बच्चों की तकदीर बदलने में भी जुटे हैं।

जनपद के गगहा ब्लाक के कंपोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय सेमरी के प्रभारी प्रधानाध्यापक मनोज ने तैनाती होते ही सबसे पहले विद्यालय के परिवेश को सहज, सुंदर और आकर्षक बनाया। स्कूल की बाहरी दीवारों से लेकर कक्षा कक्ष की दीवारों को उनकी कक्षा अनुरूप पाठ्य सामग्री की पेंटिंग व लेखन कराया। जैसे मैंने सभी दीवारों बोलती है और बच्चों को शिक्षा देती है। आज उनके यहां प्रत्येक कक्षा कक्ष प्रिंट रिच मटेरियल से परिपूर्ण है, जो बच्चों को अनायास ही कुछ न कुछ सीखने में मदद करती हैं। करीब 12 साल पहले जब शिक्षक मनोज ने स्कूल की कमान संभाली तो उस समय बच्चों का समय से स्कूल न आना एक बड़ी समस्या थी। इससे निपटने के लिए उन्होंने निर्धारित समय से एक घंटे पहले स्कूल को खोलना और आधे घंटे पहले से प्रार्थना सभा की विभिन्न गतिविधियों को करवाना शुरू किया। प्रार्थना सभा को प्रभावी बनाने के लिए लाउडस्पीकर का प्रयोग किया। लाउडस्पीकर की आवाज सुनकर बच्चों की विद्यालय में समय से उपस्थिति होने लगी। शिक्षक मनोज बताते हैं कि बच्चों को समय के साथ चलने व तकनीक से जोड़ने के लिए कक्षा छह से आठ तक की विषय वस्तु से संबंधित 545 शैक्षिक अधिक वीडियो बनाकर मैंने उसे यूट्यूब पर अपलोड किया, जिसका आज बच्चे स्मार्ट क्लास के दौरान पठन-पाठन में प्रयोग करते हैं।

वे बताते हैं कि प्रार्थना सभा को प्रभावी बनाने के लिए दैनंदिनी सीरीज शुरू किया जो पहले पोस्टर फार्म में और अब वीडियो फार्म में है। इसके माध्यम से प्रतिदिन की विशेषताओं से बच्चे अवगत होते हैं। इसमें देश-विदेश के महान लोगों के प्रेरक विचारों को प्रस्तुत किया जाता है। साथ ही इसी से जुड़ी सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी आयोजित की जाती है।

## सपा ने अतिक्रमण हटाओ अभियान पर उठाए सवाल

जन एक्सप्रेस । देवरिया

सपा के बास देवरिया स्थित जिला कार्यालय पर शुक्रवार को आयोजित बैठक में प्रदेश के हालात पर चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष व्यास यादव ने कहा कि पूरा देश व प्रदेश भय, भुख व भ्रष्टाचार की आग में झुलस रहा है। आए दिन भाजपा देश के महापुरुषों को अपमानित कर समाज में जातीय उन्माद फैलाने का कार्य कर रही है। राष्ट्रीय अध्यक्ष का निर्देश है कि पीडीए चौपाल को और तीव्रता से चलाने की आवश्यकता है। जनपद में जिस प्रकार अतिक्रमण मुक्ति का कार्यक्रम सरकार बना रही है इससे समूचे जिले का वातावरण प्रभावित होगा व सौहार्द बिगडने का खतरा बना हुआ है। नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष राजेश यादव, प्रदेश सचिव रामाशीष माथुर व ग्राम प्रधान सहबाजपुर जीतने पर जिला उपाध्यक्ष मुन्ना यादव का माला पहनाकर व अंगवस्त्र प्रदान कर स्वागत किया गया।

# सोनौली में संदिग्ध हालात में महिला की मौत

जन एक्सप्रेस । सोनौली/महराजगंज



नगर पंचायत सोनौली के वार्ड नंबर 12 घनश्याम नगर में बुधवार सुबह एक 32 वर्षीय विवाहित महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की पहचान कमलावती देवी पत्नी रमेश अग्रहरि के रूप में हुई है।

मिली जानकारी के मुताबिक करीब 17 वर्ष पूर्व रमेश अग्रहरि ने नेपाल राष्ट्र की कमलावती से प्रेम विवाह किया था। दंपति के दो बच्चे हैं, जिनकी उम्र क्रमशः 15 और 12 वर्ष बताई जा रही है।

मृतका के पति रमेश अग्रहरि ने बताया कि सुबह करीब साढ़े नौ बजे कमलावती के पेट में अचानक तेज दर्द उठा। अस्पताल ले जाने की तैयारी की जा रही थी, तभी उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की जानकारी सबसे पहले उन्होंने मृतका के मायके पक्ष को दी। सूचना पर पहुंचे मृतका के पिता विनोद (निवासी नेपाल) ने पुलिस से पोस्टमार्टम कराने की मांग की। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

इस संबंध में कोतवाल अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि अब तक किसी भी पक्ष ने लिखित तहरीर नहीं दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा और उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# कलश शोभायात्रा के साथ गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । देवरिया

स्थानीय चंद्रशेखर आजाद इंजीनियरिंग कॉलेज के खेल मैदान में आयोजित 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के प्रथम दिन भव्य कलश शोभा यात्रा के साथ यज्ञ का शुभारंभ हुआ। सैकड़ों पीत वस्त्रधारी महिलाओं एवं कन्याओं ने सिर पर कलश लेकर पूरे नगर का परिभ्रमण किया गाजे-बाजे के साथ गायत्री माता की जयकार से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो गया। नगर के लोगों ने जगह जगह कलश यात्रा का स्वागत किया। यातायात व्यवस्था को पुलिस प्रशासन भी चाक चौबंद रहा। सुबह नौ बजे सभी लोग यज्ञ स्थल पर एकत्रित हुए। शांतिकुंज हरिद्वार से आई टोली के टोली नायक रामचंद्र गायकवाड़, रामप्रसाद, श्याम यादवश् अभय कुमार ने वैदिक मंत्रोचार के साथ कलश का पूजन किया। इस दौरान आओ आओ सुहागिन नारी सहित अन्य युग संगीत से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया।

कलश यात्रा खेल मैदान से होकर देवगांव मोड़, रामपुर चौराहा होते हुए गायत्री मंदिर पहुंचा। इस दौरान आओ आओ सुहागिन नारी सहित अन्य युग संगीत से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा खेल मैदान से होकर देवगांव मोड़, रामपुर चौराहा होते हुए गायत्री मंदिर पहुंचा। वहां से जल लेकर रेलवे पूर्वी ढाला होते हुए थाना रोड, मुख्य बाजार से मिल परिसर होते हुए रेलवे पश्चिमी ढ़ाला से केन यूनियन मोड़ पहुंचा। वहां से मुख्य मार्ग हाईवे से पुनर्रामपुर चौराहा होते हुए यज्ञ स्थल तक पहुंचा। गाजे-बाजे, रथ पर बनी झाकियों के साथ एवं मशाल के साथ निकली यात्रा को देखने के लिए नगर उमड़ पड़ा। इस दौरान जगह-जगह नगर के लोगों ने कलश यात्रा का स्वागत किया जगह-जगह स्टाल लगाकर लोगों को पानी पिलाया। सायं 6 बजे से 8 बजे तक प्रवचन एवं संगीत के माध्यम से यज्ञ की विस्तार से चर्चा की गई अंत में मां गायत्री की आरती के साथ प्रथम दिन का केक का कार्य संपन्न हुआ।

## ड्रग वेयर हाउस पर लगा झंडा पुलिस ने उतरवाया

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

सेवरही सीएचसी परिसर में बने जनपदीय ड्रग वेयर हाउस भवन पर मंगलवार को एक हरे रंग का धार्मिक झंडा लगाने का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। लोगों में इस बात की चर्चा है कि सरकारी भवन पर आखिरकार यह झंडा किसने लगाया गया होगा। हालांकि यह भवन अभी स्वास्थ्य विभाग को हस्तांतरित नहीं किया गया। मामले की जानकारी होने के बाद सेवरही पुलिस ने विवादित झंडे को तत्काल भवन से हटवाकर जांच में जुटी है। सेवरही कस्बा के सीएचसी परिसर में नवनिर्मित जनपदीय ड्रग वेयर हाउस जिले भर के अस्पतालों और स्वास्थ्य उपकेंद्रों को दवाओं की आपूर्ति का प्रमुख केंद्र है। हालांकि अभी यह भवन स्वास्थ्य विभाग को सुपुर्द नहीं हुआ है।

# सर्जरी की थी आवश्यकता, रेडियोथेरेपी से ठीक हो गया जबड़े का कैंसर

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर



गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों ने कुशीनगर की एक महिला के जबड़े के कैंसर का रेडियोथेरेपी से सफल इलाज किया। महिला को इविंग सारकोमा नामक कैंसर था और सर्जरी से चेहरे की बनावट बिगड़ने का डर था।

बीआरडी में रेडियोथेरेपी और कीमोथेरेपी से एक साल में कैंसर ठीक हो गया और सात साल बाद भी वापस नहीं आया है। यह दुर्लभ मामला है जिसमें रेडियोथेरेपी से सफलता मिली।

कुशीनगर एक महिला रोगी को जबड़े के निचले हिस्से (ठुड्डी) में इविंग सारकोमा नामक कैंसर था। सर्जरी की आवश्यकता थी। ऑपरेशन से चेहरे की बनावट बिगड़ जाती, इसलिए रोगी ने ऑपरेशन नहीं कराने का निर्णय लिया।

बीआरडी मेडिकल कॉलेज के कैंसर रोग विशेषज्ञों ने उसे रेडियोथेरेपी से ठीक करने की कोशिश की। एक साल के उपचार के बाद पेट सीटी जांच कराई गई तो पता चला कि कैंसर पूरी तरह ठीक हो गया है। रोगी को ठीक हुए सात साल हो गए।

डॉक्टरों के अनुसार अब कैंसर के दोबारा होने की आशंका निर्मूल हो चुकी है। रेडियोथेरेपी की वजह से कभी-कभी लार कम बनने व छाले पड़ने की समस्या आती है तो महिला का उपचार कर दिया जाता है।

डॉक्टरों के अनुसार 10 लाख लोगों में से एक से तीन लोगों में यह कैंसर पाया जाता है। जीन में बदलाव से होने वाले इस कैंसर का कोई सटीक कारण अभी सामने नहीं आ पाया है। आमतौर पर सर्जरी को ही इसका बेहतर उपचार माना जाता है।

इसे बीआरडी में पहली बार रेडियोथेरेपी से ठीक किया गया। कुशीनगर की 40 वर्षीय इस महिला को 2016 में दांत में दर्द व मसूढ़ों में सूजन की दिक्कत हुई। कुशीगनर में दवा कराने के बाद जब दर्द से राहत नहीं मिली तो उन्होंने दांत उखड़वा दिया। इसके बाद भी दर्द व सूजन बनी रही। उन्होंने गोरखपुर में दंत रोग चिकित्सक को दिखाया। उन्होंने बायोप्सी जांच कराई तो ठुड्डी की हड्डी में कैंसर की पुष्टि हुई। इसके बाद महिला उपचार के लिए लखनऊ चली गईं। वहां डाक्टर ने सर्जरी की सलाह दी। चेहरे की बनावट बिगड़ने की डर से उन्होंने सर्जरी नहीं कराई। दवा कराती रहीं।

2018 में वह बीआरडी मेडिकल कॉलेज के कैंसर रोग विभाग में पहुंची। डॉक्टरों ने उन्हें 30 रेडियोथेरेपी व 12 साइकिल कीमोथेरेपी दी। एक साल के उपचार के बाद उनकी कैंसर जांच की रिपोर्ट सामान्य आ गई।

# विद्यावती प्रेरणा पुरस्कार ने बढ़ाया होनहारों का हौसला

## विद्यावती की स्मृति में निखरी नन्हीं कलमों की प्रतिभा

## संस्कार और सृजनशीलता का प्रतीक बना विद्यावती प्रेरणा पुरस्कार







जन एक्सप्रेस। जौनपुर

**खुटहन।** क्षेत्र रूस्तमपुर की पूर्व प्रधान विद्यावती पांडेय की स्मृति में नारी शक्ति- समाज और राष्ट्र की आधारशिला विषय पर ब्लॉक स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बुधवार को पं.दीनदयाल उपाध्याय बालिका इंटर कॉलेज में 11 विजेता प्रतिभागियों को विद्यावती प्रेरणा पुरस्कार के तहत प्रमाण पत्र व प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार सुभाष चंद्र पांडेय व विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारी सदस्य इंद्रसेन सिंह माले रहें। नारी शक्ति समाज और राष्ट्र की आधारशिला विषय पर निबंध लिखने वालों में साय नाथ पाल इंटर कॉलेज, तिघरा के कक्षा 10वीं की छात्रा श्वेता सोनी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। दूसरे स्थान पर सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल, पट्टीनरेंद्र पुर के कक्षा 10 वीं की छात्रा समृद्धि सिंह व पं.दीनदयाल उपाध्याय बालिका इंटर कॉलेज रूस्तमपुर की कक्षा 10 वीं की छात्रा मधु तिवारी को संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। तृतीय स्थान पर चंद्रा पैराडाइज इंटर कॉलेज, खुटहन के कक्षा 10वीं के छात्र प्रियांशु शर्मा तथा नेशनल इंटर कॉलेज, पट्टी नरेंद्रपुर के कक्षा 10 वीं के छात्र अर्पित पांडेय व ग्राम विकास इंटर कॉलेज, खुटहन की छात्रा रिचा यादव को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। वहीं सांत्वना पुरस्कार के लिए पं. दीनदयाल उपाध्याय बालिका इंटर कॉलेज, रूस्तमपुर के नौवीं की छात्रा मानसी मिश्रा, श्रृष्टि मिश्रा व आदर्श वर्मा तथा नेशनल इंटर कॉलेज, पट्टीनरेंद्रपुर के 10वीं के छात्र पीयूष मौर्या का चयन किया गया। सभी विजेता प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए वरिष्ठ पत्रकार सुभाष चंद्र पांडेय ने कहा कि विद्यावती प्रेरणा पुरस्कार क्षेत्र के बच्चों के लिए संस्कार और सृजनशीलता का प्रतीक बन गया है। विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य इंद्रसेन सिंह माले ने कहा कि इस प्रतियोगिता ने बच्चों के मन में यह संदेश दिया कि नारी केवल परिवार की नहीं बल्कि पूरे समाज की दिशा निर्धारित करती है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद के ब्लॉक अध्यक्ष परमहंस पांडेय व संचालन रोशन मिश्र ने किया। विद्यालय प्रबंधक श्रीकृष्ण पांडेय बड़कऊ ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार प्रकट किया। ऑनलाइन निबंध लेखन प्रतियोगिता का संचालन डॉ.आरसी पांडेय व विद्यालय प्रधानाचार्या प्रिया पांडेय ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाज सेवी साधू तिवारी, संकठा तिवारी, नवनीत सिंह आकाश, देवतादीन यादव, अभिषेक शर्मा, किशन यादव, हीरालाल गौतम आदि लोग मौजूद रहें।

# सड़क का करा लिया बैनामा, डीएम से शिकायत



जन एक्सप्रेस। बस्ती

आम आदमी पार्टी प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप जायसवाल ने बुधवार को जिलाधिकारी को पत्र देकर सार्वजनिक सड़क को कब्जा कर क्षतिग्रस्त कर देने के मामले में जांच कराकर दोषियों से क्षतिपूर्ति लिये जाने की मांग किया है। कुलदीप जायसवाल ने बताया कि डीएम ने मामले की जांच का आदेश दे दिया है। डीएम को दिये शिकायती पत्र में कहा गया है कि विकासखंड बस्ती सदर की ग्रामसभा जामडीह शुक्ल, लबनापार स्थित वर्षों पुरानी सार्वजनिक सड़क को दबंगईपूर्वक्त क्षतिग्रस्त कर अवरुद्ध कर दिया गया है। यह सड़क जामडीहशुक्ल-लबनापार काली मंदिर से कैली मेडिकल कॉलेज रोड को जोड़ती है और प्रारंभ से ही ग्रामवासियों के आवागमन का प्रमुख मार्ग रही है। पूर्व में नलकूप विभाग की नहर रही यह भूमि बाद में चकरोड के रूप में कायम रही, जिस पर जिला पंचायत निधि से खड़ंजा तथा विधायक निधि से आर.सी.सी. सड़क का निर्माण कराया गया था।

ग्रामवासियों का कहना है कि ग्राम निवासी अखिलेश शुक्ला पुत्र चंद्रशेखर शुक्ला ने राजस्व विभाग की मिलीभगत से वर्ष 2004 एवं 2019 में इस चलती सड़क का बैनामा करा लिया। आरोप है और उन्होंने दबंगई कर रातों-रात आर.सी.सी. व खड़ंजा तोड़कर मार्ग को पूरी तरह अवरुद्ध कर दिया और रास्ते का स्वरूप बदल दिया। इतना ही नहीं, ग्राम समाज के तलैया पर भी कब्जा कर लिया गया, जिससे ग्रामीणों का आवागमन बाधित हो गया और ग्रामसभा की संपत्ति को भारी क्षति पहुँची। डीएम को दिये ज्ञापन में प्रकरण की निष्पक्ष जांच हेतु एक उच्चस्तरीय कमेटी गठित किये जाने, क्षतिग्रस्त सड़क की लागत का आकलन कर दोषियों से क्षतिपूर्ति कराने, चलती सड़क पर हुये अवैध बैनामा को तत्काल निरस्त कर, संबंधित राजस्व कर्मियों एवं दोषियों पर विधिक कार्रवाई किये जाने, ग्रामवासियों के हित में मार्ग को शीघ्र पुनः शुरू कराये जाने, ग्राम समाज के तलैया को कब्जा मुक्त कराने आदि की मांग शामिल है।

आम आदमी पार्टी प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप जायसवाल ने डीएम को ज्ञापन देने के बाद कहा कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो ग्रामवासियों के साथ आम आदमी पार्टी व्यापक आंदोलन करने को बाध्य होगी। ज्ञापन देते हुये पूर्व ग्राम प्रधान प्रत्याशी वृहस्पतिमणि त्रिपाठी, पं. कुश शुक्ल, पवन कुमार शुक्ल, चन्द्र प्रकाश चौधरी, दुर्गेश चन्द्र शुक्ल, शेषपाल चौधरी आदि शामिल

# बाल वाटिका उत्सव में नन्हे मुन्ने बच्चों ने लोगों का मनमोहा



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

खुटहन। प्रा वि भटौली में बुधवार को आयोजित बाल वाटिका उत्सव में विद्यालय के नन्हे मुन्हे बच्चों ने अपने करिश्माई प्रदर्शन से प्रांगण में मौजूद लोगों का मनमोह लिया। इस दौरान बच्चों ने कविता पाठ, कहानी वाचन, नाटक, अभिनय, स्वयं का परिचय, आवाज पहचान की गतिविधि तथा अच्छी आदतों की गतिविधि का शानदार प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में शामिल बतौर मुख्य अतिथि बीईओ विपुल कुमार उपाध्याय ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि बालवाटिका, बच्चों के प्रारंभिक ज्ञानोदय का बगीचा है जहां 3 से 6 वर्ष के नौनिहाल अपने प्राथमिक शिक्षा के पूर्व खेल और गतिविधियों के माध्यम से सीखते हैं। यह कार्यक्रम 3 से 6 वर्ष के बच्चों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है जो बच्चों में शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और भावनात्मक विकास को समग्र रूप से बढ़ावा देता है। इसका लक्ष्य बच्चों को एक मजबूत शैक्षणिक नींव प्रदान करना है। खंड शिक्षा अधिकारी ने उत्सव में प्रतिभागी बच्चों को कलम, कापी, ड्राइंग बॉक्स तथा मिष्ठान देकर पुरस्कृत कर सम्मानित किया। अंत मे प्रधानाध्यापक प्रदीप कुमार सिंह ने सभी आगतो का आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के ब्लॉक समन्वयक विपिन कुमार यादव, सुपरवाइजर सुशीला वर्मा आंगनबाड़ी कार्यकत्री प्रभारी सुदामा देवी, प्रधान प्रतिनिधि परमहंस पांडे, एआरपी विनय यादव, एआरपी अवधेश यादव, आशीष यादव, राहुल कुमार सिंह, मीनू सिंह, विभा तिवारी, पूनम सिंह, परमानंद सिंह, धूप नारायण सिंह, चित बहाल सिंह समेत कई अभिभावक मौजूद रहे।

# जौनपुर के दो युवाओं को मिली कांग्रेस में तरजीह, मिली यह जिम्मेदारी



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय ने संगठन विस्तार की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए जौनपुर के दो युवा नेताओं को अहम जिम्मेदारी सौंपी है।

इस क्रम में ग्राम बरगांव, सरायख्वाजा निवासी शिवेंद्र सिंह को महासचिव, उत्तर प्रदेश किसान कांग्रेस (पूर्वी जोन) नियुक्त किया गया है।

वहीं किसान कांग्रेस की जिला स्तरीय जिम्मेदारी अभिषेक मिश्रा को प्रदान की गई है।

शिवेंद्र सिंह की नियुक्ति की खबर से जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार हुआ है।

पार्टी नेताओं का मानना है कि प्रदेश नेतृत्व द्वारा कांग्रेस विचारधारा से समर्पित कार्यकर्ताओं को पद देकर संगठन को और अधिक मजबूत करने का कार्य किया जा रहा है।

पूर्व उपाध्यक्ष सुरेंद्र वीर विक्रम बहादुर सिंह, पूर्व उपाध्यक्ष डॉ. राकेश उपाध्याय, मल्हनी से पूर्व प्रत्याशी प्रमोद मिश्र, डॉ. मंगला मिश्र, पूर्व शहर उपाध्यक्ष विद्यापति द्विवेदी, हीरालाल पाल, पूर्व नगर अध्यक्ष विशाल सिंह (हुकुम), संदीप सोनकर, अजय सोनकर, पूर्व सचिव प्रवीण सिंह पिंटू, पूर्व उपाध्यक्ष किसान कांग्रेस गुलाब सिंह समेत अनेक वरिष्ठ नेताओं ने दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मछलीशहर में बड़ी लापरवाही सांस का मरीज तड़पता रहा फर्श पर, डॉक्टर रहे ओपीडी में व्यस्त



**जौनपुर मछलीशहर में बड़ी लापरवाही सांस का मरीज तड़पता रहा फर्श पर, डॉक्टर रहे ओपीडी में व्यस्त फर्श पर तड़पता सांस का मरी...**

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मछलीशहर में गुरुवार को भारी लापरवाही का मामला सामने आया। सांस फूलने से पीड़ित एक वृद्ध मरीज इलाज के लिए अस्पताल पहुंचा, लेकिन मौजूद डॉक्टरों ने उस पर ध्यान नहीं दिया। इलाज के अभाव में मरीज जमीन पर तड़पता रहा जबकि सरकारी डॉक्टर ओपीडी के कागज़ों और अन्य कार्यों में व्यस्त रहे।

पीड़ित वृद्ध अपनी पत्नी के साथ अस्पताल आया था। दोनों ने बार-बार डॉक्टरों से मदद की गुहार लगाई, लेकिन उन्हें अनसुना कर दिया गया। इलाज न मिलने से बुजुर्ग दंपती बेहद निराश और असहाय दिखाई दिए।

घटना का फोटो किसी ने सोशल मीडिया पर साझा कर दिया, जो तेजी से वायरल हो रहा है। फोटो सामने आने के बाद अस्पताल प्रबंधन और स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि मछलीशहर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आए दिन लापरवाही की शिकायतें मिलती रहती हैं। मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल पाता और अक्सर उन्हें प्राइवेट अस्पतालों का सहारा लेना पड़ता है। ग्रामीणों ने कड़ी नाराज़गी जताते हुए कहा कि यदि तत्काल चिकित्सा उपलब्ध होती तो मरीज को इस स्थिति का सामना नहीं करना पड़ता।

फोटो वायरल होने के बाद स्वास्थ्य केंद्र के प्रबंधन ने सफाई देते हुए कहा कि डॉक्टर उस समय ओपीडी में व्यस्त थे।

मरीज को प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध कराने की कोशिश की गई थी। हालांकि विभागीय सूत्रों का कहना है कि मामले की जांच कर संबंधित जिम्मेदारों पर कार्रवाई हो सकती है।

# संस्थापक दिवस पर दुर्गा जी विद्यालय को मिली एनसीसी सब-यूनिट की सौगात



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जौनपुर माँ दुर्गा जी विद्यालय, सिद्दीकपुर में संस्थापक स्वर्गीय डॉ. छविनाथ सिंह की 81वीं जयंती अवसर पर विद्यालय को एक बड़ी सौगात मिली। बुधवार को यहां एनसीसी 98 यूपी बटालियन, जौनपुर की सब-यूनिट की स्थापना समारोह धूमधाम से आयोजित हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र और विशिष्ट अतिथि 98 यूपी बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल आलोक धर्मराज सिंह ने संयुक्त रूप से विद्यालय प्रबंधक सूर्य प्रकाश सिंह 'मुन्ना' और निदेशक सूर्यांश प्रकाश सिंह को एनसीसी मान्यता पत्र सौंपा। समारोह की शुरुआत में जिलाधिकारी ने विद्यालय संस्थापक की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

अतिथियों के स्वागत में प्रबंधक श्री सिंह ने वायु शोधन पौधा भेंट किया। अपने संबोधन में कर्नल आलोक सिंह ने छात्रों को एनसीसी के उद्देश्य और महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि दो वर्ष की ट्रेनिंग पूरी करने पर न केवल छात्रों को एनसीसी प्रमाणपत्र मिलेगा बल्कि वे आपदा के समय प्रशासन के साथ मिलकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में भी सक्षम होंगे।

मुख्य अतिथि जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने बच्चों से कहा कि विद्यालय को एनसीसी की मान्यता मिलना गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि अब शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में अनुशासन और व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होगा, जिससे वे भविष्य में देश और समाज की सुरक्षा व सेवा में योगदान देंगे।

कार्यक्रम के अंत में प्रबंधक सूर्य प्रकाश सिंह ने सभी अतिथियों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक सिंह, शिक्षकगण और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ मौजूद रहे।

# तहसील परिसर और दस्तावेज लेखकों का तीसरे दिन भी धरना



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जौनपुर शाहगंज तहसील परिसर में स्टाम्प शुल्क और सर्किल रेट में हुई बढ़ोतरी के विरोध में अधिवक्ता और दस्तावेज लेखक तीसरे दिन भी धरने पर बैठे हैं। रजिस्ट्री कार्यालय के सामने प्रदर्शन कर रहे अधिवक्ताओं का कहना है कि सरकार दोहरे मापदंड अपना रही है। अधिवक्ताओं ने बताया कि फोरलेन और बाईपास सड़क निर्माण वाले क्षेत्रों में सर्किल रेट नहीं बढ़ाई गई है। पिछले एक वर्ष में तीन बार सर्किल रेट में बढ़ोतरी की गई है। इससे जनता और अधिवक्ताओं में आक्रोश है। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष भोलेनन्दर यादव और महामंत्री दुर्गाप्रसाद के नेतृत्व में सर्व रजिस्ट्रार सुनील कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा गया। इसमें सर्किल दर और स्टाम्प शुल्क बढ़ोतरी पर रोक लगाने की मांग की गई है। विरोध प्रदर्शन में राजीव कुमार सिंह, रामजी विश्वकर्मा, अन्वर कफील अहमद, मोहम्मद हाशिम, अनूप कुमार और श्याम कन्हैया सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता व लेखाकार मौजूद रहे।

# हरैंया क्षेत्र में ओवरब्रिज, फ्लाईओवर न होने से बढे हादसे : चन्द्रमणि पाण्डेय 'सुदामा'



जन एक्सप्रेस। बस्ती

बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता चन्द्रमणि पाण्डेय 'सुदामा' ने पूर्व सांसद और भाजपा के असम राज्य प्रभारी हरीश द्विवेदी को उनके तेलियाडीह स्थित घर पहुंचकर प्रधानमंत्री और सड़क परिवहन राज मार्ग मंत्री नितिन गड़करी को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। मांग किया कि हरैंया में फ्लाईओवर निर्माण कराया जाय। ज्ञापन में अनेक विद्यालयों के समर्थन पत्र वर्ष 2013-14 में किये गये पत्राचार व उसका प्रतिउत्तर भी शामिल है। ज्ञापन लेने के बाद पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी ने कहा कि वे सम्बंधित मंत्री से मिलकर हरैंया तहसील क्षेत्र में ओवरब्रिज और फ्लाईओवर निर्माण कराये जाने की दिशा में प्रभावी प्रयास करेंगे।

ज्ञापन में कहा गया है कि राष्ट्रीय राजमार्ग 27/28 लखनऊ गोरखपुर के निर्माण में सुरक्षित व सुगम यातायात को नजरंदाज कर जहां दर्जनों प्रमुख चौराहों पर ओवरब्रिज का निर्माण नहीं किया गया वहीं जनपद में एक ही राजमार्ग पर 40 किलोमीटर के अन्दर दो टोल प्लाजा क्रमशः टोल प्लाजा चौकड़ी व टोल प्लाजा मडवानगर स्थापित कर दिया गया। कारण यहां के तत्कालीन जनप्रतिनिधियों ने उस पर ऐतराज नहीं जताया हरैंया नगरपंचायत स्थिति मुरादीपुर चौराहे पर ओवरब्रिज न होने के चलते अनेकों घटनायें हो रही है। लम्बे संघर्ष के बाद राम-जानकी तिराहा छावनी में ओवरब्रिज निर्माण कराया व शेष को छोड़ दिया गया। हरैंया तहसील मुख्यालय के मुरादीपुर सहित बडहर व महूघाट चौराहे को परियोजना निदेशक द्वारा जानबूझ करके नजरंदाज कर दिया गया। हरैंया मुख्य बाजार से निकलने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर जहां टोल प्लाजा चौकड़ी से हरैंया के मध्य 10 किलोमीटर की दूरी में महज बभनान चौराहे पर एक अण्डरपास वो भी मानक विहीन होने के चलते लोगों इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। ज्ञापन में समस्याओं के समाधान हेतु हरैंया में मनोरमा नदी के पूर्व से लेकर उपजिलाधिकारी कार्यालय तक फ्लाईओवर व दोनों किनारों पर नाला निर्माण व बड़हर महूघाट सहित जनपद के वंचित अन्य प्रमुख चौराहों पर ओवरब्रिज निर्माण सुनिश्चित कराने व खुले चौराहो की वजह से घटित घटना में घायल हुए घायलों व हताहतों को प्रतिपूर्ति दिलाने की मांग किया गया है।

पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी को ज्ञापन देने वालों में चन्द्रमणि पाण्डेय 'सुदामा' के साथ विनोद तिवारी, दीपक यादव, गणेश पाठक, महेंद्र चौहान, चन्द्र प्रकाश तिवारी, वेदप्रकाश तिवारी, विमलेश त्रिपाठी, पंकज त्रिपाठी, अखिलेश वर्मा, देवशरण शुक्ल,जगबली सिंह, सुरेन्द्र सिंह, दिलीप पाण्डेय, राजकुमार शुक्ल आदि शामिल रहे।

# एक्सप्रेस खबरें...

## चार माह में चार बार जला ट्रांसफार्मर छमता वृद्धि की मांग

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। खुटहन क्षेत्र के निरंजनपुर गांव में लगा 25 केवी का ट्रांसफार्मर एक माह से जला पड़ा है। कई बार शिकायत करने के बाद भी जला ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया। ग्रामीणों का आरोप है कि फोन करने पर जेई फोन नहीं उठाते है। लोग गर्मी से परेशान व अंधेरे में रहने को बेबस है। राजस्व गांव चकफतेहपुर और निरंजनपुर दोनों गांव को मिलाकर एक 25 केवी का टान्सफार्मर लगा है। इसी ट्रांसफॉर्मर से दोनों गॉव को बिजली सप्लाई की जा रही है। अधिक लोड होने के कारण ट्रांसफॉर्मर बार बार जल जा रहा है। ग्रामीणों ने छमता वृद्धि करके 100 केवी का टांन्सफार्मर लगाने की मांग की है।

## दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त को 24 घंटे में किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। थाना सिकरारा पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दुष्कर्म के मामले में वांछित अभियुक्त को मात्र 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान सुभम कुमार निषाद पुत्र स्वर्गीय रामप्रवेश निषाद निवासी ग्राम घोरहा, थाना सिकरारा, जनपद जौनपुर के रूप में हुई है। पुलिस टीम को मुखबिर खास से सूचना मिली थी, जिसके आधार पर अभियुक्त को बनसफा मोड़ मंदिर के पास से दबोच लिया गया। अभियुक्त के खिलाफ मु0अ0सं0-292/2025 धारा-65(1), 351(3) बीएनएस व 3/4 पास्को एक्ट थाना सिकरारा, जौनपुर में मुकदमा पंजीकृत है। गिरफ्तारी करने वाली टीम, अपराध निरीक्षक दिनेश कुमार सिंह, थाना सिकरारा, जौनपुर। हे0का0 मुन्नीलाल, थाना सिकरारा, जौनपुर। पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर अग्रेतर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## परीक्षा से आधा घंटा पहले ही बंद हो जाएगा प्रवेश

जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर। जिले में छह व सात सितंबर को दो पालियों में होने वाली पीईटी के लिए मंगलवार को लालडिग्गी स्थित लायंस स्कूल में केंद्राध्यक्षों का प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया है। कहा कि परीक्षा में किसी भी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग वर्जित है। बताया गया कि परीक्षा शुरू होने से आधा घंटा पहले ही केंद्र में परीक्षार्थियों का प्रवेश बंद हो जाएगा। जिला विद्यालय निरीक्षक मायाराम ने कहा कि जिले के 25 परीक्षा केंद्रों पर चार पाली में आयोजित होने वाली परीक्षा में 43200 अभ्यर्थी शामिल होंगे। सभी परीक्षा केंद्रों पर सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक, सह-केंद्र व्यवस्थापक, परीक्षा सहायक व कक्ष निरीक्षक की तैनाती की जा चुकी है। इस दौरान सभी केंद्र व्यवस्थापकों व कक्ष निरीक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसमें परीक्षा प्रारंभ से लेकर परीक्षा संपन्न होने तक विभिन्न सावधानियां एवं अधीनस्थ सेवा आयोग लखनऊ के समस्त निर्देशों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में दिए गए निर्देशों का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण में जनपद नोडल जयप्रकाश सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक मायाराम व लायंस स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. नीरज पांडेय व सभी परीक्षा केंद्रों के प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।

## सड़क की बदहाली के विरोध में सपा नेताओं ने किया प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर। शहर की सड़कें और शहर से जुड़े संपर्क मार्ग की बदहाली के विरोध में समाजवादी पार्टी के लोगों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। 18 सूत्रीय मांग पत्र जिलाधिकारी कार्यालय में सौंपा। जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने बताया कि बरसात के कारण सड़क से लेकर गांव तक की सड़कें खराब हो गई हैं। सड़क की मरम्मत नहीं होने से आए दिन दुर्घटना हो रही है। सड़क के जर्जर होने से आवागमन में लोगों को समस्याएं हो रही हैं। मार्ग की बदहाली से लोगो का आना-जाना मुश्किल हो गया है। ईटवां चौराहा से टांडाफॉल, बथुआ गांधी से नई बस्ती नकहरा रोड, चपउर कला ब्राह्मण, रमईपट्टी से कनौरा घाट, बरबटा मंदिर से सदलूपुर, बघेड़ा कर्णावती बहरा तक, हलिया से मतवार, ड्रमंडगंज से गलरा, गड़बड़ा धाम रोड, कुड़ी संपर्क मार्ग, सबरी रोड, नटवा रोड की मरम्मत कराई जाए। इस दौरान आदर्श यादव, संतोष गोयल, झल्लू यादव, रंजीत फौजी, कन्हैया यादव, गणेश प्रजापति आदि रहे।

# जौनपुर का दबदबा डीएम डॉ.दिनेश चंद्र की अगुवाई में जनपदीय न्यायालयों में निस्तारण में प्रदेश में पहला स्थान



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जिलाधिकारी डॉक्टर दिनेश चंद्र सिंह ने निस्तारण में पहला स्थान प्राप्त हुआ है जौनपुर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश और सख्त मॉनीटरिंग का असर अब जमीन पर साफ दिख रहा है। राजधानी लखनऊ ने कुल मामलों के निस्तारण में अव्वल स्थान हासिल किया है, वहीं जनपद स्तरीय न्यायालयों में जौनपुर ने बाजी मारी है। जौनपुर की उपलब्धि डीएम डॉ. दिनेश चंद्र सिंह के नेतृत्व में जिले की पाँचों राजस्व न्यायालयों ने अगस्त माह में 612 मामले निस्तारित कर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह निस्तारण बोर्ड द्वारा तय मानक से लगभग ढाई गुना अधिक है। भू-राजस्व मामलों में भी जौनपुर सबसे आगे एडीएम (भू-राजस्व) जौनपुर ने 208 मामलों का निस्तारण कर प्रदेश में पहला स्थान पाया है। डीएम डॉ. दिनेश चंद्र ने कहा - मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप राजस्व मामलों का त्वरित निस्तारण हमारी प्राथमिकता है। जनता को समय पर न्याय दिलाना प्रशासन की जिम्मेदारी है। लगातार 10 महीनों से जौनपुर जनपद स्तरीय न्यायालयों के निस्तारण में टॉप फाइव में शामिल होकर प्रदेश में उदाहरण पेश कर रहा है

# बिना काम कराए भुगतान, अब 2.76 लाख की होगी रिकवरी

जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर

पटेहरा। नेवढ़िया गांव में मनरेगा के धन में गोलमाल सामने आया है। जिला लोकपाल मनरेगा मदन गोपाल गुप्ता ने टीम गठित कर जांच कराई तो ग्राम प्रधान की सास का मस्टरोल भरकर मजदूरी सहित 2.76 लाख रुपये का फर्जी भुगतान का खुलासा हुआ है। जिला लोकपाल मनरेगा ने ग्राम प्रधान, सचिव व पंचायत सहायक पर जुर्माना लगाते हुए बीडीओ को सरकारी धन की रिकवरी करने के आदेश दिए हैं। मुस्किरा गांव के कमला शंकर मिश्रा ने आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत करके आरोप लगाया था कि नेवढ़िया गांव के ग्राम प्रधान ने 12 और 13 जुलाई को जेल में बंद कैदी व अपनी सास का नाम मस्टर रोल में भरकर हजारों रुपये, धनरौल नहर से नया के घर तक चक मार्ग व पुलिया दिखाकर 2 लाख रुपये सहित कई फर्जी कार्य दिखाकर लाखों रुपये गबन किया है। शिकायत का संज्ञान लेते हुए जिला लोकपाल मनरेगा ने जांच टीम गठित कर मामले की जांच कराई तो सास व जेल में बंद कैदी का मस्टर रोल भरकर लगभग 19 हजार, धनरौल नहर से नया के घर तक चक मार्ग व पुलिया दिखाकर एक लाख 96 हजार 754 रुपये, सिकपीट गड्ढा के नाम पर 51 हजार 217 रुपये सहित 2 लाख 76 हजार 844 रुपये सरकारी धन गबन करने का आरोप सही पाया गया। जिला लोकपाल मनरेगा ने बीडीओ और कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा को तीनों आरोपियों पर अर्थदंड लगाते हुए गबन किए हुए सरकारी धन की रिकवरी करने के निर्देश दिए हैं। बीडीओ राजीव शर्मा ने बताया कि लोकपाल की जांच के बाद रिकवरी का आदेश जारी हुआ है।

# उद्योग व्यापार मंडल का स्थापना दिवस मनाया, राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा

जन एक्सप्रेस। कन्नौज



आज अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की जनपदीय इकाई द्वारा स्थापना दिवस को राष्ट्रीय व्यापारी दिवस के रूप में भव्यता के साथ मनाया गया।

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री को उद्यमियों एवं व्यापारियों की समस्याओं से संबंधित राष्ट्रपति एवं महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। एक राष्ट्र एक चुनाव देश की महती आवश्यकता है एक प्रदेश के वार्षिक बजट के समतुल्य एक चुनाव का खर्चा होता है तो देश को विकसित बनाने के लिए एक साथ लोकसभा एवं विधानसभा के चुनावों को संपन्न कराया जाये।अमेरिका की तानाशाही का मुंह तोड़ जबाव देने के लिए स्वदेशी उत्पाद को अधिक बढ़ावा देने, जी एस टी की दरों को आमूल चूल परिवर्तन कर टैक्स की दरों में भारी कमी करने की महती आवश्यकता है। देश में आनलाइन ट्रेडिंग तथा बड़े बड़े माल संस्कृति ने खुदरा व्यापार को चौपट कर दिया है अगर खुदरा व्यापारियों को जीवित रखना है तो आनलाइन ट्रेडिंग तथा माल संस्कृति पर अंकुश लगाना होगा।

देश के बड़े बड़े नौकरशाहों ने अकूत धन संपदा इकट्ठा कर रखी है इनकी नामी बेनामी संपत्तियों की सूक्ष्मता से जांच करवा कर कठोर दण्डात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करें तथा देश के सामने बेनकाब किया जाये। जी एस टी विभाग द्वारा उद्यमियों एवं व्यापारियों का आर्थिक शोषण करने के उद्देश्य से आयें दिन अनावश्यक सर्वे छापें मारी सचल दल द्वारा खुली लूट पर अंकुश लगाया जाये, उत्तर प्रदेश में व्यापारियों को सम्मानित करने के लिए 29 जून को भामाशाह जंयती पर व्यापारी कल्याण दिवस की तर्ज़ पर राष्ट्रीय व्यापारी दिवस घोषित किया जाए, देश के सभी प्रदेशों के जनपदों में व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ का गठन जनपदीय पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में किया जाए। वरिष्ठ उद्यमियों एवं व्यापारियों को आयुष्मान कार्ड उपलब्ध करायें जायें। विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा आम जनता से खुली लूट पर अंकुश लगाया जाये, कांटा बांट मांप विभाग द्वारा अपने निर्धारित फीस से बीस तीस गुना ज़्यादा सुनियोजित काकस बनाकर वसूला जा रहा है अंकुश लगाया जाये, राष्ट्रीय राजमार्ग सहित प्रादेशिक राजमार्ग की जिनकी लागत मूल्य टोल टैक्स द्वारा वसूला जा चुका है उन टोल वसूली बंद की जाये। उद्यमियों एवं व्यापारियों के प्रतिष्ठानों पर प्राकृतिक आपदाओं सहित अग्निकांडों में हो रही क्षति का मुआवजा मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष से दिया जाये, आपराधिक घटनाओं में वृद्धि हो गई शस्त्र लाइसेंस निर्गत किए जायें, खाद्य सुरक्षा नियमों का भय दिखाकर सैम्पलिंग भर कर व्यापारियों से मासिक एवं वार्षिक लाखों रुपए की वसूली पर अंकुश लगाया जाये आदि प्रमुख मांगे शामिल हैं।

सौरिख नगर पंचायत के चेयरमैन एवं अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के युवा जिलाध्यक्ष राहुल गुप्ता तथा तिर्वा चेयरमैन सौरभ गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष नरेश वर्मा, सतीश चन्द्र कटियार, रामानंद वर्मा,राम प्रकाश गुप्ता रामू भाई, मुकेश गुप्ता आलोक पाल,वारिद अली नमस्ते जी, दीपू गोयल,गौरव कटियार,नगर अध्यक्ष दिलीप गुप्ता, चन्द्र प्रकाश वर्मा, अजीत वर्मा, दिलीप पटवा, भास्कर चतुर्वेदी, आदि सहित उपस्थित सभी पदाधिकारियों का अंग वस्त्र, संगठन का पटुका एवं माल्यार्पण कर स्वागत अभिनन्दन मिष्ठान खिला कर किया गया।

# नियमों को ताक पर रखकर यमराज बनाकर रोड पर दौड़ रहे हैं डंपर





जन एक्सप्रेस। उन्नाव

शुक्लागंज। सहजनी से शंकर पुर मार्ग पर देवरा खुर्द ग्रामपंचायत में तेज रफ्तार डंपर ने स्कूटी सवार माँ बेटे को मारी टक्कर। टक्कर लगने से कक्षा एक के छात्र आदित्य चौधरी की दर्दनाक मौत हादसे में स्कूटी चला रही माँ संगीता की हालत गंभीर। एम्बुलेंस की मदद से माँ को अस्पताल भेजा गया।हादसे के बाद ग्रामीणों ने जाम लगाया ।घटना की जानकारी पर गंगाघाट कोतवाली प्रभारी मौके पर पहुँचे।ग्रामीणो ने तेज रफ़्तार वाहनों को लेकर आक्रोश जता कर जाम लगा दिया।

बुधवार को दोपहर बाद लगभग तीन बजे गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के सहजनी से शंकरपुर मार्ग पर देवारा खुर्द ग्रामपंचायत में अनियंत्रित डंपर की चपेट में आने से हुई दर्द नाक घटना जिसमें एक माहिला नाम संगीत अपने बेटे आदित्य चौधरी उम्र लगभग नौ वर्ष को स्कूल से लेकर घर जा रही थी तभी ग्राम देवरा खुर्द के पास डंपर की चपेट में आ गई जिससे उसके बेटे आदित्य चौधरी की मौत हो गई व महिला को गंभीर चोटें आई घटनास्थल पर कोतवाली गंगा घाट की पुलिस ने पहुंचकर महिला को इलाज के लिए अस्पताल भेजा व घटना के बाद घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने सहजनी शंकरपुर मार्ग पर जाम लगा दिया उसके बाद उन्नाव क्षेत्राधिकार दीपक यादव सफीपुर क्षेत्र अधिकारी सोनम सिंह के साथ अचलगंज सफीपुर सदर कोतवाली दही के साथ जनपद के अन्य थानों से पुलिस ने पहुंचकर ग्रामीणों को समझाकर बुझाकार मृतक को पोस्टमार्टम के लिये भेजा जिसके बाद पुलिस ने कड़ी मेहनत करके जाम खुलवाया।

# बिल्हौर सपा कार्यकर्ताओं ने विधानसभा अध्यक्ष की अगुवाई में उठाई किसानों की समस्याएँ

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर




बिल्हौर सपा विधानसभा के कार्यकर्ताओं ने विधानसभा अध्यक्ष इं विनय यादव की अगवाई में कहा भारत कृषि प्रधान देश लेकिन किसान की हालत क्या है किसी से छिपा नहीं हम समाजवादी लोग है किसान छात्र महिला की समस्याओं के लिए खड़े हैं। 2027 में किसान विरोधी सरकार को उखाड़ फेंकना है। इस अवसर पर इं विनय यादव ने क्षेत्र के किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में किसान यूरिया, डीएपी और अन्य उर्वरकों की किल्लत से जूझ रहे पर खाद न मिलने से फसलों की पैदावार प्रभावित हो रही है।

किसान रात मे पूरे परिवार के काम करता है रात मे अन्ना जानवर से परेशान रहता है सुबह से खाद के लिए लाइन मे लग जाता है। सुबह से शाम तक लाइन मे लगने के बाद एक किसान को 2 बोरी खाद मिल पाती है पिछ्ले एक माह से किसान परेशान है लेकिन योगी सरकार कोई ध्यान नहीं दे रहे गरीब किसानों पर हम समाजवादी लोग उनकी आवाज उठाते है पुलिस के लोग मुक़दमा लिखा देते है हम समाजवादी लोग मुक़दमे से नहीं डरते है हम लोग संघर्ष करते रहेगे। उन्होंने प्रशासन को आंदोलन करने की चेतावनी दी किसानों को बिना भटकाए पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जाए। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो समाजवादी पार्टी आंदोलन करने को बाध्य होगी। बैठक में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे और सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि किसानों, गरीबों और पिछड़े वर्गों के हितों की लड़ाई समाजवादी पार्टी सड़क से लेकर सदन तक लड़ेगी।

हरि ओम पांडे, अंशुमान यादव, मिथिलेश कोरी, बीरेन्द्र वर्मा, सुनील सिंह, बिलाल पठान, आशीष कटियार, श्याम यादव, ज्ञान चंद्र कोरी, दीपक अन्ना, रोहित, रामकुमार गौतम, आशीष यादव, प्रदीप राजपूत, राजू यादव आदि समाजवादी कार्यकर्ता लोग उपस्थित रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार अधेड़ की मौत



जन एक्सप्रेस। उन्नाव

नवाबगंज। पक्षी विहार के सामने अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया। एनएचएआई एंबुलेंस ने घायल को सीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के सरोसा गांव निवासी रजनवीर सिंह (53) पुत्र राज बहादुर सिंह बुधवार दोपहर में पैसा निकालने घर से नवाबगंज आया था। जहां से वापस लौटने के दौरान राजमार्ग पर पक्षी विहार के सामने अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल रजनवीर को एनएचएआई एंबुलेंस ने नवाबगंज सीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा। हादसे की सूचना पर सीएचसी पहुंचे परिजन में मौत की जानकारी होते ही कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी सुधा और इकलौते बेटे अभिषेक का रो रोकर बुरा हाल था। मृतक एक बीमा कंपनी में काम करता था। उसकी पत्नी सुधा नवाबगंज सीएचसी में आशाबाहु पद पर कार्यरत है।

अजगैन कोतवाली प्रभारी सुरेश सिंह ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है।

# अरौल थाना क्षेत्र के बावन झाला गांव में शराब पीकर आए छोटे भाई ने बड़े भाई का सर फोड़ा

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



बिल्हौर तहसील क्षेत्र के अरौल थाना अंतर्गत बावन झाला गांव में छोटे भाई नीलू पुत्र श्रीराम को शराब पीकर गाली गलौज करने से मना करने पर बड़े भाई जयचंद्र पुत्र श्रीराम का सर पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया महिलाओं के भी चोटे आई गांव वालों ने किसी तरह से पुलिस को सूचना दी अरौल थाना पुलिस ने महिला दरोगा गीतांजलि और सिपाही महिला को भेज कर घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिल्हौर में भर्ती कराया। अस्पताल में भर्ती जयचंद ने बताया कि छोटा भाई नीलू रोज शराब पीकर आता है और गांव गली मोहल्ले वालों को गाली गलौज करता है लेकिन जब माना करो तो झगड़ा पर अमादा हो जाता है इस तरह से आज गांव वालों ने जब शिकायत की तब जब मैं पहुंचा तो मेरे ऊपर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। अरौल थाना प्रभारी जनार्दन सिंह ने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है और झगड़ालू भाई की गिरफ्तारी जल्द होगी।

### मंत्री ने अनौगी गोवंश आश्रय स्थल जाकर गायो को खिलाया गुड़ चना

जन एक्सप्रेस। कन्नौज। उत्तर प्रदेश के समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने आज विकास खण्ड जलालाबाद के ग्राम अनौगी स्थित गो-आश्रय स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने परंपरागत विधि से गायों का पूजन कर उन्हें गुड़, चना एवं फूलों की माला अर्पित की। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के अंतर्गत 03 गोवंश सुपुर्द किए। साथ ही आश्रय स्थल परिसर में एकत्रित कीचड़ वाले स्थान पर खड़ंजा बिछाने तथा वृक्षारोपण अभियान के तहत लगाए गए पौधों की सुरक्षा हेतु प्रभावी व्यवस्था करने के निर्देश खण्ड विकास अधिकारी जलालाबाद को दिए। गो-आश्रय स्थल में कुल 131 गोवंश संरक्षित पाए गए। उन्होंने दिन के समय तीन केयर टेकर एवं रात्रि में एक चौकीदार गोवंशों की देखभाल में लगे कर्मियों की ड्यूटी व्यवस्थागत रूप से तैनात किए जाने के निर्देश दिए। आश्रय स्थल में गोवंशों के भरण-पोषण हेतु 80 कुन्तल भूसा एवं 08 कुन्तल पशु आहार उपलब्ध पाया गया।

# पुलिस अधीक्षक ने मेडिकल कॉलेज परिसर में पुलिस बूथ का लोकार्पण किया



जन एक्सप्रेस। उन्नाव

नवाबगंज। सोहरामऊ थाना क्षेत्र के राजमार्ग स्थित सरस्वती मेडिकल कॉलेज परिसर में एक अस्थायी पुलिस बूथ का बुधवार को पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने दीप प्रज्वलन और फीता काटकर उद्घाटन किया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस पुलिस बूथ को थाना क्षेत्र की संबंधित चौकी के रूप में भी संचालित किया जाएगा। उन्होंने उपनिरीक्षक कृष्ण मोहन मिश्रा को चौकी प्रभारी के रूप में नियुक्त किया। कॉलेज प्रशासन की ओर से अखिलेश मौर्य ने कहा कि पुलिसकर्मियों को सरस्वती मेडिकल कॉलेज में निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इस सुविधा के लिए पुलिस हेल्थ कार्ड प्रदान किये जाएंगे।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक प्रेमचंद्र, क्षेत्राधिकारी हसनगंज अरविंद कुमार चौरसिया, प्रभारी निरीक्षक सोहरामऊ संदीप शुक्ला समेत कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं सेवानिवृत्त अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

### 25 लाख की चोरी के आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। पनकी पुलिस ने बुधवार को रिटायर्ड डिफेंस कर्मचारी के घर हुई करीब 25 लाख रुपये की चोरी का खुलासा किया है। चोरी के आरोप में तीन बदमाशों को कांशीराम कॉलोनी से गिरफ्तार किया। उनकी निशानदेही पर चांदी खरीद कर गलाने वाले सराफ को भी पकड़ा। शातिरों के पास से पुलिस ने 58 ग्राम सोने के गहने, 1.43 किलो चांदी के गहने, करीब छह किलो चांदी की सिल्ली, 1.7 लाख नकद बरामद किए। सभी को कोर्ट में पेश करने के बाद वहां से जेल भेज दिया गया। पनकी बी ब्लॉक निवासी रिटायर्ड डिफेंस कर्मचारी सुनील कुमार गुप्ता के घर एक सप्ताह पहले 25 लाख की नकदी व गहने की चोरी हुई थी। वारदात के वक्त वह बेटे के पास नोएडा में अपना इलाज कराने परिवार समेत गए हुए थे। पुलिस ने घर में लगे सीसीटीवी और सर्विलांस की मदद से तीन आरोपियों में मूलरूप से कौशांबी के सैनी निवासी दिनेश उर्फ राकेश सोनकर, साढ़ के देवपुर निवासी अरुण वाल्मीकि और गुजैनी निवासी किशन सोनकर को तमंचा, कारतूस समेत गिरफ्तार किया।

# जिले के 17 केंद्रों पर दो दिन दो पालियों में होगी पीईटी परीक्षा, डीएम ने की समीक्षा

जन एक्सप्रेस। कन्नौज




जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में दिनांक 06 एवं 07 सितम्बर को आयोजित होनी वाली आगामी प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2025 (पीईटी) को सकुशल, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने जाने हेतु बैठक सम्पन्न हुई ।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2025 (पीईटी) 06 सितम्बर (शनिवार) व 07 सितम्बर (रविवार) को प्रत्येक दिवस में दो पाली प्रथम पाली प्रातः 10 से 12 बजे तक व द्वितीय पाली अपरान्ह 03 से 05 बजे तक निर्धारित हैं। प्रथम पाली में प्रातः 08 बजे से 09:30 तक तथा द्वितीय पाली में अपरान्हन 01 बजे से 02:30 बजे तक ही परीक्षार्थियों को केन्द्र में प्रवेश मिल सकेगा। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर एक सेक्टर मजिस्ट्रेट, एक स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई हैं। जनपद में कुल 17 परीक्षा केन्द्रों पर प्रथम पाली व द्वितीय पाली में अलग-अलग दिनांक 6 व 7 सितम्बर 2025 (शनिवार व रविवार) को आयोजित की जा रही हैं, जिसमें कुल 26946 परीक्षार्थी प्रतियोगी परीक्षा में प्रतिभाग करेगें।

जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षार्थियों द्वारा परीक्षा केन्द्र पर किसी भी तरह के मोबाइल फोन, टैबलेट, पैन ड्राइव, हार्ड डिस्क, डेटा कार्ड, कैलकुलेटर, ब्लूटूथ डिवाइस, इयर फोन, कलाई घडी, एटीएम कार्ड, कोई विद्युत सामग्री या तार,

कोई भी सामग्री जो धातु से बनी हो, कान में लगी किसी भी तरह की मशीन, कागज पर बनी सारणी ग्राफ, रूल्स आदि इलेक्ट्रानिक डिवाइस को लेकर परीक्षा केन्द्र में जाने की अनुमति नही होगी। परीक्षा कक्ष, प्रवेश द्वार व कन्ट्रोल रूम सीसीटीवी की निगरानी में होगा। सम्पूर्ण परीक्षा सीसीटीवी की निगरानी में सम्पन्न करायी जायेगी। सीसीटीवी की निगरानी में गोपनीय सामग्री ट्रंक एवं सील की जायेगी। प्रत्येक पाली के लिये अलग-अलग कलर के डेस्क स्लिप चस्पा होगी। उन्होनें सेक्टर मस्ट्रिट एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट को निर्देश दिये कि परीक्षा तैयारियों का पहले से भ्रमण कर लिया जाये। परीक्षा केन्द्र पर फर्नीचर, ईंधन, इन्वर्टर/ जनरेटर, शौचालय आदि की व्यवस्था अच्छी होनी चाहिए। परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी।

बैठक में पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आशीष कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, प्रशिक्षु आई0ए0एस0 अर्पित कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# बाढ़ प्रभावित गंगूपुरवा का मंत्री ने किया निरीक्षण, लगाई चौपाल



जन एक्सप्रेस। कन्नौज

उत्तर प्रदेश के समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने आज ग्राम पंचायत कटरी अमीनाबाद के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र ग्राम गंगू पुरवा का निरीक्षण कर ग्रामवासियों से संवाद किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्रामवासियों से बाढ़ की स्थिति की जानकारी लेते हुए कहा कि वर्तमान में भादों माह चल रहा है, जिसमें वर्षा की संभावना अधिक रहती है। अतः संभावित बाढ़ की स्थिति बनने से पूर्व सभी तैयारियाँ पूरी कर ली जाएं। उन्होंने आश्वस्त किया कि प्रदेश सरकार ग्रामवासियों के साथ है तथा प्रशासन की टीम निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि ÷हम सब मिलकर कार्य करेंगे, किसी भी ग्रामवासी को किसी प्रकार की समस्या नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने उप जिलाधिकारी सदर को निर्देशित किया कि ग्रामवासियों के पट्टों से संबंधित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण किया जाए। पट्टे के लिए चयनित भूमि उपजाऊ एवं कृषि योग्य होनी चाहिए, बंजर भूमि किसी भी दशा में आवंटित न की जाए। इसके अतिरिक्त, ग्रामवासियों द्वारा विद्युत आपूर्ति संबंधी शिकायतें प्रस्तुत किए जाने पर उन्होंने संबंधित को ट्रांसफार्मर स्थापित करने के निर्देश दिए।राज्य मंत्री ने कहा कि किसी भी ग्रामवासी को राहत एवं सहायता योजनाओं से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। प्रशासन पूरी तत्परता के साथ सहयोग एवं सुविधाएं उपलब्ध कराएगा।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर सुश्री वैशाली, तहसीलदार, प्रधान, मंत्री के प्रतिनिधि सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# कृषि क्षेत्र के उन्नयन से पूरा होगा विकसित भारत का संकल्प : असीम

जन एक्सप्रेस। कन्नौज



कृषि क्षेत्र के उन्नयन और नवाचार से ही विकसित भारत का संकल्प पूरा होगा. डबल इंजन की सरकार कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीक, उन्नत बीज, कृषि यंत्रों पर रियायत और फसलों को प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षित रखने के लिए बीमा योजना का लाभ किसानों को दे रही है. जिससे किसानों की आय में लगातार वृद्धि हो रही है। ये बातें सदर विधायक व समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) असीम अरुण ने मुख्यमंत्री कृषि उद्यमी स्वावलंबन (एग्रीजंक्शन) जागरूकता अभियान कार्यक्रम में कहीं। इस मौके पर 147 कृषि स्नातकों को मंत्री ने प्रशिक्षण पत्र प्रदान किया।

## उन्नत कृषि से बढ़ेगी आय

कार्यक्रम में मंत्री असीम अरुण ने कहा कि मल्टी लेयर फार्मिंग, मशरूम उत्पादन का विकसित माडल तैयार कर, वर्मी कम्पोस्ट यूनिट स्थापित कर और अन्य नवाचार के माध्यम से युवा कृषि को सफल रोजगार के रूप में चुन रहे हैं. उन्होंने बताया कि कैसे किसान सरकार की योजनाओं और प्रशिक्षण का लाभ लेते हुए अपनी आय को बढ़ा रहे हैं.

## बंद मुर्गी फार्म शुरू होंगे

मंत्री असीम अरुण ने बताया कि जो मुर्गी फार्म बंद हो गए हैं, उनके संचालकों को पुनः शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा। इसके लिए कांट्रेक्ट फार्मिंग के मॉडल को अपनाया जायेगा। इस कार्य में बड़ी कंपनियों की मदद ली जाएगी जो किसानों को चूजे, दवाई, आहार आदि उपलब्ध करवाने के साथ उनका उत्पादन भी खरीदने का काम करेंगे।

# टाँड़ पर गद्दे के नीचे छिपा मिला जिला बदर सपा नेता कैश खां, गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

जिला बदर किए गए सपा नेता को उसके मोहल्ले से अरेस्ट किया गया है। जिला बदर होने के बाद सपा नेता उसी मोहल्ले में चचेरे भाई के घर पर छुप कर रहता था।

बुधवार को पुलिस को इसकी भनक लगी तो उसके चचेरे भाई के घर पहुंची। घर की तलाशी ली तो वह नहीं मिला। इसी बीच किसी पुलिसकर्मी की नजर घर के टांड़ पर रखे गए गद्दे पर पड़ी।

एक पुलिसकर्मी ने कुर्सी पर चढ़कर जैसे ही गद्दा हटाया, सपा नेता वहां लेटा हुआ मिला। पुलिसवालों ने उसे नीचे उतारा। फिर उसे अरेस्ट कर लिया गया।

गिरफ्तारी के बाद पुलिस सपा नेता को गाड़ी में बैठाकर ले गई। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सामने आया है। सदर कोतवाली क्षेत्र के वालापीर मोहल्ले के रहने वाला कैश खां समाजवादी पार्टी में जिला कोषाध्यक्ष के पद पर रह चुका है। बताया जाता है कि वह सपा मुखिया अखिलेश यादव का करीबी है। दबंग सपा नेता के खिलाफ कई मुकदमे कोतवाली में दर्ज हैं। इसके चलते उस पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई 28 जुलाई को की गई थी।

जिला मजिस्ट्रेट आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने उसे छह महीने के लिए जिला बदर किया था। इसके बाद से वह भूमिगत हो गया।

बुधवार को कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि सपा नेता अपने मोहल्ले में ही है। सूचना के आधार पर कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने पुलिसकर्मियों के साथ 11 बजे के करीब उसके चचेरे भाई के घर दबिश दी। पूरे घर की तलाशी पुलिस ली लेकिन वह नहीं मिला।

खाली हाथ लौट रही पुलिस टीम के एक सिपाही की नजर घर के टांड़ पर रखे गद्दा पर गई। एक पुलिसवाले ने कुर्सी पर चढ़कर उस गद्दे को हटाया। सब हैरान रह गए। जिला बदर सपा नेता गद्दा ओढ़कर लेटा हुआ था। पुलिस ने उसे किसी तरह नीचे उतारा और अरेस्ट कर कोतवाली ले गई। एसपी विनोद कुमार ने बताया कि कैश खां के खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। उसके खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्रवाई की गई थी। डीएम के आदेश पर 28 जुलाई को उसे जिला बदर किया गया था, लेकिन वह मोहल्ले में ही छिपा हुआ था। मुखबिर से पुलिस को इसकी सूचना मिली।

# मानसून ने मचाई तबाही

## केदारनाथ के बाद आपदा से राज्य में सबसे बड़ा आर्थिक नुकसान

जन एक्सप्रेस। देहरादून

वर्ष 2013 की केदारनाथ त्रासदी के बाद राज्य में आपदा से सबसे बड़ा आर्थिक नुकसान हुआ है। इस साल अब तक उत्तरकाशी, पौड़ी, चमोली, रुद्रप्रयाग समेत अन्य जिलों में बादल फटने व अतिवृष्टि से पांच हजार करोड़ का नुकसान होने का अनुमान है। प्रदेश में बारिश से जिस तरह के हालात बने, उसे देखते हुए नुकसान का आंकड़ा बढ़ सकता है। जिला स्तर पर डीएम के माध्यम से नुकसान के आकलन की रिपोर्ट तैयार की जा रही है। पर्वतीय राज्य उत्तराखंड को हर साल मानसून सीजन में प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ रहा है। वर्ष 2013 में केदारघाटी में आई आपदा से भारी तबाही मची थी। पुनर्निर्माण कार्य से केदारपुरी फिर से दिव्य व भव्य रूप से संवर गई है। हर साल आपदाओं से सड़क, पुल, सार्वजनिक व निजी संपत्तियां क्षतिग्रस्त होने से राज्य को आर्थिक नुकसान होता है। लेकिन केदारनाथ आपदा के बाद इस बार अलग-अलग जिलों में बादल फटने, अतिवृष्टि व भूस्खलन से सबसे बड़ा आर्थिक नुकसान हुआ है। प्रदेश में अब तक पांच हजार करोड़ का नुकसान होने अनुमान है। अभी तक जिलों से नुकसान की वास्तविक आकलन रिपोर्ट आनी बाकी है। प्रदेश में अभी बारिश से नुकसान का खतरा बना हुआ है।



### टिहरी जिले में 70 करोड़ का नुकसान

जिले में मानसून सीजन में जनधन की बड़ी क्षति हुई है। आपदा के दौरान दो अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों की मौत हुई है। 452 भवन भवन व गोशाला आंशिक और पूर्ण क्षतिग्रस्त हुए हैं। सैकड़ों नाली कृषि भूमि तबाह हुई है। विभिन्न विभागों की सार्वजनिक संपत्तियों को लगभग 70 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। आपदा से जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में 6 भवन पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हुए है। प्रशासन की ओर से फौरी राहत के रूप में 35 लाख 88 हजार रुपये का मुआवजा दिया गया। मुअवाजा वितरित किया जा चुका है।

### पांच हजार करोड़ विकास पर खर्च होते तो बदल सकती तस्वीर

आपदा से अब तक जितना नुकसान हुआ है, यदि नुकसान राशि को विकास कार्यों में खर्च किया जाता तो प्रदेश में कई राजकीय मेडिकल कॉलेज, स्कूल भवन व नई सड़क बन सकती थी। लेकिन सरकार को भी हर साल आपदाओं से आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

### पौड़ी में 2008 संपत्तियां क्षतिग्रस्त, 77.46 करोड़ का नुकसान

जिले में इस साल हुई भारी बारिश और आपदा के कारण 2008 परिसंपत्तियां क्षतिग्रस्त हो गईं। प्रशासन की 77.46 करोड़ का प्रारंभिक नुकसान का आकलन किया है। आपदा से जिले में सात लोगों की मौत हो चुकी है और 5 लोग लापता हैं। जिला प्रशासन ने प्रभावित लोगों को 1.21 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता राशि प्रदान की है। जिले में 486 सड़कें क्षतिग्रस्त हुईं हैं। लोक निर्माण विभाग को 51.82 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। 770 बिजली की लाइनें और खंभे टूटने से दो करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हो चुका है। 156 प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय भवनों को 2.64 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। आपदा से 790 घरों को नुकसान पहुंचा है।

### उत्तरकाशी जिले में 360 भवनों को नुकसान, 18 लोगों की मौत

जिले में अब तक आपदा से 18 लोग की मौत हुई है। इसके अलावा 13 लोग घायल व 70 लोग अब भी लापता चल रहे हैं। 360 भवनों को आपदा से नुकसान पहुंचा है। जिले में 28 विभागों को करीब 236.98 करोड़ नुकसान का आकलन किया गया। खीर गंगा में आई बाढ़ से धराली मलबे में दफन हो गया। बहुमंजिला होटल, आवासीय भवन, होमस्टे के साथ 235 बेजुबान मवेशी भी मलबे में समा गए। धराली आपदा में 10 विभागों को 211.56 करोड़ का नुकसान हुआ है। 1057 लोगों की करीब 334.271 हेक्टेयर कृषि भूमि मलबे से खत्म हो गई।

राज्य में इस साल अब तक आपदा से पांच हजार करोड़ से अधिक के नुकसान का अनुमान है। जिलों से नुकसान की अंतिम रिपोर्ट मिलने के बाद केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा जाएगा। पिछले साल की तुलना में इस बार कई गुना अधिक नुकसान प्रदेश में हुआ है।
-विनोद कुमार सुमन
सचिव आपदा प्रबंधन

आपदा प्रबंधन विभाग के माध्यम से प्रदेश में हुए नुकसान की रिपोर्ट तैयार की जा रही है। अभी तक वित्त विभाग को रिपोर्ट नहीं मिली है। लेकिन नुकसान की भरपाई के लिए बजट उपलब्ध कराया जाएगा।
-दिलीप जावलकर, सचिव वित्त

### चमोली जिले में तैयार की जा रही नुकसान की रिपोर्ट

जिले में आपदा से बीते ढाई माह में 11 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं, जबकि 14 घायल हुए हैं। थराली, देवाल, ज्योतिर्मठ, पोखरी, पीपलकोटी और नंदानगर क्षेत्र में भूस्खलन, भू-धंसाव व अतिवृष्टि से भारी नुकसान हुआ है। मलबे में दबने से 19 पशुओं की मौत हो गई है। 16 आवासीय भवन पूर्ण व 116 भवन आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं।

### 212 से अधिक पेयजल योजनाएं क्षतिग्रस्त, चार करोड़ का नुकसान

रुद्रप्रयाग जिले के उप तहसील बसुकेदार व पूर्वी बांगर क्षेत्र में अतिवृष्टि से 212 से अधिक पेयजल योजनाएं क्षतिग्रस्त हुई है। कुछ पेयजल योजनाओं के स्रोत भी तबाह हो गए। जल संस्थान को अब तक चार करोड़ से अधिक का नुकसान हो चुका है। अतिवृष्टि से डुंगर, तालजामण, स्यूंर, डांगी, उछोला, बडेथ, सुमाड़ी सहित 31 पेयजल योजनाओं को व्यापक क्षति पहुंची है।

# बारिश के कहर को लेकर प्रशासन का ऑरेंज अलर्ट, शहर तालाब में तब्दील


- ट्रैफिक व्यवस्था का बुरा हाल, जाम और जलनिकास के अभाव में गड्ढे भरे सड़क बन रहे दुर्घटना का कारण

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद



गाज़ियाबाद में पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही तेज बारिश ने शहरवासियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। मौसम विभाग द्वारा जारी ऑरेंज अलर्ट ने स्थिति की गंभीरता को और रेखांकित किया है। इंदिरापुरम, वैशाली, कौशांबी, और वसुंधरा सहित शहर के अन्य निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति इतनी भयावह हो गई है कि सड़कें तालाब में तब्दील हो चुकी हैं। देर रात की तस्वीरें साफ दर्शाती हैं कि कई मुख्य मार्गों और कॉलोनियों में पानी घुटनों तक पहुंच गया है, जिससे आवागमन ठप हो गया है। गाज़ियाबाद नगर निगम की लापरवाही इस संकट का प्रमुख कारण बनकर सामने आई है। नालियों की समय पर सफाई न होने और अपर्याप्त ड्रेनेज सिस्टम के चलते बारिश का पानी सड़कों पर जमा हो रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि हर साल बारिश के मौसम में यही हालात बनते हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाते। इंदिरापुरम के निवासी ने बताया कि हर बारिश में हमारा मोहल्ला पानी में डूब जाता है। नालियां जाम हैं, और नगर निगम केवल आश्वासन देता है। नगर निगम की लापरवाही इस संकट का सबसे बड़ा कारण मानी जा रही है। नालियों की नियमित सफाई न होने और अपर्याप्त ड्रेनेज सिस्टम के चलते बारिश का पानी सड़कों पर जमा हो रहा है। स्थानीय निवासीयों का गुस्सा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों पर भी फुट रहा है। गुस्से में नागरिक अपनी व्यथा बता रहे हैं। उनकीने तो ÷हर साल बारिश के मौसम में यही हाल होता है। नगर निगम को पहले से पता है कि बारिश में जलभराव होगा, फिर भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता। गाज़ियाबाद के अलावा लोनी, मसूरी, मुरादनगर, और अन्य नगर पालिका क्षेत्रों में भी स्थिति गंभीर है। कई कॉलोनियों में पानी घरों में घुस गया है, जिससे लोगों का जीना मुहाल हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 48 घंटों में और बारिश होने की संभावना है, जिसके चलते प्रशासन को सतर्क रहने की जरूरत है। हालांकि, स्थानीय प्रशासन ने कुछ इलाकों में पानी निकासी के लिए पंप लगाए हैं, लेकिन यह नाकाफी साबित हो रहा है। दुकानदारों का कहना है कि जलभराव के कारण उनका व्यापार ठप हो गया है, और स्कूल-कॉलेज जाने वाले बच्चों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# थाईलैंड में और गहराया सियासी संकट सत्ताधारी पार्टी ने नए चुनाव की मांग की



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बैंकॉक

थाईलैंड में राजनीतिक संकट और गहराता जा रहा है। देश पिछले हफ्ते से कार्यवाहक सरकार के तहत चल रहा है। बुधवार को इस संकट को सुलझाने के लिए दो अलग-अलग कदम उठे। सत्ताधारी फ्यू थाई पार्टी, जो फिलहाल कार्यवाहक सरकार चला रही है, ने संसद भंग करने और नए चुनाव कराने के लिए राजा से अनुरोध किया है। वहीं, मुख्य विपक्षी पीपल्स पार्टी ने घोषणा की कि वह भूमजैथाई पार्टी के नेता अनुतिन चारनविराकुल को अगला प्रधानमंत्री बनाने के लिए समर्थन देगी। हालांकि, विपक्ष का समर्थन कुछ शर्तों पर आधारित है। अनुतिन चारनविराकुल को लिखित समझौते में वादा करना होगा कि नई सरकार बनने के चार महीने के भीतर संसद भंग कर दी जाएगी और आम चुनाव कराए जाएंगे। इसके अलावा, नई सरकार को जनमत संग्रह कराकर नया संविधान बनाने की प्रक्रिया शुरू करनी होगी। विपक्ष लंबे समय से मौजूदा सैन्य शासन के दौर में बने संविधान में बदलाव चाहता है।

### पीएम पद से हटाने के बाद थाईलैंड में उथल-पुथल

थाईलैंड में राजनीतिक उथल-पुथल तब बढ़ी जब पिछले हफ्ते संवैधानिक अदालत ने प्रधानमंत्री पैतोंगटार्न शिनावात्रा को पद से हटा दिया। अदालत का कहना था कि उन्होंने कंबोडिया के सीनेट अध्यक्ष हुन सेन से सीमा विवाद के दौरान फोन पर बातचीत कर नैतिकता कानूनों का उल्लंघन किया। इस विवाद में जुलाई में पांच दिन तक हिंसक संघर्ष हुआ था।

### 2023 के चुनाव के बाद से राजनीतिक उठपटक

2023 के चुनाव में पीपल्स पार्टी ने सबसे ज्यादा सीटें जीती थीं, लेकिन सेना समर्थित सीनेटरों ने उनके उम्मीदवार को प्रधानमंत्री नहीं बनने दिया। इसके बाद फ्यू थाई पार्टी के नेता स्रेठा थाविसिन प्रधानमंत्री बने, लेकिन एक साल बाद उन्हें भी नैतिक उल्लंघन के मामले में हटाया गया। स्रेठा के बाद पैतोंगटार्न आईं, लेकिन एक साल में ही उन्हें भी पद छोड़ना पड़ा। इस बीच, भूमजैथाई पार्टी ने जून में हुए कंबोडिया विवाद के बाद पैतोंगटार्न की गठबंधन सरकार से समर्थन वापस ले लिया, जिससे सरकार अल्पमत में आ गई और राजनीतिक अस्थिरता और बढ़ गई।

# संजय राउत ने की सीएम फडणवीस की तारीफ, मराठा आरक्षण आंदोलन के समाधान का श्रेय दिया



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने बुधवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की तारीफ की। साथ ही मराठा आरक्षण आंदोलन के समाधान और कार्यकर्ता मनोज जरांगे की भूख हड़ताल समाप्त कराने का श्रेय दिया। राउत का यह बयान भाजपा नेता की दुर्लभ सराहना माना जा रहा है, क्योंकि राउत भाजपा और सीएम फडणवीस के कट्टर आलोचक रहे हैं। राउत ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि सीएम फडणवीस ने पर्दे के पीछे से काम किया। वह मराठा आरक्षण पर कैबिनेट उप-समिति के साथ विचार-विमर्श में शामिल थे। राउत ने कहा कि अगर सरकार ने इस मुद्दे को सुलझाया है और जरांगे की जान बचाई है, तो इसका स्वागत किया जाना चाहिए। राउत ने कहा, देवेंद्र फडणवीस इस मुद्दे के समाधान के लिए विचार-विमर्श में शामिल थे। वह पृष्ठभूमि में काम कर रहे थे। सारा श्रेय फडणवीस को जाना चाहिए।

### सीएम फडणवीस के धैर्य की भी सराहना की

राउत ने जरांगे और मराठा प्रदर्शनकारियों द्वारा मुख्यमंत्री की कड़ी आलोचना का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, मैं फडणवीस के धैर्य की भी सराहना करूंगा। संजय राउत ने कहा कि जब जरांगे अपना अनशन शुरू करने मुंबई आए, तो भाजपा नेताओं ने अलग भाषा बोली। सीएम फडणवीस को छोड़कर भाजपा नेताओं ने अत्यधिक नफरत फैलाने की कोशिश की।

### अजित पवार-शिंदे पर साधा निशाना

शिवसेना (यूबीटी) नेता राउत ने मराठा आंदोलन को लेकर उप-मुख्यमंत्री अजित पवार और एकनाथ शिंदे पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, एकनाथ शिंदे और अजित पवार कहां थे? उन्होंने विचार-विमर्श में भाग क्यों नहीं लिया? क्या वे चाहते थे कि यह मुद्दा और बिगड़े और फडणवीस मुश्किल में पड़ें?

### जरांगे ने अनशन के पांचवें दिन किया जीत का एलान

गौरतलब है कि मंगलवार को मनोज जरांगे ने अपने अनशन के पांचवें दिन जीत का एलान किया, जब महाराष्ट्र सरकार ने उनकी ज्यादातर मांगें मान लीं। इनमें योग्य मराठाओं को कुनबी जाति का प्रमाणपत्र देने का फैसला भी शामिल है, जिससे उन्हें अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) में मिलने वाले आरक्षण का लाभ मिल सकेगा।

# ड्रग्स और क्लीनिकल ट्रायल नियमों में बदलाव की तैयारी, फार्मा सेक्टर को मिलेगा फायदा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्र सरकार न्यू ड्रग्स एंड क्लीनिकल ट्रायल नियम, 2019 में संशोधन करने की तैयारी कर रही है। आधिकारिक बयान में कहा गया है कि पीएम मोदी के निर्देशों के तहत फार्मास्यूटिकल और क्लीनिकल सेक्टर में नियामक नियमों को कम करके व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए यह कदम उठाया जा रहा है। प्रस्तावित संशोधन 28 अगस्त 2025 के गजट में प्रकाशित हुए थे और फिलहाल इन पर आम जनता की राय मांगी गई है। सरकार का कहना है कि इन संशोधनों का उद्देश्य दवाईयों के टेस्ट लाइसेंस लेने की प्रक्रिया को आसान और तेज बनाना है। संशोधन के बाद कुछ अहम और खतरनाक श्रेणी की दवाइयों को छोड़कर अन्य दवाइयों के लिए टेस्ट लाइसेंस लेने के लिए इंतजार करने की जरूरत नहीं होगी। टेस्ट लाइसेंस लेने की पूरी प्रक्रिया के समय को भी कम किया गया है और इसे 90 दिन के बजाय घटाकर 45 दिन कर दिया गया है। इन बदलावों से हितधारकों को फायदा होगा।

# केन्या की नजर टी20 वर्ल्ड कप क्वालिफायर पर, जिम्बाब्वे में होगा मुकाबला

जन एक्सप्रेस। नई दिल्ली




केन्या की क्रिकेट टीम की नजर टी20 वर्ल्ड कप क्वालिफायर पर है, जो 26 सितंबर 2025 से 4 अक्टूबर 2025 तक जिम्बाब्वे में खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट में अफ्रीका के 7 प्रमुख देश अपनी क्रिकेट ताकत दिखाएंगे, जिनमें बोत्सवाना, केन्या, मलावी, नामीबिया, नाइजीरिया, तंजानिया और उगांडा शामिल हैं। यह एक महत्वपूर्ण अवसर होगा, जहां इन टीमों को अपनी बेहतरीन क्रिकेट का प्रदर्शन करना होगा। जो भी टीम फाइनल तक पहुंचेगी, उसे सीधे 2026 के टी20 वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई करने का मौका मिलेगा। हालांकि, अभी तक किसी भी टीम ने अपनी आधिकारिक स्क्वाड की घोषणा नहीं की है, और ऐसा हो सकता है कि इस रिपोर्ट में जिन खिलाड़ियों के नाम दिए गए हैं, वे सभी अंतिम स्क्वाड का हिस्सा न हों। किसी खिलाड़ी का नाम न आने का एक कारण यह भी हो सकता है कि वह खिलाड़ी घायल हो या फिर किसी अन्य कारण से स्क्वाड में नहीं शामिल किया गया हो। इसीलिए, जब सभी टीमों द्वारा अपने अंतिम स्क्वाड की घोषणा की जाएगी, तब ही हमें सही जानकारी मिल सकेगी कि कौन से खिलाड़ी टूर्नामेंट का हिस्सा होंगे। इस टूर्नामेंट में केन्या, जिम्बाब्वे, उगांडा और नामीबिया के पास सबसे ज्यादा मौके हैं, और इनमें से किसी एक टीम का 2026 टी20 वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई करना तय लग रहा है। इन चारों टीमों के पास कुछ शानदार और अनुभव से भरे खिलाड़ी हैं, जो टूर्नामेंट में बड़ा उलटफेर कर सकते हैं। लेकिन फिलहाल, यह केवल एक अनुमान है। जब सभी टीमों द्वारा अपने स्क्वाड की घोषणा की जाएगी, तब हमें यह स्पष्ट हो सकेगा कि कौन सी टीम इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा मजबूत साबित हो रही है।

### केन्या: Pushkar Sharma, Rakep Patel और Vraj Patel का अहम रोल

केन्या की टीम में कुछ ऐसे खिलाड़ी हैं जिनका इस टूर्नामेंट में अहम योगदान रहेगा। Pushkar Sharma, जो एक बेहतरीन बल्लेबाज और ऑलराउंडर हैं, उनके ऊपर काफी उम्मीदें होंगी। इसके अलावा, Rakep Patel और Vraj Patel जैसे अनुभवी खिलाड़ी टीम के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं। Rakep Patel अपने शानदार बल्लेबाजी कौशल के लिए जाने जाते हैं, जबकि Vraj Patel को स्पिन गेंदबाजी में अपनी ताकत दिखाने का मौका मिलेगा। हालांकि, इन खिलाड़ियों का अंतिम स्क्वाड में चयन तब ही पुष्टि हो सकेगा जब टीम द्वारा स्क्वाड की आधिकारिक घोषणा की जाएगी।

### जिम्बाब्वे: Sikandar Raza, Ryan Burl और Muzarabani की ग़ातक गेंदबाजी

जिम्बाब्वे की टीम भी इस टूर्नामेंट में एक मजबूत दावेदार है। Sikandar Raza और Ryan Burl जैसे अनुभवी बल्लेबाजों के पास मैच को पलटने की क्षमता है। वहीं, Muzarabani जैसे ग़ातक गेंदबाज इस टूर्नामेंट में विपक्षी टीमों के लिए परेशानी खड़ी कर सकते हैं। लेकिन जैसा कि कहा गया है, यदि ये खिलाड़ी चोटिल हो जाते हैं या किसी अन्य कारण से टीम में शामिल नहीं होते, तो उनके स्थान पर नए खिलाड़ी स्क्वाड में शामिल हो सकते हैं।

### युगांडा: Alpesh Ramjani, Dinesh Nakrani और Riazat Ali Shah का योगदान

उगांडा की टीम में भी कुछ शानदार खिलाड़ी हैं, जो टीम को शीर्ष 2 में पहुंचने में मदद कर सकते हैं। Alpesh Ramjani, Dinesh Nakrani और Riazat Ali Shah जैसे खिलाड़ियों की मौजूदगी उगांडा को एक मजबूत चुनौती बनाती है। इन तीनों का प्रदर्शन इस टूर्नामेंट में निर्णायक साबित हो सकता है।

### नामीबिया: Gerhard Erasmus, Bernard Scholt5 और Jan Nicol Loftie का असर

नामीबिया की टीम में भी कुछ शानदार खिलाड़ी हैं जिनका प्रदर्शन टूर्नामेंट में महत्वपूर्ण होगा। Gerhard Erasmus, Bernard Scholt5 और Jan Nicol Loftie जैसे अनुभवी खिलाड़ी नामीबिया की टीम की ताकत बढ़ा सकते हैं। इन खिलाड़ियों के पास मैच जीतने की क्षमता है, और अगर ये फॉर्म में रहे, तो नामीबिया की टीम फाइनल तक पहुंचने की पूरी संभावना रखती है। हालांकि, जैसा कि ऊपर कहा गया, इन खिलाड़ियों के नाम की पुष्टि केवल स्क्वाड की घोषणा के बाद ही हो सकेगी।

# फडणवीस सरकार ने ओबीसी मुद्दे पर बनाई छह सदस्यीय कैबिनेट उपसमिति

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई



महाराष्ट्र सरकार ने मराठा आरक्षण विवाद को लेकर बड़ा कदम उठाते हुए ओबीसी अन्य पिछड़ा वर्ग समुदाय के मुद्दों पर चर्चा के लिए छह सदस्यीय कैबिनेट उपसमिति बनाने का फैसला किया है। इसमें तीनों सत्तारूढ़ दलों से दो-दो मंत्री शामिल होंगे। बता दें कि मराठा आरक्षण आंदोलन के नेता मनोज जरांगे की मांग थी कि सभी मराठाओं को कुनबी जाति में शामिल किया जाए। कुनबी जाति ओबीसी वर्ग में आती है, जिससे मराठा समुदाय को सरकारी नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण का लाभ मिल सकेगा।

### हैदराबाद गजेटियर के आधार पर लागू होगा फैसला

राज्य सरकार ने गांव स्तर पर समितियां बनाने और पुराने दस्तावेजों की जांच कर मराठा समुदाय के उन सदस्यों को कुनबी जाति प्रमाणपत्र देने का निर्णय लिया है, जिनके पास ऐतिहासिक प्रमाण मौजूद हैं। यह निर्णय हैदराबाद गजेटियर के आधार पर लागू होगा। उपसमिति के प्रमुख राधाकृष्ण विखे पाटिल ने जरांगे का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार मराठा समाज की न्यायसंगत मांगों को पूरा करने के लिए सकारात्मक कदम उठा रही है। इस बीच, ओबीसी नेता और मंत्री छगन भुजबल, जो मराठाओं को ओबीसी आरक्षण देने का विरोध कर रहे हैं, बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में शामिल नहीं हुए। उन्होंने साफ कहा- मैं कैबिनेट बैठक में नहीं गया।% इससे पहले छगन भुजबल ने सोमवार को चेतावनी दी थी कि अगर मराठाओं को ओबीसी कोटे में शामिल कर मौजूदा ओबीसी आरक्षण से छेड़छाड़ की गई तो ओबीसी समुदाय के लोग बड़े पैमाने पर आंदोलन करेंगे।

### सरकार ने किसी साथ अन्याय नहीं किया: शिंदे

इस बीच, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भुजबल से बात करेंगे और उन्हें तथ्य समझाएंगे। उन्होंने कहा कि तथ्य जानने के बाद भुजबल शांत हो जाएंगे। एकनाथ शिंदे ने आगे कहा, सरकार की तरफ से लिया गया निर्णय कानून के अनुसार है। इस निर्णय में किसी अन्य समुदाय के साथ कोई अन्याय नहीं किया गया है।

# सीएए के तहत अब तक केवल तीन को मिली नागरिकता, सीएम हिमंत बिस्वा ने दी जानकारी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। गुवाहाटी

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बुधवार को खुलासा किया कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए), 2019 के तहत अब तक राज्य में सिर्फ तीन विदेशियों को ही भारतीय नागरिकता दी गई है। यह बयान उस पृष्ठभूमि में आया है जब लंबे समय से यह अटकलें और आशंकाएं लगाई जा रही थीं कि लाखों विदेशी असम में सीएए के जरिए नागरिकता हासिल करेंगे। सरमा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि अब तक केवल तीन लोगों को असम में सीएए के तहत नागरिकता मिली है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार को कुल 12 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से तीन को मंजूरी मिल चुकी है, जबकि नौ अभी विचाराधीन हैं। सीएम ने कहा, बहुत शोर मचाया गया कि 20-25 लाख लोग असम में नागरिकता पाएंगे। अब आप ही तय करें कि जब केवल 12 आवेदन आए हैं तो इस पर चर्चा करना कितना प्रासंगिक है। असम में सीएए के पहले लाभार्थी बने 50 वर्षीय दुलोन दास, जिन्हें अगस्त 2024 में भारतीय नागरिकता मिली। वे राज्य में इस कानून के तहत नागरिकता पाने वाले पहले व्यक्ति बने।



### क्या है सीएए

नागरिकता संशोधन अधिनियम का उद्देश्य हिंदू, सिख, जैन, ईसाई, बौद्ध और पारसी समुदाय के उन शरणार्थियों को नागरिकता देना है, जो धार्मिक उत्पीड़न के कारण बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से भारत आए हों और 31 दिसंबर 2014 से पहले यहां प्रवेश कर चुके हों। साथ ही, उन्हें भारत में कम से कम पाँच वर्ष का निवास पूरा करना अनिवार्य है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध निदेशक- इन्द्र बहादुर सिंह, प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)